3 राजधानी
सरकारी अस्पतालों में मुफ्त होंगे 450 टेस्ट

6 अभिमत
इस्लामाबाद का खतरनाक खेल

10 विदेश
न्यूजीलैंड में युवाओं के सिगरेट खरीदने पर आजीवन प्रतिबंध

12 स्पोर्ट्स
तनुश्री व ओम को मिश्रित युगल खिताब

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 42
नई दिल्ली, बुधवार, 14 दिसंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



भारत सौम्य ताकत के तौर पर उभरा है: किरेन रीजीजू
राष्ट्रीय-11

www.dailypioneer.com

# हमारे बहादुर जवानों ने चीनियों को खदेड़ा: राजनाथ

## अरुणाचल प्रदेश के यांग्त्से इलाके में पीएलए से भारतीय सैनिकों की झड़प पर रक्षा मंत्री का संसद में बयान

- झड़प में किसी भी सैनिक की मृत्यु नहीं और न ही कोई गंभीर रूप से घायल हुआ
- भारत ने चीनी पक्ष के साथ कूटनीतिक स्तर पर भी यह मुद्दा उठाया
- बयान पर स्पष्टीकरण की अनुमति न मिलने के बाद कांग्रेस का रास से वाकआउट, कुछ विपक्षी दलों ने लोस से भी बर्हिगमन किया



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने मंगलवार को संसद को बताया कि चीन के सैनिकों ने नौ दिसंबर को तवांग सेक्टर में यांग्त्से क्षेत्र में यथास्थिति बदलने का एकतरफा प्रयास किया जिसका भारत के जवानों ने बहादुरी और दृढ़ता से जवाब दिया तथा उन्हें लौटने के लिए मजबूर किया।

रक्षा मंत्री ने बताया कि इस झड़प में किसी भी सैनिक की मृत्यु नहीं हुई है और न ही कोई गंभीर रूप से घायल हुआ है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को चीनी पक्ष के साथ कूटनीतिक स्तर पर भी उठाया गया है और इस तरह की कार्रवाई के लिए मना किया गया है। अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़प के मुद्दे पर पहले लोकसभा एवं बाद में राज्यसभा में दिए बयान में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह बात कही। राज्यसभा में कांग्रेस एवं विपक्ष के कई सदस्य रक्षा मंत्री के बयान के बाद स्पष्टीकरण की मांग कर रहे थे। लेकिन आसन से अनुमति नहीं मिलने के बाद उन्होंने सदन से वाकआउट किया। इसी बात को लेकर लोकसभा में भी कुछ विपक्षी दलों के सदस्यों ने सदन से बर्हिगमन किया।

सिंह ने अपने बयान में कहा, नौ दिसंबर 2022 को चीनी सैनिकों ने तवांग सेक्टर के यांग्त्से क्षेत्र में वास्तवित नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर अतिक्रमण कर यथास्थिति को एकतरफा तरीके से बदलने का प्रयास किया। चीन के इस प्रयास का हमारी सेना ने दृढ़ता के साथ सामना किया। उन्होंने कहा, इस झड़प में हाथापाई हुई, भारतीय सेना ने बहादुरी से चीनी सैनिकों को हमारे क्षेत्र में अतिक्रमण करने से रोका और उन्हें उनकी चौकी पर वापस जाने के लिए मजबूर कर दिया। सिंह ने कहा कि इस झड़प में दोनों ओर के कुछ सैनिकों को चोट आईं। उन्होंने कहा, मैं इस सदन को यह बताना चाहता हूँ, कि हमारे किसी भी सैनिक की मृत्यु नहीं हुई है, और न ही कोई गंभीर रूप से घायल हुआ है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय सैन्य कमांडरों के समय पर हस्तक्षेप करने के कारण चीनी सैनिक अपने स्थान पर वापस चले गए। उन्होंने कहा कि इस घटना के पश्चात क्षेत्र के स्थानीय कमांडर ने 11 दिसंबर 2022 को अपने चीनी समकक्ष के साथ स्थापित व्यवस्था के तहत एक फ्लैग मीटिंग की और इस घटना पर चर्चा की। सिंह ने कहा कि चीनी पक्ष को इस तरह की कार्रवाई के लिए मना किया गया है और सीमा पर शांति बनाए रखने के लिए कहा गया है। रक्षा मंत्री ने कहा, इस मुद्दे को चीनी पक्ष के साथ कूटनीतिक स्तर (शेष पेज 8)

## झड़प के बाद मोर्चे पर भारत के लड़ाकू विमान

- अरुणाचल में एलएसी के पास स्थिति पर करीबी नजर रख रही वायुसेना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अरुणाचल** प्रदेश के तवांग सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास चीन की हवाई गतिविधियां बढ़ने पर भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने भी पिछले हफ्ते इलाके में उड़ान भरी थी। मामले के बारे में जानकारी रखने वाले लोगों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में चीन द्वारा ड्रोन सहित कुछ विमानों की तैनाती नौ दिसंबर को तवांग सेक्टर के यांग्त्से क्षेत्र में यथास्थिति को एकतरफा बदलने के चीनी प्रयासों से पहले हुई थी। सूत्रों ने कहा कि कई चीनी ड्रोन ने एलएसी के करीब उड़ान भरी, जिसके बाद भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने उड़ान भरी और समग्र युद्धक तैयारी बढ़ा (शेष पेज 8)

## मोदी सरकार में देश की सीमाएं सुरक्षित: शाह

- कहा-कांग्रेस ने आरजीएफ के एफसीआरए पंजीकरण को रद्द करने संबंधी प्रश्नों से बचने के लिए सीमा मुद्दे को उठाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि जब तक देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार है तब तक कोई एक इंच भी जमीन पर कब्जा नहीं कर सकता।

अरुणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच झड़प की पृष्ठभूमि में उन्होंने यह बात कही। संसद में विपक्ष ने इस मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग की। शाह ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस ने राजीव गांधी फाउंडेशन के एफसीआरए (विदेशी अनुदान नियमन कानून) पंजीकरण को रद्द करने संबंधी (शेष पेज 8)

## भारत से लगती सीमा पर स्थिति स्थिर: चीन

- तवांग में हुई झड़प के बाद बीजिंग की पहली प्रतिक्रिया

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/बीजिंग

**चीन** ने अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में हुई झड़प के कुछ दिन बाद मंगलवार को कहा कि भारत से लगती सीमा पर स्थिति सामान्यत: स्थिर है। चीन-भारत सीमा पर स्थिति के संबंध में चीनी विदेश मंत्रालय की टिप्पणी के कुछ घंटों बाद, चीन की सेना पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की पश्चिमी थिएटर कमान के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल लोंग शाओहुआ ने एक बयान जारी कर दावा किया कि नौ दिसंबर को झड़प उस वक्त हुई, जब वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन की तरफ नियमित गश्त कर रहे चीनी सैनिकों को भारतीय सैनिकों ने रोक दिया।

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने यहां एक पत्रकार वार्ता में कहा कि दोनों पक्षों ने राजनयिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से सीमा संबंधी मुद्दों पर सुचारू सपंर्क बनाए रखा है। हालांकि, वांग ने यांग्त्से क्षेत्र में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच नौ दिसंबर को हुए संघर्ष का विवरण देने से इनकार किया। इस घटना के बारे में (शेष पेज 8)

## तेजस्वी के नेतृत्व में लड़ेंगे 2025 का चुनाव: नीतीश

- बिहार के मुख्यमंत्री ने अपने युवा नायब को महागठबंधन का नेतृत्व सौंपने का दिया संकेत



**पायनियर समाचार सेवा।** पटना

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को एक बार फिर इस बात का संकेत दिया कि वह प्रदेश की कमान राजद के युवा नेता तथा राज्य के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को सौंप सकते हैं। सत्तारूढ़ महागठबंधन के विधायकों की हुई बैठक से निकले नेताओं ने इस बारे में जानकारी दी।

जनता दल (यू) प्रमुख ने एक बार फिर इस बात से इंकार किया कि वह अगले लोकसभा चुनावों के लिए प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार हैं। हालंकि, उन्होंने कहा कि एकजुट विपक्ष 2024 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी को हरा सकता है। सरकार को बाहर से समर्थन दे रहे भाकपा (माले) लिबरेशन के विधायक दल के नेता महबूब आलम ने कहा, मुख्यमंत्री ने तेजस्वी जी की ओर इशारा करते हुए कहा कि वह भविष्य के नेता हैं, जिनके नेतृत्व में 2025 का विधानसभा चुनाव लड़ा जाएगा।

उन्होंने यह भी कहा, हमारा विचार है कि इससे महागठबंधन को लाभ होगा, जो भाजपा के प्रतिनिधित्व वाली सांप्रदायिक ताकतों से लड़ रहा है। तेजस्वी जी एक युवा और ऊर्जावान नेता हैं। राजद के संस्थापक अध्यक्ष लालू प्रसाद के छोटे बेटे तेजस्वी ने 2020 के विधानसभा चुनावों में महागठबंधन का नेतृत्व किया था, (शेष पेज 8)

## उड़ान से साढ़े तीन घंटे पूर्व पहुंचना होगा एयरपोर्ट पर

- आईजीआई पर अव्यवस्था से निपटने को एयरलाइंस ने जारी किए दिशा-निर्देश
- यात्रियों को केवल सात किलो वजन वाला एक बैग लेकर चलने की अनुमति

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली




इंदिरागांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर लगी यात्रियों की भारी भीड़

**इंदिरा** गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर अराजकता, भीड़भाड़, अव्यवस्था और फ्लाइट लेट होने की शिकायतों के बीच तमाम एयरलाइंस ने घरेलू उड़ानें पकड़ने वाले यात्रियों को प्रस्तान से कम से कम साढ़े तीन घंटे पहले हवाई अड्डे पर पहुंचने की सलाह दी है। मसलन, यदि किसी व्यक्ति को दिल्ली से चेन्नई जाना है और उसकी उड़ान का समय दोपहर 12.10 बजे है, तो उसे हवाई अड्डे पर सुबह 8.40 बजे रिपोर्ट करना होगा। सुरक्षा जांच में आने वाली दिक्कतों से बचने के लिए यात्री को केवल 7 किलोग्राम वजन ही साथ लेकर चलने की अनुमति होगी।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने मंगलवार को सभी एयरलाइनों को चेक-इन और बैगेज ड्रॉप काउंटरों पर पर्याप्त संख्या में कर्मचारी तैनात करने का निर्देश दिया है। देश के कुछ एयरपोर्ट पर कम कर्मचारी होने की वजह से अव्यवस्था की शिकायतें आ रही हैं। इस बीच, परिवहन, पर्यटन और संस्कृति मामलों पर संसदीय स्थायी समिति 15 दिसंबर को एयरपोर्ट संचालन एजेंसी डायल के सीईओ के साथ दिल्ली हवाई अड्डे पर भीड़भाड़ (शेष पेज 8)

## सीमा की स्थिति पर पीएम दें संसद में बयान: कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारत और चीन के सैनिकों की झड़प को लेकर मंगलवार को सरकार पर गुमराह करने का आरोप लगाया और कहा कि इस मामले में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का संसद में दी गई सफाई अपर्याप्त है। मुख्य विपक्षी दल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीमा के हालात पर संसद में बयान देने की मांग की। मुख्य विपक्षी दल ने यह सवाल भी किया कि चीन की आक्रामकता से निपटने के लिए सरकार के पास क्या कूटनीतिक रणनीति है? कांग्रेस ने इस विषय को मंगलवार को संसद के दोनों सदनों में उठाया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बयान के बाद स्पष्टीकरण और चर्चा की मांग करते हुए राज्यसभा से पार्टी के सदस्यों ने वाकआउट भी किया। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा कि हम लगातार चीन के मुद्दे को सदन में उठाते रहे हैं। आज भी हम चर्चा करना चाहते (शेष पेज 8)

## मोदी की हत्या करने संबंधी बयान देने वाला कांग्रेस नेता गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** पन्ना, दमोह, भोपाल

**मध्य** प्रदेश में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्य के पूर्व मंत्री राजा पटेरिया को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ उनकी विवादास्पद टिप्पणी के लिए मंगलवार सुबह दमोह जिले के हटा स्थित उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस पटेरिया को गिरफ्तार कर हटा से पन्ना जिले के पवई ले गई और वहां उन्हें अदालत में पेश किया गया, जिसने उनकी जमानत अर्जी खारिज कर उन्हें 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

इसी बीच, प्रदेश कांग्रेस ने पटेरिया की टिप्पणी को बेहद आपत्तिजनक बताते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है और तीन दिन में उनसे जवाब मांगा है। पटेरिया ने रविवार को विवादास्पद टिप्पणी करते हुए कथित तौर पर लोगों से संविधान और अल्पसंख्यकों, दलितों एवं आदिवासियों का भविष्य बचाने की खातिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हत्या करने के लिए तत्पर रहने को कहा था। इस बाबत मध्यप्रदेश पुलिस ने पन्ना जिले के पवई थाने में सोमवार को उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 451, 504, 505 (1-बी), 505 (1-सी), 506, 153-बी (1सी), 115 एवं 117 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पटेरिया के वकील गोविंद नारायण सिंह बुंदेला ने कहा, इस मामले में पटेरिया की जमानत का आवेदन पवई में प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी (जेएमएफसी) आर एस बघेल की अदालत में पेश किया गया।

जमानत पर आपत्ति भी प्रस्तुत की गई। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने उनके जमानत आवेदन को निरस्त कर दिया है। इसके बाद उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में 26 दिसंबर तक जेल भेज दिया गया है। बुंदेला ने कहा, अब हम अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत में जमानत के लिए आवेदन करेंगे और यदि वहां भी उनके जमानत आवेदन को निरस्त किया जाता है, तो हम उच्च न्यायालय जाएंगे। जेल (शेष पेज 8)

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 62,533 | ↑ 402 |
| निफ्टी | 18,608 | ↑ 110 |
| सोना | 54,534 | ↓ 08 /10g |
| चांदी | 68,267 | ↑ 82 /kg |

### क्विक न्यूज

**न्यायमूर्ति बेला त्रिवेदी बिल्कीस बानो की अर्जी की सुनवाई से अलग हुईं**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय की न्यायाधीश बेला एम. त्रिवेदी ने बिल्कीस बानो द्वारा दायर उस याचिका की सुनवाई करने से मंगलवार को खुद को अलग कर लिया, जिसमें उसके सामूहिक बलात्कार मामले के 11 दोषियों की सजा माफ करने के गुजरात सरकार के फैसले को चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ जैसे ही मंगलवार की कार्यवाही के लिए बैठी, न्यायमूर्ति रस्तोगी ने कहा कि उनकी सहकर्मी न्यायाधीश मामले की सुनवाई नहीं करना चाहेंगी। न्यायमूर्ति रस्तोगी की अगुवाई वाली पीठ ने आदेश दिया, यह मामला एकऐसी पीठ केसमक्ष रखा जाए, जिसमें हममें से एक न्यायाधीश शामिल नहीं हो। हालांकि, पीठ ने न्यायमूर्ति बेला त्रिवेदी के सुनवाई से खुद को अलग करने के पीछे किसी कारण का उल्लेख नहीं किया।

## उप्र में नगर निकाय चुनाव की अधिसूचना पर रोक, आज सुनवाई

- हाईकोर्ट ने कहा, ओबीसी आरक्षण लागू करने की प्रक्रिया एक संवैधानिक व्यवस्था

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**सूबे** में नगर निकाय चुनावों की अधिसूचना पर लगी रोक हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने बुधवार तक के लिए बढ़ा दी है। मंगलवार को इस मामले की सुनवाई के दौरान पीठ का कहना था कि सरकार को यह समझना होगा कि ओबीसी आरक्षण लागू करने की प्रक्रिया एक संवैधानिक व्यवस्था है।

पीठ ने इस टिप्पणी के साथ मामले की सुनवाई 13 दिसंबर के लिए नियत कर दी। जस्टिस देवेन्द्र कुमार उपाध्याय एवं जस्टिस सौरभ श्रीवास्तव की पीठ के समक्ष राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता विनोद कुमार शाही व अपर मुख्य स्थाई अधिवक्ता अमिताभ राय पेश हुए। कहा कि पांच दिसंबर 2022 को जारी ड्राफ्ट नोटिफिकेशन में इस बात का पूरा ख्याल रखा गया है कि सीटों का आरक्षण 50 प्रतिशत से अधिक न हो। पीठ ने इस पर सुप्रीम कोर्ट का संबधित निर्णय व संविधान का अनुच्छेद 16 (4) पढ़ने को कहा।

यह भी कहा कि न सिर्फ सुप्रीम कोर्ट का निर्णय बल्कि संविधान की भी यही व्यवस्था है कि ओबीसी आरक्षण जारी करने से पहले पिछड़ेपन का अध्ययन किया जाए और अध्ययन का अर्थ रैपिड सर्वे नहीं होना चाहिए। बता दें कि पीठ के समक्ष वैभव पांडेय ने एक जनहित याचिका दाखिल कर आरक्षण का यह मसला उठाया है। इस याचिका में सुप्रीम कोर्ट (शेष पेज 8)

## शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों नियुक्ति के लिए पांच नामों की सिफारिश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधान** न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अगुवाई वाले उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने मंगलवार को शीर्ष अदालत के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए केंद्र को उच्च न्यायालय के पांच न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश की। इनमें राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पंकज मिथल और पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजय करोल का नाम शामिल है। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई सिफारिश के मुताबिक, कॉलेजियम ने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिए मणिपुर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पी.वी. संजय कुमार के नाम की भी सिफारिश की है। इसके मुताबिक, कॉलेजियम ने पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अहसानुद्दीन (शेष पेज 8)

## सभी सब-रजिस्ट्रार कार्यालयों की कमान महिलाओं को

- सभी 22 कार्यालयों में जमीन की रजिस्ट्री से लेकर विवाह पंजीकरण तक सारे काम संभालेंगी महिला अधिकारी

**संजय राय।** नई दिल्ली




**राजधानी** की आप सरकार के सभी राजस्व कार्यालयों की कमान अब महिलाएं संभालेंगी। इस संबंध में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने निर्देश जारी कर दिए हैं। इसी के साथ 22 राजस्व कार्यालयों में जमीन की रजिस्ट्री से लेकर विवाह पंजीकरण तक सारे काम महिला अफसरों की देखरेख में ही होंगे।

छह कार्यालयों में महिला अफसर तैनात कर दी गई हैं, शेष 16 में जल्द तैनाती करने को कहा गया है। महिला अधिकारियों को नियुक्ति करने का मकसद उनका अधिक संवेदनशील होने के साथ-साथ भ्रष्टाचार मुक्त और सहानुभूतिपूर्ण सार्वजनकि व्यवहार सुनिश्चित करना, लालफीताशाही से छुटकारा दिलाकर लोगों की परेशानी कम करना है। इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। उपराज्यपाल ने केजरीवाल सरकार के मुख्य सचिव को उपनिबंधक कार्यालयों में 16 महिला सब रजिस्ट्रार को शीघ्र तैनात करने के निर्देश दिए हैं।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के पदभार संभालने के बाद से ही राजस्व विभाग में बतौर सब-रजिस्ट्रार महिला अधिकारियों की नियुक्ति करने पर जोर दिया जा रहा है। इससे पहले मुख्य सचिव के आदेशों के बाद 6 महिला सब-रजिस्ट्रार नियुक्त की गई थीं। अब इनकी संख्या 22 की जाएगी। इसका मतलब संपत्ति से लेकर विवाह पंजीकरण तक दिल्ली में अब केवल महिला उप (शेष पेज 8)

AXIS BANK

## स्वर्ण आभूषणों के रूप में बंधक आस्तियों की ई–नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना

कर्जदारों को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि एक्सिस बैंक द्वारा नीचे वर्णित खातों में बंधक स्वर्ण आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी नीचे वर्णित शाखाओं में की जानी प्रस्तावित है।
नीचे वर्णित कर्जदारों ने बैंक के पक्ष में स्वर्ण आभूषण बतौर प्रतिभूति बंधक रखकर एक्सिस बैंक से क्रेडिट सुविधा ("स्वर्ण ऋण सुविधा") प्राप्त की है। कर्जदारों/गारंटरों को मांग सूचनाएं जारी की गई थीं, जिनमें कर्जदारों/गारंटरों से उनके द्वारा प्राप्त की गई स्वर्ण ऋण सुविधा के संबंध में बकाया राशि चुकाने की मांग की गई थी। जबकि कर्जदार/गारंटर बकाया ऋण राशि चुकाने में असफल रहे हैं, बैंक बंधक का आह्वान करने हेतु बाध्य है तथा बंधक स्वर्ण आभूषणों, जिनका अधिक विशिष्ट वर्णन यहां नीचे सम्पत्ति की अनुसूची में किया गया है, की ई–नीलामी दिनांक 23–12–2022 को अप. 12.30 बजे से अप. 3.30 बजे तक "जैसा है जहां है", जो है जैसा है", जो है वहां है" और "कोई उपाय नहीं आधार" पर संचालित की जानी प्रस्तावित है।

कर्जदारों और बकाया राशि का विस्तृत विवरण

| क्र. सं. | शाखा का नाम | ग्राहक का नाम | ऋण खाता संख्या | बकाया राशि | प्रत्याह्वान की तिथि | सकल भार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | मुस्कान गुप्ता | XXXXXXXXXXX0332 | ₹ 487,541.00 | 3-SEP-22 | 209.80 |
| 2 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | करण मदानी | XXXXXXXXXXX9965 | ₹ 456,983.00 | 18-JUL-22 | 152.80 |
| 3 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | आरती | XXXXXXXXXXX9011 | ₹ 422,842.00 | 22-JUL-22 | 137.70 |
| 4 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | कुमैल अब्बास | XXXXXXXXXXX8833 | ₹ 222,654.00 | 24-MAR-22 | 81.10 |
| 5 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | मोहित कुमार | XXXXXXXXXXX3582 | ₹ 219,146.00 | 5-SEP-22 | 95.60 |
| 6 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | ममता | XXXXXXXXXXX2961 | ₹ 441,256.00 | 3-SEP-22 | 184.90 |
| 7 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | पृथ्वी सिंह चौहान | XXXXXXXXXXX1180 | ₹ 329,329.00 | 3-DEC-21 | 110.10 |
| 8 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | उमेश सिंह | XXXXXXXXXXX9003 | ₹ 255,603.00 | 28-FEB-22 | 201.20 |
| 9 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | धनराज खन्ना | XXXXXXXXXXX5842 | ₹ 204,723.00 | 6-JUN-22 | 74.00 |
| 10 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | वसी अहमद | XXXXXXXXXXX3648 | ₹ 69,933.00 | 18-JUN-22 | 23.80 |
| 11 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | संजय चौधरी | XXXXXXXXXXX4679 | ₹ 57,872.00 | 28-JUL-22 | 22.40 |
| 12 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | सन्नी दयाल | XXXXXXXXXXX3043 | ₹ 52,772.00 | 26-JUL-22 | 28.80 |
| 13 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | अमित जैन | XXXXXXXXXXX4197 | ₹ 49,148.00 | 17-MAY-22 | 14.80 |
| 14 | अशोक विहार, नई दिल्ली (डीएल) | नीरज कुमार | XXXXXXXXXXX9946 | ₹ 40,357.00 | 24-MAR-22 | 16.30 |
| 15 | बाली नगर, नई दिल्ली (डीएल) | आशीष कुमार मिश्रा | XXXXXXXXXXX5363 | ₹ 195,981.00 | 5-FEB-22 | 71.00 |
| 16 | बाली नगर, नई दिल्ली (डीएल) | रणवीर कुमार | XXXXXXXXXXX3835 | ₹ 78,376.00 | 3-SEP-22 | 36.70 |
| 17 | दरियागंज, दिल्ली (डीएल) | कविता गुप्ता | XXXXXXXXXXX3441 | ₹ 303,253.00 | 3-SEP-22 | 117.20 |
| 18 | दरियागंज, दिल्ली (डीएल) | सुनीता | XXXXXXXXXXX4829 | ₹ 296,602.00 | 22-JUN-22 | 121.00 |
| 19 | दरियागंज, दिल्ली (डीएल) | नवाजिश अहमद | XXXXXXXXXXX5926 | ₹ 78,461.00 | 26-JUL-22 | 25.40 |
| 20 | दरियागंज, दिल्ली (डीएल) | अनामिका देवी | XXXXXXXXXXX8288 | ₹ 36,795.00 | 18-JUN-22 | 13.70 |
| 21 | द्वारका, दिल्ली (डीएल) | अरविंद कुमार पांडे | XXXXXXXXXXX9300 | ₹ 163,693.00 | 3-SEP-22 | 57.60 |
| 22 | फरीदाबाद (एचआर) | तिलक राज | XXXXXXXXXXX9125 | ₹ 273,068.00 | 11-AUG-22 | 126.50 |
| 23 | फरीदाबाद (एचआर) | राहुल | XXXXXXXXXXX8068 | ₹ 233,385.00 | 30-APR-21 | 88.00 |
| 24 | फरीदाबाद (एचआर) | अमरजीत सिंह | XXXXXXXXXXX7341 | ₹ 100,236.00 | 18-JUN-22 | 32.10 |
| 25 | फरीदाबाद (एचआर) | रीना | XXXXXXXXXXX2234 | ₹ 96,304.00 | 24-MAR-22 | 33.00 |
| 26 | फरीदाबाद (एचआर) | कंचन कुमारी | XXXXXXXXXXX9321 | ₹ 94,507.00 | 18-JUL-22 | 33.10 |
| 27 | फरीदाबाद (एचआर) | परमानंद सिंह | XXXXXXXXXXX6771 | ₹ 103,440.00 | 18-JUN-22 | 35.00 |
| 28 | फरीदाबाद (एचआर) | गौरव | XXXXXXXXXXX3237 | ₹ 56,800.00 | 17-MAY-22 | 18.50 |
| 29 | फरीदाबाद (एचआर) | अशोक कुमार | XXXXXXXXXXX3152 | ₹ 49,245.00 | 22-JUN-21 | 15.80 |
| 30 | गाजियाबाद (यूपी) | मोहम्मद शाहिद | XXXXXXXXXXX9929 | ₹ 202,614.00 | 7-JAN-22 | 67.30 |
| 31 | गाजियाबाद (यूपी) | हकीकत अली | XXXXXXXXXXX9608 | ₹ 62,809.00 | 28-FEB-22 | 20.80 |
| 32 | ज्योति नगर डीईएल डीएल | सुनील सिंह | XXXXXXXXXXX5778 | ₹ 193,274.00 | 3-SEP-22 | 65.60 |
| 33 | ज्योति नगर डीईएल डीएल | मोहित | XXXXXXXXXXX7592 | ₹ 128,349.00 | 18-JUN-22 | 54.90 |
| 34 | ज्योति नगर डीईएल डीएल | मोहित | XXXXXXXXXXX7494 | ₹ 54,839.00 | 18-JUN-22 | 19.20 |
| 35 | काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | अगम्य झा | XXXXXXXXXXX1894 | ₹ 559,537.00 | 13-APR-22 | 208.90 |
| 36 | काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | जफर | XXXXXXXXXXX8338 | ₹ 27,694.00 | 17-MAY-22 | 10.40 |
| 37 | किशनगंज ओडी डीएल | नदीम | XXXXXXXXXXX4900 | ₹ 525,388.00 | 28-JUL-22 | 180.00 |
| 38 | किशनगंज ओडी डीएल | अजय कुमार शर्मा | XXXXXXXXXXX6135 | ₹ 113,847.00 | 28-JUL-22 | 33.40 |
| 39 | किशनगंज ओडी डीएल | अजीत कुमार | XXXXXXXXXXX4400 | ₹ 60,113.00 | 18-JUN-22 | 22.80 |
| 40 | किशनगंज ओडी डीएल | सतीश कुमार पांडे | XXXXXXXXXXX3598 | ₹ 27,638.00 | 18-JUL-22 | 10.50 |
| 41 | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | रामिन्दर कौर | XXXXXXXXXXX5786 | ₹ 990,803.00 | 11-AUG-22 | 334.50 |
| 42 | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | संजय कुमार तेवतिया | XXXXXXXXXXX2401 | ₹ 380,723.00 | 22-JUL-22 | 126.60 |
| 43 | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | लक्ष्मी नारायण | XXXXXXXXXXX5382 | ₹ 118,228.00 | 3-SEP-22 | 41.80 |
| 44 | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | रागिनी सिन्हा | XXXXXXXXXXX0746 | ₹ 90,281.00 | 13-SEP-22 | 30.80 |
| 45 | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | विजय चौधरी | XXXXXXXXXXX9433 | ₹ 65,367.00 | 7-JAN-22 | 20.10 |
| 46 | लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | अंकुश शर्मा | XXXXXXXXXXX7898 | ₹ 35,113.00 | 30-MAR-22 | 7.50 |
| 47 | मालवीय नगर, नई दिल्ली (डीएल) | अमित मोजा | XXXXXXXXXXX7726 | ₹ 41,326.00 | 18-JUN-22 | 14.20 |
| 48 | मालवीय नगर, नई दिल्ली (डीएल) | राकेश कुमार | XXXXXXXXXXX0972 | ₹ 65,478.00 | 3-SEP-22 | 29.50 |
| 49 | मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल) | हितीश लाम्बा | XXXXXXXXXXX2310 | ₹ 1,615,660.00 | 26-JUL-22 | 610.30 |
| 50 | मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल) | अनिल कुमार लाम्बा | XXXXXXXXXXX7387 | ₹ 1,274,759.00 | 6-AUG-22 | 788.30 |
| 51 | मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल) | राजीव चौहान | XXXXXXXXXXX2876 | ₹ 455,090.00 | 18-JUN-22 | 163.40 |
| 52 | मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल) | मोनिका अग्रवाल | XXXXXXXXXXX0129 | ₹ 423,106.00 | 5-SEP-22 | 156.00 |
| 53 | मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल) | हितीश लाम्बा | XXXXXXXXXXX1856 | ₹ 395,259.00 | 22-JUL-22 | 123.40 |
| 54 | मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल) | देवानी राम | XXXXXXXXXXX9712 | ₹ 188,600.00 | 22-JUL-22 | 67.70 |
| 55 | मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल) | प्रियंका यादव | XXXXXXXXXXX5554 | ₹ 163,194.00 | 30-MAR-22 | 60.20 |
| 56 | मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल) | अजयवीर सिंह | XXXXXXXXXXX9853 | ₹ 67,894.00 | 17-MAY-22 | 27.60 |
| 57 | मीरा बाग, नई दिल्ली (डीएल) | बिलाल रियाज | XXXXXXXXXXX1682 | ₹ 399,278.00 | 22-JUL-22 | 149.50 |
| 58 | मीरा बाग, नई दिल्ली (डीएल) | अमित कुमार तिवारी | XXXXXXXXXXX7643 | ₹ 41,112.00 | 18-JUL-22 | 15.90 |
| 59 | नांगलोई डीईएल डीएल | आरती | XXXXXXXXXXX3220 | ₹ 239,803.00 | 22-JUL-22 | 76.20 |
| 60 | नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | गुलाब | XXXXXXXXXXX0039 | ₹ 907,536.00 | 6-JUN-22 | 390.50 |
| 61 | नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | अमिता शर्मा | XXXXXXXXXXX5398 | ₹ 108,754.00 | 24-MAR-22 | 41.90 |
| 62 | नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | राहुल सिंह | XXXXXXXXXXX4114 | ₹ 62,807.00 | 6-JUN-22 | 22.70 |
| 63 | नजफगढ़, नई दिल्ली (डीएल) | राहुल | XXXXXXXXXXX3685 | ₹ 84,748.00 | 17-MAY-22 | 36.20 |
| 64 | न्यू फ्रेंड्स कालोनी, नई दिल्ली | इब्राहीम खान | XXXXXXXXXXX6896 | ₹ 128,991.00 | 17-MAY-22 | 43.00 |
| 65 | न्यू फ्रेंड्स कालोनी, नई दिल्ली | सचिन गुप्ता | XXXXXXXXXXX6135 | ₹ 52,930.00 | 3-SEP-22 | 19.00 |
| 66 | न्यू फ्रेंड्स कालोनी, नई दिल्ली | शहनाज | XXXXXXXXXXX2723 | ₹ 37,398.00 | 26-JUL-22 | 13.90 |
| 67 | नोएडा (यूपी) | राजेश यादव | XXXXXXXXXXX3145 | ₹ 561,468.00 | 11-AUG-22 | 197.00 |
| 68 | नोएडा (यूपी) | किशोर कुणाल | XXXXXXXXXXX8216 | ₹ 335,299.00 | 22-JUN-22 | 108.80 |
| 69 | नोएडा (यूपी) | विकास नागर | XXXXXXXXXXX5534 | ₹ 253,892.00 | 11-AUG-22 | 107.70 |
| 70 | नोएडा (यूपी) | आदेश कुमार | XXXXXXXXXXX9822 | ₹ 171,802.00 | 11-AUG-22 | 58.10 |
| 71 | नोएडा (यूपी) | प्रदीप अवाना | XXXXXXXXXXX4021 | ₹ 289,357.00 | 18-JUL-22 | 93.50 |
| 72 | नोएडा (यूपी) | आकाश यादव | XXXXXXXXXXX8768 | ₹ 72,756.00 | 17-MAY-22 | 24.40 |
| 73 | नोएडा (यूपी) | अमित कुमार | XXXXXXXXXXX0984 | ₹ 47,664.00 | 12-SEP-22 | 16.40 |
| 74 | नोएडा (यूपी) | रजनीकांत कुमार | XXXXXXXXXXX0656 | ₹ 47,880.00 | 24-MAR-22 | 15.20 |
| 75 | पालम विहार, गुरूग्राम (एचआर) | पूजा बराला | XXXXXXXXXXX6441 | ₹ 307,967.00 | 22-JUL-22 | 98.00 |
| 76 | पालम विहार, गुरूग्राम (एचआर) | संजय संजय | XXXXXXXXXXX9947 | ₹ 34,093.00 | 3-SEP-22 | 9.80 |
| 77 | पालम दिल्ली (डीएल) | ज्ञान सिंह रावत | XXXXXXXXXXX7873 | ₹ 55,513.00 | 28-JUL-22 | 18.60 |
| 78 | पैराडाइज मॉल एस गुरूग्राम (एचआर) | हीरा लाल | XXXXXXXXXXX6863 | ₹ 195,529.00 | 3-SEP-22 | 64.89 |
| 79 | पैराडाइज मॉल एस गुरूग्राम (एचआर) | मनोरंजन संधिबिग्रह | XXXXXXXXXXX6371 | ₹ 120,980.00 | 22-JUL-22 | 40.22 |
| 80 | पैराडाइज मॉल एस गुरूग्राम (एचआर) | सुनीता | XXXXXXXXXXX9032 | ₹ 86,133.00 | 24-MAR-22 | 31.50 |
| 81 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | चंद्र प्रकाश पांडे | XXXXXXXXXXX0043 | ₹ 445,946.00 | 30-APR-21 | 145.70 |
| 82 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | अनिल कुमार मिश्रा | XXXXXXXXXXX6436 | ₹ 343,466.00 | 22-JUN-21 | 137.10 |
| 83 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | भूपिन्दर सिंह रंधावा | XXXXXXXXXXX5213 | ₹ 274,198.00 | 9-JUN-22 | 91.80 |
| 84 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | संदीप कुमार | XXXXXXXXXXX4134 | ₹ 267,511.00 | 3-SEP-22 | 81.40 |
| 85 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | भूपिन्दर सिंह रंधावा | XXXXXXXXXXX3453 | ₹ 236,392.00 | 9-JUN-22 | 81.50 |
| 86 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | ईश्वर चंद | XXXXXXXXXXX6325 | ₹ 220,250.00 | 24-MAR-22 | 83.90 |
| 87 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | प्रीति गर्ग | XXXXXXXXXXX3067 | ₹ 73,260.00 | 28-JUL-22 | 28.60 |
| 88 | रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | सुशील कुमार | XXXXXXXXXXX3764 | ₹ 97,501.00 | 18-JUL-22 | 33.70 |
| 89 | सेक्टर 10ए, गुरूग्राम (एचआर) | अंकित यादव | XXXXXXXXXXX2524 | ₹ 33,145.00 | 28-JUL-22 | 11.50 |
| 90 | सेक्टर 10ए, गुरूग्राम (एचआर) | आलम | XXXXXXXXXXX4797 | ₹ 124,051.00 | 28-JUL-22 | 45.50 |
| 91 | सेक्टर 10ए, गुरूग्राम (एचआर) | हरिओम मिश्रा | XXXXXXXXXXX4133 | ₹ 59,965.00 | 17-MAY-22 | 21.34 |
| 92 | सेक्टर 10ए, गुरूग्राम (एचआर) | उषा देवी | XXXXXXXXXXX2142 | ₹ 26,711.00 | 3-SEP-22 | 9.80 |
| 93 | सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | राजबीर | XXXXXXXXXXX4439 | ₹ 252,772.00 | 22-JUL-22 | 90.10 |
| 94 | सेक्टर 14, गुरूग्राम (एचआर) | लोकनाथ गिरि | XXXXXXXXXXX5739 | ₹ 51,999.00 | 28-JUL-22 | 19.30 |
| 95 | सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | पिंकी | XXXXXXXXXXX4678 | ₹ 240,113.00 | 21-APR-22 | 83.90 |
| 96 | सेक्टर 14, गुरूग्राम (एचआर) | सूरज | XXXXXXXXXXX5138 | ₹ 228,529.00 | 5-SEP-22 | 70.10 |
| 97 | सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | रामबहादुर सिंह | XXXXXXXXXXX6013 | ₹ 152,455.00 | 17-MAY-22 | 52.60 |
| 98 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | धर्मेन्द्र सिंह | XXXXXXXXXXX9415 | ₹ 467,104.00 | 18-JUL-22 | 170.80 |
| 99 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर)) | दुर्गेश कुमार | XXXXXXXXXXX7756 | ₹ 204,863.00 | 24-MAR-22 | 75.25 |
| 100 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | देवेन्द्र शर्मा | XXXXXXXXXXX7654 | ₹ 196,608.00 | 25-AUG-22 | 79.20 |
| 101 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | रवि कुमार | XXXXXXXXXXX5349 | ₹ 119,967.00 | 18-JUN-22 | 39.30 |
| 102 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर)) | पूनम सिंह | XXXXXXXXXXX0753 | ₹ 721,836.00 | 22-JUN-21 | 210.10 |
| 103 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | विनोद कुमार | XXXXXXXXXXX3778 | ₹ 217,157.00 | 17-MAY-22 | 68.50 |
| 104 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | दीपक | XXXXXXXXXXX3254 | ₹ 126,537.00 | 29-JAN-22 | 62.40 |
| 105 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर)) | प्रमोद गुप्ता | XXXXXXXXXXX5808 | ₹ 77,623.00 | 24-MAR-22 | 28.20 |
| 106 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | गिरराज शर्मा | XXXXXXXXXXX5567 | ₹ 56,598.00 | 20-JUN-22 | 27.70 |
| 107 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | भोला प्रसाद गुप्ता | XXXXXXXXXXX1908 | ₹ 54,088.00 | 28-JUL-22 | 17.20 |
| 108 | सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर)) | मुकेश चौहान | XXXXXXXXXXX6771 | ₹ 36,928.00 | 28-JUL-22 | 25.00 |
| 109 | सेक्टर–24 रोहिणी, नई दिल्ली (डीएल) | सचिन कुमार | XXXXXXXXXXX8879 | ₹ 106,137.00 | 25-AUG-22 | 39.40 |
| 110 | शाहदरा, दिल्ली (डीएल) | सैयद सरफराज | XXXXXXXXXXX3042 | ₹ 114,264.00 | 28-JUL-22 | 37.30 |
| 111 | शालीमार बाग, दिल्ली (डीएल) | मन्नू कुमार | XXXXXXXXXXX2064 | ₹ 65,709.00 | 7-JAN-22 | 23.90 |
| 112 | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | सोनम जैन | XXXXXXXXXXX4604 | ₹ 611,803.00 | 26-JUL-22 | 257.40 |
| 113 | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | विकास नागर | XXXXXXXXXXX2903 | ₹ 559,083.00 | 11-AUG-22 | 211.00 |
| 114 | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | शुभम | XXXXXXXXXXX2456 | ₹ 72,647.00 | 18-JUL-22 | 26.80 |
| 115 | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | रीना सिंह | XXXXXXXXXXX5984 | ₹ 186,840.00 | 18-JUN-22 | 69.10 |
| 116 | स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | आरती अग्रवाल | XXXXXXXXXXX8175 | ₹ 138,187.00 | 18-JUN-22 | 37.40 |
| 117 | तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | राजेश कुमार | XXXXXXXXXXX1014 | ₹ 899,507.00 | 18-JUL-22 | 316.00 |
| 118 | तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | पिंकी पिंकी | XXXXXXXXXXX3017 | ₹ 309,030.00 | 18-JUL-22 | 171.30 |
| 119 | तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | परवीन कुमार पांडे | XXXXXXXXXXX9522 | ₹ 313,534.00 | 16-APR-21 | 112.90 |
| 120 | तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | मुजामिल | XXXXXXXXXXX5442 | ₹ 123,153.00 | 22-JUL-22 | 40.80 |
| 121 | तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | रानी देवी | XXXXXXXXXXX0166 | ₹ 128,118.00 | 17-MAY-22 | 44.70 |
| 122 | तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | मुजामिल | XXXXXXXXXXX2117 | ₹ 62,292.00 | 28-JUL-22 | 22.10 |
| 123 | उत्तम नगर, दिल्ली (डीएल) | रोहित सोढी | XXXXXXXXXXX6656 | ₹ 268,103.00 | 18-JUN-22 | 97.30 |
| 124 | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | विक्रम प्रताप सिंह | XXXXXXXXXXX0668 | ₹ 625,619.00 | 18-JUL-22 | 234.00 |
| 125 | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | नितिन वर्मा | XXXXXXXXXXX3525 | ₹ 342,567.00 | 5-SEP-22 | 119.60 |
| 126 | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | विनार यादव | XXXXXXXXXXX1131 | ₹ 231,029.00 | 22-JUL-22 | 74.40 |
| 127 | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | मोहम्मद अखलाक | XXXXXXXXXXX6740 | ₹ 106,708.00 | 22-JUN-21 | 35.00 |
| 128 | वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | विशाल सागर | XXXXXXXXXXX9862 | ₹ 73,563.00 | 30-MAR-22 | 20.70 |
| 129 | विकासपुरी, नई दिल्ली (डीएल) | नम्रता झा | XXXXXXXXXXX9856 | ₹ 409,133.00 | 30-APR-21 | 130.30 |
| 130 | विकासपुरी, नई दिल्ली (डीएल) | नम्रता झा | XXXXXXXXXXX3152 | ₹ 86,697.00 | 3-SEP-22 | 29.80 |

एक्सिस बैंक लिमिटेड को बिना कोई पूर्व सूचना दिए खाता हटाने/नीलामी की तिथि परिवर्तित करने का अधिकार है। नीलामी **https://gold.samil.in** पर अप. 12.30 बजे से अप.03.30 बजे के बीच ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।
विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट **https://gold.samil.in** पर लॉगइन करें।

हस्ता./–
प्राधिकृत अधिकारी
एक्सिस बैंक लिमिटेड

स्थान : दिल्ली
तिथि : 13–12–2022

# फसाड लाइट लगाने के लिए डेवलपर्स को नोटिस

## नोएडा ग्रेटर–नोएडा एक्सप्रेसवे को रंगबिरंगी लाइट से सजाये जाने की तैयारी

**पायनियरस समाचार सेवा।** नोएडा




नोएडा–ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे को फसाड लाइट से सजाया जाने की तैयारी शुरू की गई है। इसके लिए एक्सप्रेस वे की सर्विस लेन से जुड़ी हाइराइज इमारतों में फसाड लाइट लगाना अनिवार्य है।

इसे बिल्डिंग बॉयलॉज में शामिल किया गया है। सर्वे में एक्सप्रेस वे पर 40 बिल्डर प्रोजेक्ट है जिनकी एक्सप्रेस वे से दूरी करीब 250 मीटर है। इन सभी को नोटिस जारी कर चार महीने में फसाड लाइट लगाने के निर्देश प्राधिकरण ने दिए है। हालांकि इनके सिर्फ सामने वाली हाइराइज इमारतों में ही फसाड लगाना होगा। नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे नोएडा का मुख्य आर्टियल मार्ग होने के साथ यहां की लाइफलाइन है।

इसका प्रयोग आगरा दिल्ली और लखनऊ जाने के लिए किया जाता है। रोजाना करीब 10 लाख वाहन यहां से निकलते है। नोएडा के मास्टर प्लान.2031 में इस मार्ग पर आवासीय, व्यवसायिक व संस्थागत प्रतिष्ठान प्रस्तावित है। वर्तमान में यहां हाइराइज इमारत है।

इसमें पहले चरण में एडवांट बिल्डिंग, वन स्काई, एमिटी यूनिवर्सिटी और एटीएस टावर के अलावा और भी कई इमारतों पर फसाड लाइट लगाई जानी है।

उप्र इंडस्ट्रियल एरिया डवलेपमेंट एक्ट.1976 की धारा–8 की उपधारा 1 ए के तहत बॉयलाज में बदलाव किया गया है। इसके तहत प्राधिकरण मुख्य मार्गों पर भवनों का एलीवेशन कंट्रोल और आर्किटैक्चरल फीचर्स निर्धारित कर सकता है। नए प्रोजेक्ट को तभी ओसी जारी होगी जब डेवलपर्स उसमें फसाड लाइट लगाएगा। बिना फसाड के ओसी जारी नहीं की जाएगी। साथ ही भविष्य में स्वीकृत होने वाले आंवटियों के मानचित्र इस शर्त के साथ स्वीकृत किए जाएंगे कि उनके भवन के फ्रंट में न्यूनतम 40 प्रतिशत क्षेत्रफल पर फसाड लाइटिंग का प्राविधान अनिवार्य रूप से किया जाए।

### दो माह में पूरा करना होगा

प्राधिकरण ने ये भी कहा कि यदि नोटिस जारी होने के चार माह के अंदर फसाड लाइट लगवानी होंगी। ऐसी स्थिति में आवंटियों के खिलाफ लीज डीड में दी गई शर्तों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। बोर्ड ने इस पर सहमति दे दी है।

### लाइट लगाने के नियम

1. एक्सप्रेस.वे के दोनों ओर स्थित सर्विस रोड को फेस करने वाले समस्त भवनों पर फसाड लाइटिंग किया जाना अनिवार्य कर दिया गया है।
2. एक्सप्रेसवे पर पूर्व से बनी हुई हर श्रेणी के आवंटियों को नोटिस जारी किया जाएगा कि भवन के आगे भाग में न्यूनतम 40 प्रतिशत क्षेत्रफल में फसाड लाइट लगाई जाए। फसाड लाइट मल्टीकलर में हो सकती है। साथ ही लेजर बीम का प्रयोग कर सकते है। कलर की च्वाइस आवंटी की होगी।

## शहर में दौड़ रहीं डग्गामार बसें

**गाजियाबाद।** प्रशासन की लापरवाही के चलते ही रोडवेज को हर रोज मोटी आर्थिक चपत लग रही है। दरअसल प्राइवेट बसें फिर से रोडवेज के कौशांबी बस अड्डे के पास से चलना शुरू हो गई हैं जो आगे मुरादाबाद तक जाती हैं और इन बसों को डग्गमार बस का नाम दिया जा रहा है।

कई दिनों तक संभागीय विभाग, पुलिस आदि विभाग ने मिलकर कार्रवाई की। कई डग्गामार वाहनों को नगर निगम ने पकड़ने का कार्य किया। इस कार्रवाई के बाद डग्गमार वाहन चालकों के होश उड़ गए। रोडवेज के कौशांबी बस अड्डे के आस.पास के एरिया में डग्गमार बसें खड़ी होने लगी हैं।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार मां-बच्ची की मौत

● हादसे में पति और बेटा गंभीर रूप से घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



गाजियाबाद में मंगलवार सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार परिवार को रौंद डाला। हादसे में पांच वर्षीय बच्ची और उसकी मां की मौत हो गई। पिता व मासूम भाई घायल हैं। ट्रक चालक फरार है।

पुलिस कैमरों के जरिये ट्रक को पकड़ने का प्रयास कर रही है। ये हादसा वेव सिटी थाना क्षेत्र में लालकुआं के नजदीक हुआ। लालकुआं.छपरौला रोड पर ट्रक ने बाइक में पीछे से टक्कर मारी। इसके बाद बाइक सवार नीचे गिरे तो ट्रक का पहिया उनके ऊपर चढ़ गया। मृतकों की पहचान पांच वर्षीय मायरा और उसकी मां शमा परवीन के रूप में हुई। जबकि शमा के पति अब्दुल वहाब और बेटा गंभीर घायल हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में एडमिट कराया। वहीं दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा। पुलिस के मुताबिक, ये परिवार बुलंदशहर जिले में गांव कमालपुर अरनिया का रहने वाला था। अब्दुल वहाब अपनी रिश्तेदारी से गाजियाबाद में साहिबाबाद क्षेत्र स्थित शहीदनगर में आए थे। मंगलवार सुबह परिवार के चारों सदस्य बाइक से बुलंदशहर लौट रहे थे, उसी वक्त ये हादसा हुआ। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि आरोपी ट्रक चालक को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## गौतम बुद्ध नगर में कैंटर ने ट्रैक्टर को मारी टक्कर

**नोएडा।** एनएच 91 पर तड़के एक सड़क हादसा देखने को मिला। दादरी थाना क्षेत्र के कोट गांव के पास एक तेज रफ्तार कैंटर ने ट्रैक्टर ट्रॉली में पीछे से टक्कर मार दी। इस दौरान ट्रैक्टर में रखी लोहे की चादर रोड के दूसरी साइड गिर गई, जिसकी चपेट में एक एंबुलेंस भी आ गई। इस सड़क हादसे में 2 लोग घायल हुए हैं। दोनों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

CSB Bank

PUBLIC NOTICE ON AUCTION OF PLEDGED GOLD ORNAMENTS

The borrower/s in specific and interested bidders in general are hereby informed that on account of non-repayment of Bank's dues by the borrowers as under despite the payment notice and recall/auction notice issued by the Bank, the gold ornaments pledged with the bank as security by the respective borrowers for the loans availed by them will be sold in public auction on "as is where is" and "non- recourse" basis through e-auction portal http://csbgold.auctiontiger.net on 21st December, 2022 at 12:00 p.m . The auction may be adjourned to any other later date at the discretion of the bank upon publication of the same in the Bank's notice board. The borrowers are hereby further informed that the gold ornaments will be disposed off by private sale if the public auction is not successful and if there is a further balance to be recovered thereafter, legal action will be initiated against the borrower/s for recovery of the balance amounts due to the bank.

| S.No. | Branch Name | Account Name | Client ID | No. of Acc. | Bal. Outstanding as on 11-12-2022 | Weight (grams) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GHAZIABAD | MANMOHAN | 4240047 | 1 | 24932.31 | 9.8 |
| 2 | GHAZIABAD | MITHLESH | 7505340 | 1 | 259315.25 | 89.2 |
| 3 | GHAZIABAD | MOHD HASAN | 4063229 | 1 | 26420.2 | 9 |
| 4 | GHAZIABAD | MONU | 4229772 | 1 | 84106.78 | 27.3 |
| 5 | GHAZIABAD | MUNESH KUMAR | 4007369 | 1 | 127666.39 | 42.2 |
| 6 | GHAZIABAD | NADEEM | 4463292 | 1 | 32509.26 | 11.5 |
| 7 | GHAZIABAD | NASREEN | 4373154 | 1 | 5034.32 | 5.2 |
| 8 | GHAZIABAD | NOORJAHAN | 4041043 | 2 | 190375.96 | 67.9 |
| 9 | GHAZIABAD | OSAN SINGH | 4081524 | 4 | 748183.22 | 243 |
| 10 | GHAZIABAD | PANKAJ DUTT SHARMA | 4089647 | 1 | 440850.63 | 147.3 |
| 11 | GHAZIABAD | PAWAN | 7503698 | 1 | 342025.8 | 111.1 |
| 12 | GHAZIABAD | POONAM | 4445046 | 1 | 82156.34 | 26.6 |
| 13 | GHAZIABAD | PRADIP KUMAR SARKAR | 4036645 | 1 | 326430.64 | 113.8 |
| 14 | GHAZIABAD | PRAVEEN | 4173793 | 1 | 28810.71 | 9.6 |
| 15 | GHAZIABAD | PRAVEEN | 4312824 | 1 | 58826.43 | 20.5 |
| 16 | GHAZIABAD | RAJEEV | 4334365 | 1 | 11853.5 | 4 |
| 17 | GHAZIABAD | RAJENDRA | 4171274 | 1 | 144227.83 | 44.6 |
| 18 | GHAZIABAD | SAHIB | 4228921 | 1 | 14276.15 | 4.7 |
| 19 | GHAZIABAD | SALMAN | 4080387 | 1 | 129838.35 | 44.4 |
| 20 | GHAZIABAD | SANDEEP | 4260775 | 1 | 24029.35 | 9.6 |
| 21 | GHAZIABAD | SEEMA | 4410271 | 1 | 24257.06 | 9 |
| 22 | GHAZIABAD | SHAKIL | 4263075 | 1 | 11507.36 | 3.5 |
| 23 | GHAZIABAD | SUMIT NAGAR | 4221064 | 1 | 26687.13 | 9.6 |
| 24 | GHAZIABAD | SUNIL | 4109308 | 1 | 44456.02 | 13.8 |
| 25 | GHAZIABAD | SUNIL | 4476645 | 1 | 85915.3 | 31.4 |
| 26 | GHAZIABAD | SUNIL KUMAR | 4212698 | 1 | 233880.11 | 77.4 |
| 27 | GHAZIABAD | TEEKAM | 4273198 | 1 | 23690.25 | 8 |
| 28 | GHAZIABAD | VINAY KUMAR PANDEY | 4108403 | 1 | 260698.64 | 81.5 |
| 29 | GHAZIABAD | YASHPAL YADAV | 4181609 | 2 | 626713.53 | 203.4 |
| 30 | GHAZIABAD | YOGENDRA SINGH | 4058292 | 1 | 267665.49 | 87.6 |
| 31 | KOSI KALAN | AASAMA | 3784710 | 1 | 303279.09 | 113.65 |
| 32 | KOSI KALAN | CHAND | 4015593 | 1 | 85954.52 | 27.74 |
| 33 | KOSI KALAN | DHARAMVEER | 7057331 | 1 | 271824.79 | 92.67 |
| 34 | KOSI KALAN | GIRDHARI | 3965835 | 1 | 28048.81 | 12.75 |
| 35 | KOSI KALAN | GOVIND | 7135517 | 1 | 32801.35 | 12.1 |
| 36 | KOSI KALAN | GUPAL | 7315562 | 1 | 85945.52 | 35.7 |
| 37 | KOSI KALAN | IDRISH | 7062874 | 1 | 41000.18 | 15.91 |
| 38 | KOSI KALAN | JEETPAL | 4137973 | 1 | 41208.51 | 20.7 |
| 39 | KOSI KALAN | PAWAN | 3937616 | 2 | 451633.57 | 201.15 |
| 40 | KOSI KALAN | RADHA | 7210841 | 1 | 25318.52 | 7.5 |
| 41 | KOSI KALAN | RAJ | 4165325 | 1 | 7571 | 3.79 |
| 42 | KOSI KALAN | REETA | 7318280 | 1 | 80331.04 | 30.02 |
| 43 | KOSI KALAN | RUPRAM | 7503819 | 1 | 163185.67 | 58.77 |
| 44 | KOSI KALAN | SADDAM | 3802053 | 1 | 84917.08 | 32.43 |
| 45 | KOSI KALAN | TOTARAM | 4173747 | 1 | 29165.52 | 54.61 |
| 46 | NOIDA | ABHISHEK | 4324574 | 1 | 286305.61 | 92.1 |
| 47 | NOIDA | ABHISHEK | 4325001 | 1 | 229477.17 | 71.8 |
| 48 | NOIDA | ANURADHA | 4226218 | 1 | 74780.85 | 23.6 |
| 49 | NOIDA | ASHUTOSH | 4323367 | 1 | 30523.91 | 10.3 |
| 50 | NOIDA | ASHWANI | 4321675 | 1 | 132421.07 | 44 |

For more details/account wise information borrowers/interested bidders may contact respective branches and for participating in the auction, please visit/login to the e-auction portal http://csbgold.auctiontiger.net

**Authorised Officer**
**CSB Bank**

Delhi | 14th December 2022

# संक्षिप्त समाचार

## अर्जुन का नाम गिनीज बुक में दर्ज



**नोएडा।** विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट को फतह करने वाले सबसे कम उम्र के पर्वतारोही अर्जुन वाजपेयी का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो गया है। उन्होंने बीते बुधवार को अपना प्रमाण पत्र प्राप्त भी हासिल कर लिया है। माउंट एवरेस्ट और ल्होत्से की चोटी को फतेह करने का कारनामा उन्होंने महज 17 साल की उम्र में किया है। सेक्टर.51 के रहने वाले अर्जुन ने 22 मई 2010 में माउंट एवरेस्ट और 20 मई 2011 में ल्होत्से की चोटी फतेह की थी।

## नोएडा एक्सप्रेसवे पर स्पीड लिमिट होगी कम

**नोएडा।** कोहरे को देखते हुए यमुना एक्सप्रेसवे के बाद नोएडा–ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर वाहनों के लिए गति सीमा को कम किया जाएगा। यहां चार पहिया वाहनों के लिए गति सीमा को 100 से कम कर 80 किमी प्रति घंटा किया जाएगा। ये गति सीमा 15 दिसंबर से 15 फरवरी तक लागू रहेगी। एनटीसी प्रभारी और डीजीएम एसपी सिंह ने कहा, एक्सप्रेसवे पर दुर्घटनाओं पर लगाम के लिए गति सीमा को कम किया जाएगा।

## किराए पर मकान लेने के नाम पर ठगी

**नोएडा।** थाना सेक्टर.39 क्षेत्र के सेक्टर.45 में रहने वाले एक व्यक्ति से अज्ञात साइबर ठगों ने संपर्क किया तथा मकान किराए पर लेने के नाम पर उन्हें अपने जाल में फंसा कर उनके खाते से करीब 92 हजार रुपया निकाल लिया। सिद्धार्थ बागडिया ने थाना सेक्टर.39 में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि एक व्यक्ति ने उनसे मकान किराए पर लेने के लिए संपर्क किया। 20 हजार रुपए किराया तय होने के बाद उसने कहा कि वह ऑनलाइन पेमेंट करेगा। उसने ऑनलाइन पेमेंट करने के लिए एक लिंक भेजा। जैसे ही उन्होंने लिंक को टच किया उनके खाते से 92 हजार रुपया निकल गए।

## कांग्रेस ने निकाली भारत जोड़ो यात्रा

**गाजियाबाद।** कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा मेरठ से बढ़कर मंगलवार सुबह गाजियाबाद जिले में प्रवेश कर गई। यात्रा का जगह.जगह स्वागत हुआ। कार्यकर्ताओं ने इसके जरिये यूपी में जल्द आने वाली राहुल गांधी की यात्रा को लेकर जोश भरा। राहुल गांधी की यात्रा को लेकर कांग्रेसियों में जबरदस्त उत्साह है। माना जा रहा है कि नोएडा या गाजियाबाद के रास्ते राहुल गांधी उत्तर प्रदेश में एंट्री करेंगे। गाजियाबाद में इस यात्रा का नेतृत्व पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष नसीदमुद्दीन सिद्दीकि ने किया।

## डीएम कार्यालय पर अर्धनग्न प्रदर्शन

**नोएडा।** ग्रेनो में अभिभावकों के साथ धोखाधड़ी, लूट और भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर करप्शन फ्री इंडिया संगठन के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर बीटा 1 में स्थित रेयान इंटरनेशनल स्कूल के द्वारा दाखिले एवं ट्यूशन फीस में 50 प्रतिशत छूट देने के नाम पर सैकड़ों बच्चों के अभिभावकों के साथ 0लूट एवं भ्रष्टाचार के विरोध में करप्शन फ्री इंडिया संगठन के कार्यकर्ताओं ने अर्धनग्न होकर जिला अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली–110002, दूरभाषः 011–40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी–9 सेक्टर–3, नोएडा–201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# सरकारी अस्पतालों में एक जनवरी से मुफ्त होंगे 450 टेस्ट

## अभी तक अस्पतालों, पॉलिक्लिनिक व मोहल्ला क्लीनिक में 212 तरह के टेस्ट हो रहे मुफ्त






**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नए साल से पहले केजरीवाल सरकार ने बड़ा ऐलान किया है। सभी सरकारी अस्पतालों, पॉलिक्लिनिक और मोहल्ली क्लीनिकों में स्वास्थ्य संबंधी 238 जांच नि:शुल्क होंगे।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग के इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह सुविधा 1 जनवरी से दिल्ली सरकार के अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में मिलने लगेगी। अभी तक 212 तरह के टेस्ट नि:शुल्क हो रहे हैं। नए साल से इनकी संख्या बढ़कर 450 हो जाएगी। अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि उनका मकसद समाज के सभी वर्गों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं और शिक्षा मुहैया करना है। स्वास्थ्य संबंधी जांच काफी महंगी हो गई है। बहुत से लोग निजी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं का खर्च उठा मुश्किल होता है। दिल्ली सरकार के इस फैसले से ऐसे सभी लोगों को मदद मिलेगी। दिल्ली सरकार ने महंगाई से जूझ रहे दिल्ली वालों को राहत देते हुए सभी सरकारी अस्पतालों में मुफ्त मिडिकल जांच की संख्या 212 से बढ़ाकर 450 कर दिया है। इस संबंध में सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि लोगों को

### ● सभी लोगों को अच्छी गुणवत्ता की स्वास्थ्य और शिक्षा मुहैया कराना है मकसद : मुख्यमंत्री

बेहतरीन नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए लगातार प्रयासरत है।

सरकार की कोशिश हर तबके के लोगों को सरकारी अस्पतालों, पॉलिक्लिनिक्स और मोहल्ला क्लीनिकों में हर तरह की गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य सुविधाएं नि:शुल्क मिले, ताकि आर्थिक तंगी से जूझ रहे लोगों को थोड़ी राहत मिल सके। प्राइवेट अस्पतालों में इलाज इतना महंगा हो गया है कि आम आदमी वहां अपना इलाज कराने में असमर्थ महसूस करता है। उनकी सरकार ने अपने अस्पतालों, पॉलिक्लिनिक्स और मोहल्ला क्लीनिक में सभी के लिए सारा टेस्ट, दवाइयां और आपरेशन मुफ्त कर दिया है। अभी तक दिल्ली सरकार के आम आदमी मोहल्ला क्लीनिकों में 212 प्रकार के टेस्ट और कुछ सरकारी अस्पतालों और सुपर स्पेशियलिटी क्लीनिकों में 250 से अधिक टेस्ट मुफ्त किए जा रहे थे।

बाकी टेस्ट के लिए लोगों को निजी अस्पतालों में जाना पड़ता था और महंगा टेस्ट कराना पड़ता था। उनकी सरकार ने इसे गंभीरता से लेते हुए सरकारी अस्पतालों, पॉलिक्लिनिक्स, मोहल्ला क्लीनिकों और मोबाइल हेल्थ क्लीनिक में मुफ्त टेस्ट की सुविधा बढ़ाने का फैसला किया है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग से मिले प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

### निजी प्रयोगशालाओं से भी भागीदारी की

दिल्ली सरकार ने निजी प्रयोगशालाओं के साथ भी भागीदारी की है, जो अधिकारियों द्वारा अनुमोदित मानक संचालन प्रक्रियाओं के अनुसार जांच और नमूना परिवहन सुनिश्चित करती हैं। वर्तमान में दिल्ली में 522 आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक, 4 एमएमसी, 21 पॉलीक्लिनिक और 201 डिस्पेंसरी चलाती है, जहां लोगों को यह टेस्ट की सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री से उत्तराखंड के सीएम ने की मुलाकात



**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को संसद भवन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से सशक्त उत्तराखण्ड-25 का रोडमैप साझा करते हुए मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री मोदी को लोहाघाट स्थित मायावती आश्रम आने के लिये भी आमंत्रित किया।

### इलाहाबाद विवि में छात्र संघ बहाल करने की मांग

**नई दिल्ली।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्रसंघ बहाल करने, फीस वृद्धि और छात्रों की विभिन्न मांगों को उठाया। प्रेस क्लब में आयोजित मंगलवार को आयोजित प्रेसवार्ता में छात्र नेता अजय यादव सम्राट ने कहा कि केंद्रीय इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पिछले तीन वर्षों से छात्रसंघ के चुनाव पर रोक लगी है। छात्र नेता ने कहा कि लिंगदोह कमेटी द्वारा छात्र परिषद को नकारने के बाद छात्रसंघ को तत्काल बहाल किया जाए। उन्होंने कहा कि छात्रसंघ संघर्ष संयुक्त समिति के संयोजन में पिछले 880 दिनों से क्रमिक अनशन और 98 दिनों से आमरण अनशन जारी है। वर्तमान में छात्रवासों और विशेष कर महिला छात्रवासों की हालत चिंताजनक है। इसके अलावा लगातार छात्र नेताओं को पुलिस प्रशासन द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है।

### योगेन्द्र चंदोलिया ने एसीबी में की शिकायत

**नई दिल्ली।** पूर्व महापौर योगेन्द्र चंदोलिया ने आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह के पार्षदों को तोड़ने और खरीद फरोख्त के आरोपों के खिलाफ मंगलवार को एसीबी में शिकायत दर्ज कराई। योगेन्द्र चांदोलिया ने कहा कि संजय सिंह के आरोपों के खिलाफ मंगलवार सुबह एसीबी में शिकायत दर्ज कराई है और इस पूरे मामले में जाँच की मांग की है। चंदोलिया ने कहा की झूठे आरोप लगा कर राजनीतिक वातावरण खराब करना और फंस जाने पर माफी मांग लेना आम आदमी पार्टी नेताओं का पुराना खेल है पर अब हम उन्हे माफ नही करेंगे और सांसद संजय सिंह पर मै शीघ्र ही मानहानि का केस भी करूंगा।

### 'अल्पसंख्यक छात्रों के लिए फेलोशिप बहाल हो'

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने अल्पसंख्यक छात्रों के लिए मौलाना आजाद नेशनल फेलोशिप समाप्त करने के केंद्र के फैसले को अल्पसंख्यक विरोधी नीति बताते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की। लोकसभा में पिछले सप्ताह एक लिखित जवाब में अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति ईरानी ने शैक्षणिक सत्र 2022-23 से मौलाना आजाद नेशनल फेलोशिप समाप्त करने के फैसले की घोषणा की थी। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए जेएनयूटीए ने इस योजना को समाप्त करने को भारत में आवश्यक उच्च शिक्षा प्रणाली के लिए अहम समावेशिता तथा लोकतंत्र के मूल्यों पर हमला बताया। गौरतलब है कि सोमवार को जामिया मिल्लिया इस्लामिया और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय समेत कई विश्वविद्यालयों ने फेलोशिप समाप्त किए जाने के खिलाफ यहां शिक्षा मंत्रालय के बाहर प्रदर्शन किया। केंद्र नेपहली से आठवीं कक्षा के अल्पसंख्यक विद्यार्थियों के लिए प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति को भी समाप्त करने की घोषणा की थी।

# एमसीडी बजट : संपत्ति कर की दरों में कोई बदलाव नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आचार संहिता समाप्त होने के बाद दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने वर्ष 2022-23 का संशोधित बजट अनुमान और आगामी वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट प्रस्ताव के आंकड़ों को सार्वजनिक किया गया। ज्ञात रहे कि एमसीडी आयुक्त ज्ञानेश भारती ने बृहस्पतिवार को इसके विशेष अधिकारी के समक्ष नगर निकाय का बजट पेश किया।

संवैधानिक प्रावधानों के तहत आयुक्त द्वारा 10 दिसंबर से पहले वार्षिक बजट पेश करना होता है। ज्ञात रहे कि तीनों निगमों के एकीकरण के बाद यह एमसीडी का पहला बजट है।

प्रस्तावित बजट में एमसीडी के एकीकरण के बाद संपत्ति कर ढांचे की दरों में एकरूपता लाने के लिए निगम ने एकीकृत नीति 15 जुलाई 2022 से लागू किया है। जिसके बाद वर्ष 2023-24 के लिए सम्पत्ति कर की दरों में कोई परिवर्तन प्रस्तावित नहीं है।

इस संशोधित बजट में राजधानी को कूड़ा मुक्त बनाने और कूड़े से बिजली बनाने के लिए 25 मेगावाट क्षमता का वेस्ट टू एनर्जी संयंत्र एमसीडी की बड़ी उपलब्धि है।

### ● आचार संहिता हटने के बाद जारी हुए निगम के प्रस्तावित आंकड़े

दिल्ली के कालोनी वासियों को वन टाइम संपत्ति कर आम माफी योजना 2022-23 'समृद्धि' का शुभारंभ किया गया।

दिल्ली नगर निगम समृद्धि 2022-23 से प्राप्त धन का उपयोग स्वच्छता, सड़कों, शिक्षा और अस्पतालों नागरिक सेवाओं के बुनियादी ढांच में सुधार के लिए किया जाएगा। सभी 12 जोन में 49 केलोनियों एवं ग्रुप हाउसिंग सोसाइटियो को जीरो वेस्ट केलोनी तथा 35 कालोनियों और ग्रुप हाउसिंग सोसाइटियों को हरित मित्र घोषित किया है।

ऐसे हरित मित्र प्रमाणपत्र वाले कालोनियों को संपत्ति कर में 5 प्रतिशत की छूट प्रदान किया जाएगा। निगम अपने अधीन 12 चेस्ट क्लिनिक के माध्यम से दिल्ली के 50 प्रतिशत टीबी रोगियों को स्वास्थ्य सेवाएं दे रहा है। बच्चों को रोचक शिक्षा के लिए यूट्यूब पर ज्ञानोदय चैनल की भी शुरूआत की गई है। निगम द्वारा 15 स्मार्ट स्कूलों का निर्माण किया गया।



फोटो: रंजन डिमरी

संसद भवन पर आतंकियों से लोहा लेने वाले वीर जवानों और कर्मियों को श्रद्धांजलि देते उपराज्यपाल वीके सक्सेना।

### कार की चपेट में आने से दो छात्राओं की मौत

**नई दिल्ली।** रोहतक रोड पार करते समय एक कार की चपेट में आने से नौवीं कक्षा की दो छात्राओं की मौत हो गई। सड़क हादसे में जान गंवाने वाली दोनों छात्राओं की पहचान वंशिका मिश्रा और मानवी के रूप में हुई है। दोनों सर्वोदय कन्या विद्यालय में पढ़ती थीं।

घटना के बाद कार चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस उपायुक्त हरेंद्र कुमार सिंह के मुताबिक, हादसा रविवार को उस समय हुआ जब दोनों लड़कियां शाम करीब चार बजे पीरागढ़ी गांव में ट्यूशन के लिए जा रही थीं। जब वे मेट्रो पिलर नंबर 294 के निकट रोहतक रोड पार कर रही थीं, तभी कार ने उन्हें टक्कर मार दी। घायल लड़कियों को बालाजी एक्शन अस्पताल भेजा गया जहां मानवी को मृत घोषित कर दिया गया।

# वित्त मंत्रालय के अधिकारी बन ठगी करने वाले चार गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

स्पेशल सेल की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक आपरेशंस यूनिट ने बीमा धारकों से ठगी करने वाले चार ठगों को गिरफ्तार किया है। ये लोग उत्तर भारत के लोगों को शिकार बनाता था। जिनकी बीमा पालिसी किसी कारण लेप्स हो जाती थी अथवा जिनकी पालिसी की समय अवधि पूरी हो जाती थी उनका पैसा दिलाने के नाम पर आरोपित ठगी करते थे। गिरोह के बदमाश अब तक 200 से अधिक लोगों के साथ ठगी कर चुके हैं। इन लोगों के कब्जे से 3000 से अधिक लोगों की निजी जानकारियां और पॉलिसी से संबंधित जानकारियां जब्त की हैं। ये लोग वित्त मंत्री निर्मला सीता रमण व अन्य संबंधित अधिकारियों का फर्जी हस्ताक्षर युक्त पत्र भेज देते थे और पैसा रिलीज कराने के अलग-अलग मद में उनसे पैसों वसूलते थे। आरोपी खुद को वित्त मंत्रालय, आरबीआइ, आइआरडीए अथवा बीमा लोकपाल का अधिकारी बनकर बात करते थे। पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम के मुताबिक गिरफ्तार किए गए आरोपितों के नाम मेहताब आलम, सरताज खान, दीन मोहम्मद व मोहम्मद जुनैद है।

# सर्द रातों में सड़कों पर नहीं रहेगा कोई बेघर

### ● केजरीवाल सरकार ने रैन-बसेरों के लिए तैयार किया विंटर एक्शन प्लान



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कड़कड़ाती सर्दी में राजधानी के सड़कों पर कोई बेघर व्यक्ति नहीं दिखेगा। सर्दियों की शुरुआत से ही सरकार ने बेघरों के लिए विंटर एक्शन प्लान तैयार कर लिया है।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने विभिन्न संबंधित विभागों के उच्चाधिकारियों के साथ इस संबंध में समीक्षा बैठक की। जिसमें बेसहारा लोगों की मदद के लिए चौबीस घंटे सातों दिन के लिए हेल्पलाइन नंबर 14461 जारी किया है। इसके माध्यम से लोग डूसिब को बेघरों के विषय में जानकारी दे सकते हैं। डूसिब की बचाव टीम वहां पहुंचकर बेघरों को नजदीकी शेल्टर होम तक पहुंचाने का काम करेंगी। मनीष सिसोदिया ने कहा कि शेल्टर होम में रहने वाले लोग समाज के सबसे गरीब तबके में शामिल होते हैं। इनकी ओर कोई सरकार ध्यान नहीं देती। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की सरकार इन्हें भी बेहतर जीवन देने के लिए प्रतिबद्ध है। दिल्ली में हर साल कड़ाके की ठंड पड़ती है, ऐसे में सरकार नहीं चाहती कि किसी भी बेघर व्यक्ति ठंड में आश्रय के लिए भटकना पड़े।

# राजधानी को जल्द मिलेंगी 50 नई लो फ्लोर इलेक्ट्रिक बसें

**सौरव गुप्ता।** नई दिल्ली

दिल्ली को इलेक्ट्रिक वाहनों की राजधानी बनाने का लक्ष्य लेकर चल रही राज्य सरकार ने मंगलवार को ऐलान किया कि जल्द ही राजधानी की सड़कों पर 50 नई लो फ्लोर इलेक्ट्रिक बसें दौड़ती नजर आएंगी। इन बसों के बेड़े में शामिल होने से ऐसी बसों की संख्या बढ़कर 300 हो जाएगी।

पायनियर से बातचीत में दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि नई बसें राजधानी के नौ मार्गों पर चलेंगी तथा हर महीने करीब 3 लाख किलोमीटर का सफर तय करेंगी। गहलोत ने कहा कि इस साल दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक केवल तीन दिन गंभीर श्रेणी में रहा। दिल्ली सरकार शहर को पूरी तरह से प्रदूषण मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इन बसों के मार्गों के बार में जानकारी देते हुए परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रूट नंबर 165 के लिए शाहबाद डेयरी से बसें चलेंगी और आनंद विहार अंतरराज्यीय बस अड्डे पर उनका फेरा पूरा होगा।

# पार्सल वैन की जगह बदलने से ट्रेन छूटने के साथ हादसों का डर

## नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 5 पर पहले आगे लगती थी पार्सल वैन, अब पहुंचा दी गई बिल्कुल पीछे

### ● इंस्पेक्शन सेफ्टी रिपोर्ट में बांद्रा-अमृतसर ट्रेन का उदाहरण देकर समस्या को किया गया चिन्हित




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पैसेंजर ट्रेनों के पार्सल और लगेज रखने की जगह अचानक बदल दिए जाने से वरिष्ठ नागरिकों, विकलांगों, बीमार लोगों जैसे जरूरतमंदों एवं वीआईपी लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

पैदल बुजुर्गों या व्हील चेयर और कार्ट को अपने कोच तक पहुंचने के लिए रास्ता नहीं मिल पाता। इससे या तो ट्रेन छूट जाती है अथवा बहुत दूर तक चक्कर लगाकर कोच तक आना पड़ता है। यूं तो कई महत्वपूर्ण ट्रेनों को लेकर ऐसी दिक्कत यात्रियों के समक्ष आ रही है, लेकिन पिछले सप्ताह बांद्रा से चलकर वाया नई दिल्ली अमृतसर जाने वाली ट्रेन (नंबर-12925) के स्टेशन प्रशासन द्वारा संयुक्त निरीक्षण के दौरान यह मामला उजागर हुआ। नई व्यवस्था ने इस ट्रेन के मुंबई में प्रारंभिक स्टेशन से लेकर नई दिल्ली स्टेशन पर भी परेशानी खड़ी कर दी है। इंस्पेक्शन सेफ्टी रिपोर्ट के अनुसार पार्सल और लगेज वैन जो अब तक ट्रेन के अगले हिस्से में लगती थी, उसे प्लेटफॉर्म संख्या 5 के अंत में स्थानांतरित कर दिया गया है।

मुम्बई के बांद्रा से चलकर अमृतसर जाने वाली यह ट्रेन नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 25 मिनट (सुबह 10.40 बजे से 11.05 बजे) तक रुकती है।पहले नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पार्सल वैन दिल्ली छोर पर पिल्लर संख्या 22 के पास 13.65 मीटर पर आती थी जो अब निजामुद्दीन की तरफ से आखिर में अंतिम इलेक्ट्रिक पोल के पास 3.95 मीटर पर खड़ी होती है। कहने को यह छोटा सा बदलाव है, लेकिन पार्सल वैन को आगे से पीछे की ओर स्थानांतरित करने के कारण बुजुर्ग, विकलांग और बीमार यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 5 की चौड़ाई बहुत कम है। प्लेटफार्म पर पार्सल के बंडल फैल जाने से निकलने के लिए जगह ही नहीं बचती। विशेष रूप से व्हील चेयर और गोल्फ कार्ट से चलने वालों को ट्रेन पकड़ने में बहुत असुविधा होती है। इस स्थिति के कारण हमेशा दुर्घटना होने की संभावना तो बनी ही रहती है, लोगों की ट्रेन छूटने की शिकायतें भी आती हैं। महत्वपूर्ण यह है कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर वीआईपी यात्रियों की आवाजाही बहुत अधिक रहती है। जो अक्सर इस अव्यवस्था से दो-चार होते हैं।

इसके अलावा रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अनलोड पार्सल के ट्रैक पर गिरने की भी आशंका रहती है, जिससे ट्रेन संचालन में बाधा उत्पन्न हो सकती है। कुप्रबंधन के कारण स्टेशन पर अतीत में कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। शादी या त्योहारी सीजन में जब स्टेशनों पर अधिक भीड़ रहती है तो हादसों का डर अधिक रहता है।

CSB Bank

PUBLIC NOTICE ON AUCTION OF PLEDGED GOLD ORNAMENTS

The borrower/s in specific and interested bidders in general are hereby informed that on account of non-repayment of Bank's dues by the borrowers as under despite the payment notice and recall/auction notice issued by the Bank, the gold ornaments pledged with the bank as security by the respective borrowers for the loans availed by them will be sold in public auction on "as is where is" and "non- recourse" basis through e-auction portal http://csbgold.auctiontiger.net on 21st December, 2022 at 12:00 p.m . The auction may be adjourned to any other later date at the discretion of the bank upon publication of the same in the Bank's notice board. The borrowers are hereby further informed that the gold ornaments will be disposed off by private sale if the public auction is not successful and if there is a further balance to be recovered thereafter, legal action will be initiated against the borrower/s for recovery of the balance amounts due to the bank.

| S.No. | Branch Name | Account Name | Client ID | No. of Acc. | Bal. Outstanding as on 11-12-2022 | Weight (grams) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 51 | NOIDA | AVNISH | 2965284 | 1 | 283877.4 | 81.6 |
| 52 | NOIDA | BABLU | 4396257 | 2 | 347583.78 | 108.5 |
| 53 | NOIDA | BARUN | 4103989 | 1 | 85269.52 | 28.05 |
| 54 | NOIDA | DEVANAND | 525475 | 1 | 85962.51 | 25.3 |
| 55 | NOIDA | GAURAV | 4428537 | 1 | 147919.05 | 42 |
| 56 | NOIDA | HARDEV | 4520762 | 1 | 39569.62 | 12.9 |
| 57 | NOIDA | HARPAL | 4423494 | 1 | 66334.79 | 22.2 |
| 58 | NOIDA | MANORMA | 4347885 | 1 | 161561.08 | 47.3 |
| 59 | NOIDA | MRIDULA | 4166393 | 1 | 43905.34 | 14.75 |
| 60 | NOIDA | MUO DANIS | 7203456 | 1 | 133043.42 | 43.9 |
| 61 | NOIDA | PRASHANT | 4005433 | 1 | 13194.06 | 5.35 |
| 62 | NOIDA | PUJA | 7315409 | 2 | 103194.42 | 32.6 |
| 63 | NOIDA | ROHIT | 7313912 | 2 | 165521.56 | 52.61 |
| 64 | NOIDA | SAGAR | 4127648 | 1 | 26368.81 | 8.36 |
| 65 | NOIDA | SHIVKUMAR | 4533146 | 1 | 53466.44 | 17.7 |
| 66 | NOIDA | SHYAM SINGH | 4229740 | 1 | 130743.86 | 43.7 |
| 67 | NOIDA | SUBODH | 4312794 | 1 | 5708.87 | 2.4 |
| 68 | NOIDA | SUNIL | 3430057 | 4 | 322844.17 | 96.4 |
| 69 | GHAZIABAD | AADIL | 4494374 | 1 | 38404.68 | 13.9 |
| 70 | GHAZIABAD | AARIF | 4320570 | 1 | 42120.88 | 14.3 |
| 71 | GHAZIABAD | ABDUL | 4452916 | 1 | 49718.11 | 17.2 |
| 72 | GHAZIABAD | ANUJ | 4207088 | 1 | 70894.54 | 24.8 |
| 73 | GHAZIABAD | ANUJ | 4263982 | 1 | 86559.01 | 28.2 |
| 74 | GHAZIABAD | BRAHM DUTT | 4097475 | 1 | 13267.76 | 6.1 |
| 75 | GHAZIABAD | CHAND | 7514008 | 1 | 171996.67 | 60.7 |
| 76 | GHAZIABAD | CHHAMMAN | 4065826 | 1 | 18819.34 | 9.8 |
| 77 | GHAZIABAD | DAHAKASHA | 4375215 | 1 | 54023.02 | 20.8 |
| 78 | GHAZIABAD | DHARMENDRA KUMAR | 4092184 | 1 | 705279.09 | 214.6 |
| 79 | GHAZIABAD | FIROJ | 4322130 | 1 | 52862.28 | 19.3 |
| 80 | GHAZIABAD | GEETA YADAV | 4015406 | 1 | 165043.98 | 64.2 |
| 81 | GHAZIABAD | GULFAM | 4102075 | 1 | 49173.41 | 19.1 |
| 82 | GHAZIABAD | HAROON | 4079989 | 1 | 24685.73 | 11.4 |
| 83 | GHAZIABAD | ISMAIL | 4317862 | 1 | 108808.78 | 37.9 |
| 84 | GHAZIABAD | JAVED KHAN | 4183650 | 1 | 168344.54 | 55.5 |
| 85 | GHAZIABAD | KAPIL | 3971141 | 1 | 93931.7 | 31.38 |
| 86 | GHAZIABAD | KAPIL KUMAR | 4248610 | 1 | 15283.28 | 5.4 |
| 87 | GHAZIABAD | MAHESH CHAND | 4088783 | 1 | 9670.13 | 3.9 |
| 88 | GHAZIABAD | MANISH YADAV | 4040183 | 1 | 140693.06 | 47.1 |
| 89 | GHAZIABAD | MANISHA | 4074083 | 1 | 388653.75 | 135.6 |

For more details/account wise information borrowers/interested bidders may contact respective branches and for participating in the auction, please visit/login to the e-auction portal http://csbgold.auctiontiger.net

Authorised Officer
CSB Bank

Delhi | 14th December 2022

# अब सरपंच भी अपने गांवों से चंडीगढ़ वीडियो कांफ्रेंस के जरिए होंगे रूबरू

## हरियाणा के सभी गांव टेक्नोलॉजी से जुड़कर होंगे हाईटेक

## विकास एवं पंचायत मंत्री ने गुरुग्राम में की ऐसी घोषणा

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में नवनिर्वाचित जिला परिषद्, पंचायत समिति तथा सरपंचों के जिला स्तरीय सम्मेलन में बोलते पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली।

**आने** वाले समय में बहुत बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। प्रत्येक गांव में स्टेडियम, ग्राम सचिवालय में टेक्नोलॉजी की सुविधा से जुड़ेंगे। जिससे सरपंच हाईटेक होंगे और गांव में बैठकर चंडीगढ़ के अधिकारियों से संपर्क कर सकेंगे। यह घोषणा हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कही। वे मंगलवार को यहां स्वतंत्रता सेनानी हॉल में नवनिर्वाचित जिला परिषद, पंचायत समिति व सरपंचों के जिला स्तरीय सम्मेलन में बोल रहे थे।

पंचायत मंत्री ने पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों को सरकार की 10 सूत्रीय कार्यक्रम पर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्होंने गांवों में निष्पक्षता के साथ काम करवाने की भी अपील पंचायत प्रतिनिधियों से की। मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि सरकार द्वारा गांव की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए 10 सूत्रीय कार्यक्रम तैयार किया गया है, जिनमें ग्राम सचिवालयों के आधुनिकीकरण, गांवों में कम्युनिटी सेटरों का निर्माण, भ्रष्टाचार समाप्त करने के लिए 2 लाख से उपर के विकास कार्यों के लिए ई-टेंडरिंग, गंदे पानी की निकासी के लिए प्रबंधन, पौधारोपण करके गांव हरा-भरा करना, गांव को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य योजना, ठोस कूड़ा-कचरा प्रबंधन, ई-लाइब्रेरी, आधुनिक इंडोर जिम तथा महिला संस्कृति केन्द्र आदि शामिल है। उन्होंने कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों से सीधे संवाद करते हुए उन्हें गांव में निष्पक्षता व भाईचारे के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया।

अपने संबोधन में देवेन्द्र सिंह बबली ने कहा कि ग्रामीण विकास पर फोकस रखते हुए पंचायती राज संस्थान के जन प्रतिनिधि सक्रिय रूप से अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि जन प्रतिनिधि ग्रामीणों की सांझेदारी के साथ प्राथमिकता के आधार पर गांव में विकास संबंधी प्रस्ताव बनाकर भेजें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पंचायतों से मिलने वाले प्रस्तावों को बिना किसी देरी के आगे बढ़ाने का काम करें। सम्मेलन में विकास एवं पंचायत मंत्री ने पंचायत प्रतिनिधियों को जीरो टॉलरेंस नीति पर कायज़ करते हुए विकास में भागीदार बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों में भी शहरों की तर्ज पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कृतसंकल्प है। नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधि भी गांव की सरकार के रूप में विकास कार्य पूरी निष्ठा, पारदर्शिता व ईमानदारी से करवाएं। देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि ग्रामीण विकास की जिस सोच के साथ आप जन प्रतिनिधि बने हैं, उस पर खरा उतरते हुए जनसेवा को समर्पित होकर कार्य करने में आगे बढ़ें। सरकार आपका पूरा सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधि गांवों का विकास नेक व साफ नियत से करवाने का काम करें।

**एकजुटता से अपने गांव को स्वच्छ बनाएं** : विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने पंचायत प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को आगे बढ़ाने का काम करें। स्वच्छता की दिशा में सार्थक कदम बढ़ाते हुए श्रमदान अवश्य करें और गांव को स्वच्छ बनाकर सुखद वातावरण की परिकल्पना को साकार करें। उन्होंने कहा कि गांवों को स्वच्छ बनाने के लिए एक टीम वर्क के साथ गांवों का सर्वांगीण विकास करवाएं। इसके लिए जनप्रतिनिधि सप्ताह में कम से कम 2 घंटे का समय गांव की स्वच्छता के लिए अवश्य निकाले। स्वच्छता अपनाते हुए स्वच्छ भारत मिशन में पंचायतों का महत्वपूर्ण योगदान रहा हैं। उन्होंने कहा कि डोर टू डोर कूड़े को उठाने के लिए सरकार कदम उठा रही है।

# फसल को कीट पतंगों से बचाने के लिए खेतों में लगाएं सोलर पावर एलईडी लाइट ट्रैप

## सरकार द्वारा उपकरण पर दी जा रही है 75 प्रतिशत तक की सब्सिडी

**गुरुग्राम।** प्रदेश सरकार द्वारा खेती में पेस्टिसाइड्स के बढ़ते उपयोग को कम करने के लिए विभिन्न प्रकार की अनुदान योजनाएं चलाई जा रही हैं। अब इसी क्रम में किसानों की फसलों को कीट पतंगों से बचाने व खेती में पेस्टिसाइड्स की निर्भरता को कम करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा सोलर पावर एलईडी लाइट ट्रैप उपकरण पर 75 प्रतिशत का अनुदान प्रदान किया जा रहा है।

खेतों में फसलों और सब्जियों को कीट भारी नुकसान पहुंचाते हैं। जिससे बचने के लिए किसान पेस्टीसाइड का उपयोग करते हैं। ये रसानियिक दवाइयां कीटों को तो मार देती हैं, लेकिन इसके जहरीले अंश मिट्टी में मिलकर उसकी उत्पादन क्षमता व किसान का स्वास्थ्य दोनों को प्रभावित करते हैं। ऐसे में जिला में किसानों को पेस्टीसाइड के खतरों से दूर करने और फसलों को कीटों से बचाने के लिए अब एडवांस सोलर लाइट ट्रैप अपनाने पर जोर दिया जा रहा है।

जिला बागवानी अधिकारी डॉ. नेहा यादव ने उपकरण की कार्यशैली की जानकारी देते हुए बताया कि इसमें एक छोटी सोलर प्लेट लगाई जाती है। जो दिन में उपकरण में नीचे की तरफ लगी बैटरी को चार्ज करती है। बीच में खाली जगह छोड़ कर एक इलेक्ट्रीक रैकेट लगा दिया जाता है। रैकेट के ऊपर कुछ छोटे छोटे बल्ब लगा दिए जाते हैं। जो सौर ऊर्जा से चार्ज हुई बैटरी से जलते हैं। इन बल्बों को देखकर कीट पतंगें आकर्षित होते हैं और इलेक्ट्रिक रैकेट की चपेट में आकर मर जाते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा प्रत्येक उपकरण पर 75 प्रतिशत तक का अनुदान प्रदान किया जा रहा है। अनुदान का लाभ एक किसान को प्रति एकड़ एक उपकरण व अधिकतम 10 एकड़ तक ही इसका लाभ दिया जाएगा।

डॉ नेहा ने बताया कि इच्छुक किसान अपनी बैंक पास बुक, आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र व पैन कार्ड के साथ किसी भी नजदीकी सीएससी केंद्र पर जाकर हॉर्टिनेट पोर्टल पर अपना आवेदन कर सकते है। उन्होंने कहा कि आवेदक किसान का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण आवश्यक है। किसी किसान को योजना के बारे में अधिक जानकारी चाहिए तो वह किसी भी कार्य दिवस पर गुरुग्राम स्थित जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर सकता है।

# संक्षिप्त समाचार

## आरबीएसएम स्कूल की फुटबॉल टीम राष्ट्रीय स्तर को चयनित


भोंडसी के आरबीएसएम स्कूल की फुटबॉल टीम।

**सोहना।** आरबीएसएम स्कूल की फुटबॉल टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली सीबीएसई प्रतियोगिता में अपना स्थान पक्का किया। हाल ही में जिला महेन्द्रगढ़ में हुई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया था। इस टीम के गोलकीपर को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के सम्मान से सम्मानित किया है। हाल ही में जिला महेन्द्रगढ़ के खातोद के आरपीएस सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आयोजित हुई राज्य स्तरीय सीबीएसई फुटबॉल प्रतियोगिता में भोंडसी के आरबीएसएम स्कूल की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया था। जिसके आधार पर आरबीएसएम स्कूल की अंडर-19 टीम का चयन राष्ट्रीय स्तर पर होने वाल प्रतियोगिता में हो गया है। इस टीम के निखिल कुमार को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के सम्मान से सम्मानित किया गया है। विद्यालय के निर्देशक भागीरथ राघव और विमला राघव ने विद्यार्थियों को उनकी इस सफलता के लिए बधाई देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया है।

## गर्म पानी से झुलसी बच्ची की उपचार के दौरान मौत

**सोहना।** गर्म पानी से भरी बाल्टी में गिरने से जख्मी हुई शहर के वार्ड-17 की निवासी 3 वर्षीय बच्ची ने दिल्ली के एम्स अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक बच्ची सात दिन पहले घर के आंगन में रखी उबलते पानी से भरी बाल्टी में स्नान करने के दौरान गिर गई थी। शहर के वार्ड-17 में रहने वाली तीन वर्षीय कृति पुत्री सोहनपाल 5 दिसम्बर को अपने घर के आंगन में गर्म पानी से भरी बाल्टी में स्नान करने के जोश में उछलकर गिर गई थी। गर्म पानी गिरने से जोरदार चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजनों ने तीन वर्षीय कृति को भाग कर बाहर निकाला। लेकिन तब तक कृति का शरीर पैरों से लेकर पेट तक गर्म पानी में झुलस गया था। जिसे तुरन्त स्थानीय नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। जहा से जिला नूंह के नल्हड़ अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, लेकिन बच्ची की हालत अधिक गंभीर होने के कारण दिल्ली के एम्स अस्पताल के लिए रेफर करने पर परिजनों ने दाखिल कराया था। जहां तीन वर्षीय बच्ची पिछले 7 दिन से जिन्दगी की लड़ाई हार गई और सोमवार की रात को मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने पीड़ित पिता की जानकारी के बाद कानूनी कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया। मंगलवार को परिजनों ने दिल्ली के एम्स अस्पताल से लेकार अंतिम संस्कार कर दिया।

## औचक निरीक्षण में एसडीएम ने विद्यार्थियों को पढ़ाया इतिहास


मंगलवार को राजकीय संस्कृत मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को इतिहास विषय पढ़ाते सोहना एसडीएम जितेन्द्र गर्ग।

**सोहना।** एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने स्कूल का औचक निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों को कक्षा में जाकर इतिहास का पाठ पढ़ाया। एसडीएम ने विद्यार्थियों के इतिहास विषय को आसान तरीके पढ़ने के गुर सिखाए। मंगलवार को सोहना एसडीएम जितेन्द्र गर्ग अपने औचक निरीक्षण के दौरान शहर के ही राजकीय संस्कृत मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल पहुंच गए। एसडीएम ने स्कूल में शिक्षकों की हाजिरी रजिस्टर से लेकर हाजिर और गैरहाजिर शिक्षकों की जांच की। शिक्षकों को पढ़ता देख आखिर एसडीएम के मन का जज्बा जाग गया। उन्होंने कक्षा 12वीं के कमरे में जाकर विद्यार्थियों का इतिहास के विषय को पढ़ाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों से एसडीएम ने कुछ सवाल भी पूछे। जिन्हें विद्यार्थी बताने में सफल रहे। एसडीएम विद्यार्थियों को आने वाले वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी को लेकर भी आसान तरीके बताए। औचक निरीक्षण के बाद एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने बताया कि आने वाला समय में वार्षिक परीक्षाओं का है। अपने साप्ताहिक नियम के तहत खंड में स्कूलों का निरीक्षण जारी रहेगा।

## मामूली सी बात पर दोस्त ने जिगरी को कुल्हाड़ी से घायल किया

**सोहना।** मामूली सी कहा सुनी पर दोस्त ने दोस्त पर कुल्हाड़ी से हमला करके जख्मी कर दिया। घायल युवक को पहले गुरुग्राम तथा बाद में दिल्ली के एम्स अस्पताल में दाखिल कराया है। सदर थाना सोहना का गांव खेड़ला निवासी अतुल से मिलने के लिए 7 दिसम्बर को गांव की निवासी उसके तीन दोस्त देवेन्द्र उर्फ डेविड, सौरभ और यश मिलने के लिए उसके घर पर गए थे। इस दौरान देवेन्द्र उर्फ डेविड और अतुल के बीच किसी बात को लेकर आपस में कहासुनी हो गई। जिसको लेकर अतुल ने गुस्सा में पास पड़ी कुल्हाड़ी को उठाते हुए देवेन्द्र उर्फ डेविड के सिर पर हमला कर दिया। कुल्हाड़ी से लगी चोट से देवेन्द्र उर्फ डेविड लहुलुहान हो गया। जिससे उसके पास खड़े दो अन्य दोस्त सौरभ और यश उसे गुरुग्राम के पार्क अस्पताल में ले गए।

# इंटरनेशनल हॉर्स राइडिंग में गुरुग्राम की प्रगति तायल ने लगाई ऊंची छलांग


हॉर्स राइडिंग प्रतियोगिता में भाग लेती प्रगति तायल।

**गुरुग्राम।** घोड़े की लगाम थाम उसे अपने मुताबिक चलाकर गुरुग्राम की बेटी प्रगति लगातार ऊंची छलांग लगा रही है। प्रगति तायल ने मेरठ में हुए इंटरनेशनल गेम्स में नॉर्थ इंडिया में चौथा और इंडिया में 12वां स्थान हासिल किया है। अब वह मार्च में होने वाली प्रतियोगिता की तैयारियों में जुट गई हैं।

मेरठ के मोदीपुरम स्थित मोदी घुड़सवारी अकादमी में इंटरनेशनल हॉर्स राइडिंग प्रतियोगिता का आयोजन 14 अक्टूबर से 23 अक्टूबर 2022 तक किया गया। इसमें 81 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इन्हीं में गुरुग्राम की हॉर्स राइडर प्रगति तायल भी थीं। अपने जेम्मा हॉर्स के साथ वे पूरे जोश और जुनून के साथ खेल के मैदान पर उतरीं। घोड़े की लगाम थामे आत्मविश्वास से लबरेज प्रगति तायल ने घोड़े को दौड़ाना शुरू किया और सभी बाधाओं को पार करती आगे बढ़ती रही। उनके खेल की कला को देखकर दर्शक, ऑफिशियल्स लगातार तालियां बजाते रहे। इस तरह से प्रगति तायल ने इस प्रतियोगिता में अपना लोहा मनवाया। प्रगति इस प्रतियोगिता में देशभर में 12वें स्थान पर और नॉर्थ इंडिया में चौथे स्थान पर रहीं हैं। प्रगति तायल कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल एवं सह-संस्थापक व पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल की भांजी है। प्रगति को इस सफलता के लिए गोयल बंधुओं ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

**अब 2023 में मेरठ में होगी स्पर्धा** : इस प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के बाद अब प्रगति तायल आगामी मार्च 2023 में मेरठ के आरवीसी सेंटर एंड कालेज में नेशनल घुड़सवारी प्रतियोगिता के लिए तैयारियों में जुट गई हैं। वह दिल्ली में ट्रेनर तेजस ढींगरा से ट्रेनिंग ले रही हैं। बता दें कि प्रगति ने हॉर्स राइडिंग की अपनी लोकप्रियता के चलते अपनी नौकरी तक छोड़ी है। वह वर्ष 2015 से 2021 तक एक कंपनी में जॉब करती थी। हॉर्स राइडिंग के प्रति उनकी दीवानगी ने उन्होंने आज अंतरराष्ट्रीय स्तर की हॉर्स राइडर बना दिया है। उनके बिजनेसमैन पिता सतीश तायल व मां ललित तायल ने उनके सपनों को पूरा करने में हमेशा साथ दिया है।

# मनुष्य की आधारशिला दिखती है नैतिक मूल्यों में

## गुरुग्राम विवि में हुआ दो दिवसीय संयुक्त अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम विवि में दो दिवसीय संयुक्त अंतराष्ट्रीय सम्मेलन का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते अतिथि।

**मंगलवार** को गुरुग्राम विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग और कॉलेज ऑफ बिजनेस वैलपराइसो विवि इंडियाना यूएसए के संयुक्त तत्वावधान में वैश्विक चुनौतियां: सहयोग, नैतिकता और लचीलापन विषय पर दो दिवसीय संयुक्त अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन हुआ।

उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड नई दिल्ली के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) केके अग्रवाल ने कहा कि बिना नैतिकता के व्यापार, खतरनाक होता है। नैतिकता के माध्यम से मनुष्य क्या सही है और क्या सही नहीं है, इन विचारों पर सही निर्णय ले पाता है। श्रीअग्रवाल ने कहा कि मनुष्य की आधारशिला उसके नैतिक मूल्यों में दर्शित होती है। वर्तमान समय में, पूरी दुनिया एक ग्लोबल विलेज के रूप में तब्दील हो गई है, लेकिन वैश्वीकरण के इस दौर में देशों के बीच युद्ध, असंतोष और कोरोना जैसे संकट ने संपूर्ण विश्व के समक्ष कई चुनौतियां पेश की है। ऐसे समय में विचार-विमर्श के लिए गुरुग्राम विश्वविद्यालय द्वारा चुने गए विषय की वे सराहना करते हैं।उनो मिंडा ग्रुप के अध्यक्ष और मैनेजिंग डायरेक्टर निर्मल कुमार मिंडा ने कहा कि आज के समय की ज्यादातर समस्याओं का समाधान शांति एवं भाईचारा से संभव है। वर्तमान विश्व की आवश्यकता भी यही है। ऐसे आयोजन संस्थानों के बीच आपसी समझ, सहयोग और किसी भी समस्या का व्यावहारिक समाधान खोज कर उसे साझा करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि हम चर्चा और विचार करके विश्व की बड़ी से बड़ी चुनौतियों का सामना आसानी से कर सकते हैं। डीन-कॉलेज ऑफ बिजनेस, वैलपराइसो यूनिवर्सिटी, इंडियाना, यूएसए के प्रो. (डॉ.) निकलास एरहार्ट ने भी अपनी बात रखी। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष और गुरुग्राम विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम इसलिए किया गया है, ताकि दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक, अनुसंधान और संस्थागत सहयोग के लिए एक रूपरेखा स्थापित हो।

# सभी वर्गों के मनोहर सपने पूरे कर रहे मुख्यमंत्री खट्टर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## ब्राह्मण समाज की दशकों पुरानी मांगें मुख्यमंत्री ने की पूरी

## करनाल में आयोजित परशुराम महाकुंभ ने रचा इतिहास

**भाजपा** के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं हरियाणा डेयरी सहकारी विकास प्रसंघ के पूर्व चेयरमैन जीएल शर्मा ने करनाल में आयोजित भगवान परशुराम महाकुंभ में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की ओर से ब्राह्मण समाज के लिए की गई घोषणाओं के लिए मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया है।

उन्होंने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, केंद्रीय मंत्री अश्वनी चौबे, रोहतक के सांसद डॉ. अरविंद शर्मा, प्रदेश के केबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा सहित समारोह में शामिल पार्टी के सभी नेताओं का भी आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सभी वर्गों के मनोहर सपने पूरे कर रहे हैं। भगवान परशुराम महाकुंभ में की गई घोषणाओं से पूर्व भी मुख्यमंत्री ने प्रदेश के अलग-अलग वर्गों की मांगों को पूरा किया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल सबका साथ, सबका विकास की अवधारणा को पूरी


जीएल शर्मा।

तरह चरितार्थ करते हुए अपनी कथनी और करने को एक तार करते जा रहे हैं। प्रदेश के गठन के बाद से पुरोहित और पुजारी समाज अपने कल्याण की बात जो रहा था, जिसे मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पूरा कर दिया है। पुरोहित, पुजारी समाज के कल्याण के लिए विशेष कल्याण बोर्ड गठित होगा। महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी में महर्षि चाणक्य के नाम से एक चेयर होगी स्थापित होगी। गौड़ ब्राह्मण कालेज में अब 100 सीटें होंगी। केंद्र सरकार को 35 एमएस व एमडी की सीटों के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। कैथल मेडिकल कालेज भगवान परशुराम के नाम पर होगा। भगवान परशुराम के जन्मदिन (अक्षय तृतीया) पर गैजेटेड छुट्टी होगी। पहरावर की जमीन के लिए 51 लाख रुपये मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पहले ही स्वीकृत किए हुए हैं। पहरावर की जमीन गौड़ ब्राह्मण कालेज को मिलेगी।

# अरावली पहाड़ी में फिर से नजर आएंगे पुरानी प्रजाति औषधि वाले पेड़-पौधे

## औषधि पौधों की प्रजाति को फिर से पनपाने की कवायद शुरू कर दी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


गांव खेड़ला से लगती अरावली पहाड़ी में वन विभाग द्वारा बनाई जा रही पत्थरों की दीवार।

**सोहना** के गांव खेड़ला और गुरुग्राम नगर निगम का गांव कादरपुर से लगती अरावली पहाड़ी में फिर से औषधि देने वाले पेड़-पौधे नजर आएंगे। वन विभाग ने जिनकी सुरक्षा में लूज स्टोन वॉल बनाते हुए घेराबंदी शुरू कर दी है। ताकि पुरानी प्रजाति के औषधि देने वाले पेड़-पौधों की जड़ों को जंगली जानवरों से लेकर आरावा घूमने वाले गाय, भैस, भेड़-बकरियों से सुरक्षित बचाया जा सके।

वन विभाग ने अरावली पहाड़ी की आन, बान और शान रहे औषधि व फल देने वाले पौधों की प्रजाति को फिर से पनपाने की कवायद शुरू कर दी है। वन विभाग ने सोहना के गांव खेड़ला और नगर निगम गुरुग्राम के गांव कादरपुर से लगती अरावली पहाड़ी में 25-25 हैक्टेयर जमीन को चिह्नित किया है। इस जमीन की घेराबंदी के लिए लूज स्टोन वॉल (पत्थर की कच्ची दीवार) बनाई जा रही है। ताकि औषधि और फल देने वाले पेड़-पौधों को सुरक्षित वातावरण मिले सके। चिन्हित की गई जगह पर लूज स्टोन वॉल (पत्थर की कच्ची दीवार) पर बनाई जा रही दीवार करीब सवा चर फुट ऊंची और पौना मीटर चौड़ी होगी। जिससे अरावली पहाड़ी में जीवन यापन कर रहे रोज, नील गाय, जंगली सूअर, ग्रामीणों द्वारा चारा खाने के लिए छेड़े जाने वाली गाय-भैंस व भेड़-बकरियां कूदकर अंदर घेरे में न जा सके। इसके साथ मस्कट (काबली कीकर) की कटाई करके हटाया जा रहा है। इनके स्थान पर जगह करीब 10 हजार नये पौधे लगाएं जाएंगे।

**पुरानी प्रजाति पेड़ व पौधों की जड़ें संवारना शुरू** : वन विभाग ने औषधि देने वाले पेड़-पौधों की प्रजाति में शामिल देशी कीकर, रौंज, पसेंधू, ढाख, बांसा, हीस, करील, अमलताश, धौख, खैरी, पापड़ी, बड़, पीपल, हिंगौट, झड़बेरी, कानापुला आदि 50 से 60 प्रजाति के औषधि व फल देने वाले हैं।

> **खेड़ला** और कादरपुर से लगती अरावली पहाड़ी में लूज स्टोन वॉल (पत्थर की कच्ची दीवार) के निर्माण पर 90 से 95 लाख रुपये की राशि खर्च की जा रही है। जिनके अंदर 5000-5000 हजार पौधे नये सिरे से लगाए जा रहे हैं। इस योजना से अरावली पहाड़ी में फिर से औषधि व फलदार पेड़-पौधे नजर आएंगे।
>
> **विनोद कुमार**
> **(वन अधिकारी खंड सोहना)**

# यातायात में सुधार के लिए सप्ताह में दो दिन होगी जांच : एसडीएम

**सोहना।** यातायात के नियमों के नियमों की पालन ना करने वाले वाहन चालकों पर शिकंजा कसा जाएगा। गैर सरकारी स्कूलों के सड़कों पर दौड़ने वाले वाहनों की जांच होगी। क्षमता से अधिक विद्यार्थियों को बैठाने वाले वाहन चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सोहना एसडीएम अब क्षेत्र की सड़कों पर दौड़ने वाले वाहनों का सप्ताह में एक से दो बार जांच करा करेंगे। एसडीएम ने अपने इस अभियान की शुरुआत करते हुए सोमवार को छह स्कूल वाहनों का इम्पाउंड किया तथा करीब 34 वाहनों यातायात नियमों की पालन न करने पर चालान काटे। क्षेत्र की सड़कों पर जीडी गोयनका समेत केआर मंगलम, पाथवेज जैसे वल्ड स्कूलों से लेकर हरियाणा शिक्षा बोर्ड और सीबीएससी से मान्यता प्राप्त गैर सरकारी स्कूलों के करीब 100 के लगभग छोटे से बड़े वाहन दौड़ रहे हैं। अब इन वाहनों की सप्ताह में एक या दो बार एसडीएम जांच करा करेंगे। एसडीएम ने अपने कड़े शब्दों में कह दिया है कि किसी भी स्कूल वाहन में क्षमता से अधिक विद्यार्थी बैठें मिलेंगे। उस वाहन को तुरन्त इंपाउंड करते हुए उसके चालक और स्कूल मालिक के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। वाहन जांच के दौरान उसे चलाने वाले चालक का लाइसेंस समेत उसकी स्वास्थ्य जांच और नजरों की जांच भी कराई जाएगी।



सोमवार को एसडीएम जितेन्द्र गर्ग द्वारा शहर के दमदमा मोड़ पर की गई वाहनों की जांच।

> **यातायात** नियमों में जिम्मेदार विभाग के कर्मचारियों को भविष्य में लापरवाही बरतने पर कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को यातायात और नगर परिषद प्रशासन को सड़क किनारे हो रहे अवैध कब्जे हटाने होंगे। दोनों ही विभाग को सूचित कर दिया है।
>
> **जितेन्द्र गर्ग**
> **(एसडीएम सोहना)**

# जीएमडीए के रेसिडेंट एडवाइजरी काउंसिल के सदस्य बनें बोधराज सीकरी

## बोध राज सीकरी ने किया मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


जीएमडीएम के सीईओ से मुलाकात करते बोधराज सीकरी।

**हरियाणा** प्रांत सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष, भाजपा कार्यकारिणी के सदस्य, विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस आयोजन समिति के सदस्य के साथ बोधराज सीकरी को अब गुरुग्राम मेट्रोपोलिटन विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) के रेसिडेंट एडवाइजरी काउंसिल का सदस्य नियुक्त किया गया है। मंगलवार को जीएमडीए के सीईओ ने उनका स्वागत किया।

इस दायित्व के निमित्त विभाग की ओर से बोधराज सीकरी को औपचारिक पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया। अपनी इस नई उपलब्धि पर बोधराज ने कहा कि इस दायित्व के लिए वे प्रांत के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ का आभार प्रकट किया है। जिस प्रकार पूर्व में मिले विभिन्न दायित्वों को पूरी जिम्मेदारी के साथ और निष्ठावान तरीके से निभाया है, उसी कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपनी इस जिम्मेदारी का भी पूर्ण मनोयोग से निर्वहन करेंगे। श्री सीकरी ने कहा कि गुरुग्राम एक कारपोरेट शहर है। वे अपने 52 साल के अनुभव को प्रदेश सरकार को दें और जनहित में काम करें। उन्होंने कहा कि जनसेवा ही उनके जीवन का उद्देश्य है, अपने गुरुग्राम के विकास में मेरे प्रयास उपयोगी हो सकें, इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए वे हर क्षण प्रयासरत हैं। मुख्य कार्यकारिणी अधिकारी जीएमडीए सुधीर राजपाल से शिष्टाचार भेंट करके उनको आश्वस्त किया कि वे सेवा के लिए कटिबद्ध हैं। उनके कथानुसार उन्होंने गुड़गांव को गुरुग्राम बनते देखा है। उनकी जन्मभूमि और कर्म भूमि होने के नाते वह लोगों की समस्याओं से वाकिफ हैं।

# स्वास्थ्य सर्वेक्षण योजना के कारण बढ़ी भीड़ से मरीज परेशान

कविता। फरीदाबाद



पंजीकरण काउंटर के बाहर लगी मरीजों और एमएमएसएसवाई के लिए लोगों की भीड़ तथा प्रयोगशाला के बाहर लगी भीड़

**मुख्यमंत्री** स्वास्थ्य सर्वेक्षण योजना के तहत शहर के बादशाह खान अस्पताल में सभी आयुष्मान कार्ड धारकों की स्वास्थ्य जांच की जा रही है। जिससे गत 28 नवंबर से लोगों की जांच की जा रही है। जिसमें आयुष्मान कार्ड धारकों के परिवार के सदस्यों की जांच की जा रही है।

जिसमें उनके ब्लड टेस्ट, बीपी और शुगर की जांच की जा रही है। जिससे बीके अस्पताल परिसर में भीड बढ़ रही है। रोजाना 50 से 100 परिवार कार्ड बनवाने पहुंच रहे है। इस दौरान उन्हें कैटेगरी में विभाजित किया जा है। जिसमें छह कैटेगरी बनाई गई हैं। शून्य से 60 वर्ष तक की आयुवर्ग के लिए इलाज की सुविधाएं उपलब्ध हैं। शून्य से 18 वर्ष का इलाज कमरा नम्बर 23 और 18 से अधिक आयुवर्ग का इलाज कमरा नम्बर 21 में किया जा रहा है। जहां लोगों के सम्पूर्ण जांच के बाद इलाज के लिए आगे भेजा जाता है। यदि स्वास्थ्य है तो फिर उन्हें फिट दर्शा दिया जाता है। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सर्वेक्षण योजना (एमएमएसएसवाई) के तहत आयुष्मान कार्ड धारकों के स्वास्थ्य की जांच के निर्देश विभाग ने जारी किए हैं। जिसे देखते हुए कार्ड धारकों की स्वास्थ्य जांच बीके सिविल अस्पताल में की जा रही है। जिसके कारण अस्पताल में भीड़ बढ़ गई। भीड़ के कारण मरीजों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। हालांकि बच्चों और 18 वर्ष से अधिक आयु के लिए दो कक्षों की व्यवस्था की गई है, लेकिन इस दौरान होने वाली जांचों के लिए अलग से व्यवस्था नहीं है। जिस कारण जांच कक्षों के बाहर मरीजों और आयुष्मान कार्ड धारकों की भीड़ साफ देखी जा सकती है।

**नहीं की अलग व्यवस्था :** बीके अस्पताल में रोजाना 1500 से 2500 की संख्या में मरीज अपना इलाज करवाने के लिए आते हैं। जिसके लिए विभिन्न कक्षों में मरीजों को इलाज की सुविधाएं मिलती है। लेकिन पिछले कुछ समय से यहां इलाज के लिए आने वालों को प्रदेशभर में चल रही मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सर्वेक्षण योजना के कारण परेशानियां झेलनी पड़ रही है। क्योंकि आयुष्मान कार्ड धारक परिवारों के सभी सदस्यों की स्वास्थ्य जांच अस्पताल में की जा रही है। लेकिन उनके लिए जांच कक्ष तो अलग हैं, लेकिन पंजीकरण काउंटरों के अलावा सैम्पल जांच कक्ष एक ही बना हुआ है, ऐसे में जांच केन्द्र के बाहर भीड़ लगी हुई देखी गई। जिससे यहां आने वाले मरीजों को भारी परेशानियां झेलने को मजबूर होना पड़ रहा है।

# हथियारबंद बदमाशों ने घर में घुसकर महिला को बंधक बना की लूटपाट

## पीड़ित महिला मुजेसर गांव की सरकारी डिस्पेंसरी में स्टाफ नर्स के पद पर कार्यरत है

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


वह घर जहां पर लूटपाट हुई।

**सेक्टर-सात** ए में रहने वाली एक स्टाफ नर्स के घर मे घुसकर तीन युवकों ने उनके सिर में चोट मारकर बेहोश कर उन्हें बंधक बना लिया। जिसके बाद बदमाशों ने उनके घर में लूटपाट शुरू कर दी।

आरोपियों ने उनके घर से 20 तोला सोना, चांदी के सिक्के, करीब छह हजार रुपये की नकदी और एक मोबाईल फोन लूट लिया और मौके से फरार हो गए। पीड़िता को जब होश आया तो उन्होंने स्वयं कोशिश करते हुए खुद हाथ पैरों में बंधी रस्सी को किसी तरह खोला और अपनी पड़ोसन को जानकारी दी। पड़ोसन और किरायेदार ने उनके पति और रिश्तेदारों को सूचना दी। जिसके बाद परिजनों ने मौके पर पहुंच कर उनका इलाज करवाया और पुलिस को सूचना दी। समाचार लिखे जाने तक पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

**यह है पूरा मामला :** हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेक्टर-सात ए में रहने वाली बबीता शर्मा ने बताया कि वह मुजेसर गांव की डिस्पेंसरी में स्टाफ नर्स के पद पर काम करती है। उनके पति दिगम्बर दत्त शर्मा किसी काम से बाहर गए हुए थे और उनका बेटा अनुभव शर्मा बाहर खेलने गया था। उसी दौरान शाम करीब साढ़े सात से आठ बजे के बीच किसी ने दरवाजा खटखटाया। जिस पर दरवाजा खोलते ही तीन बदमाश धड़धड़ाते हुए अंदर घुस आए। एक बदमाश ने गले से पकड़कर सौफे पर पटक दिया। दूसरे ने पिस्तौल दिखा कर चुप रहने को कहा। तभी एक बदमाश ने तवा उठाया और सिर में मार दिया। जिससे वह लहूलुहान होकर बेहोश हो गई। जिसके बाद बदमाश घर में लूटपाट की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। बदमाशों के जाने के बाद जब होश आया तो बबीता का मुंह और दोनों हाथ कपड़ों से बंधे हुए थे। जिस पर मुंह से किसी तरह से उसने हाथों के जरिए और हाथों पर बंधे कपड़े को दांतों से खोला और पड़ोसन को आवाज दी। आवाज से पड़ोसन और किराएदार आशीष मौके पर पहुंच गए। आशीष ने उनके पति को बताया तो वह भी पहुंच गए और उनका इलाज करवाया। जांच करने पर पता चला कि तीनों लुटेरे उनके घर से 20 तौला सोना, जिसमें एक सोने का हार, दो सोने के कडे, एक सोने की अंगुठी, एक सोने का ब्रेसलेट, पांच जोड़ी सोने के टॉप्स, एक जोड़ी सोने की बाली और दो ओम के लोकेट, चार सोने की चेन के अलावा तीन से चार चांदी के सिक्के और छह हजार रुपये और एक मोबाइल फोन ले गए है। पुलिस ने मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है।

# ग्रेफ : अवैध उगाही का विरोध करने पर दबंगों ने की मारपीट


दबंगों की मारपीट का शिकार हुए पीड़ित अनुराग।

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद के सेक्टर 86 में स्थित पीयूष हाईट सोसायटी में रहने वाले एक व्यक्ति को चार दबंगों ने पीट पीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। पीड़ित व्यक्ति सोसायटी की आरडब्ल्यूए द्वारा नवीनीकरण के नाम पर की जा रही अवैध उगाही का विरोध कर रहा था। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को दे दी है। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ है।

पियूष हाईट सोसायटी में रहने वाले अनुराग ने बताया कि उनकी सोसायटी का बिल्डरों ने कंप्लीशन सर्टीफिकेट नहीं लिया है, लेकिन इसके बावजूद सोसायटी की आरडब्ल्युए द्वारा फ्लैट मालिकों से नवीनीकरण के नाम 38-38 हजार रुपये मांगे जा रहे हैं। रुपये देने का विरोध करने पर यह लोग बिजली काट कर परेशान करते हैं। जिसकी शिकायत उन्होंने पुलिस आयुक्त से की थी। पुलिस आयुक्त ने उन्हें एसीपी सेंट्रल के पास भेजा था। एसीपी सेंट्रल ने मामले को सिविल का बताते हुए एसडीएम के पास भेजा था। एसडीएम द्वारा आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों से परेशान करने का कारण पूछा गया था। जिसका वे लोग जवाब नहीं दे पाए। मामले की सुनवाई के बाद दोपहर को वे घर से बेटे को लेने स्कूल जा रहे थे। सोसायटी से निकलते चार युवकों ने उन्हें लाठी डंडों से पीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। हमलावरों को उन्होंने आरडब्ल्युए के पदाधिकारियों के साथ कई बार देखा है। पीड़ित का आरोप है कि उन्होंने ही उन पर हमला करवाया है। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सीएम फ्लाइंग नें दो ट्रक शराब सहित तस्करों को दबोचा


सीएम फ्लाइंग ने पकड़ी गई शराब।

**फरीदाबाद।** गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि हथीन डिस्टलरी से दो गाड़ियां जिला झज्जर के लिए रवाना हुई है जो वाया चरखी के रास्ते जानी थी, लेकिन अवैध तरीके से शराब की सप्लाई करने के लिए दोनों गाड़ियां फरीदाबाद में आ रही है, यदि चेकिंग की जाए तो गाड़िया काबू आ सकती है व सच्चाई का खुलासा हो सकता है।

इस सूचना के आधार पर मुख्यमंत्री उड़नदस्ता द्वारा आबकारी विभाग व स्थानीय पुलिस की मदद से बल्लबगढ़ से फरीदाबाद दिल्ली जाने वाली तरफ से गुजरने वालो वाहनों की चेकिंग की। जो थोड़ी देर में ही सूचना प्राप्त हुई कि दोनों गाड़ियां दसमेश प्लाजा अजरौंदा चौक पहुंच गई है। संयुक्त टीम वहां पहुची तो ट्रक दसमेश प्लाजा के बाहर खाली जगह में खड़ा मिला, जिसका चालक मौका देखकर भागने में कामयाब हो गया था, गाड़ी का केबिन खुला हुआ था, जिसे चेक करने पर कुछ दस्तावेज मिले। जिन्हें देखकर पाया कि यह गाड़ी अशोक डिस्टलरी हथीन से जसबीर ड्राल, बहादुरगढ़ जिला झज्जर के पास जानी थी। जिसमें बिल अनुसार 1200 पेटी देशी शराब मार्का मस्ताना है। मौका पर स्थानीय पुलिस व आबकारी निरीक्षक द्वारा विचार-विमर्श उपरांत गाड़ी में रखी हुई शराब की सभी पेटियों को गिनकर व उनके बैच नम्बर का गेट पास में दिए गए बैच नम्बर से मिलान उपरांत कानूनी कार्यवाही करने बारे कहा है। देर रात होने के कारण शराब की काउंटिंग नही हो सकी आज दिनांक 13 दिसंबर 2022 को नियमानुसार अनुसार गाड़ी में लोढ़ शराब की पेटियों का मिलान करके कार्यवाही की जाएगी।

# खेलों को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं युवा : विधायक राजेश नागर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


गर्ल्स कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते विधायक राजेश नागर व अन्य।

**तिगांव** के हाड़ा क्लब में गर्ल्स कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक राजेश नागर ने किया। इसके बाद उन्होंने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर अच्छा खेलने के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि हम सभी को खासकर युवाओं को खेलों को अपने जीवन का अहम हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजकल खेल स्वास्थ्य के साथ साथ नाम और पैसा कमाने का भी साधन है। खेलों के जरिये हमारे खिलाड़ी दुनियाभर में दौलत और शोहरत कमा रहे हैं वहीं हमारी मनोहर सरकार भी देश में सबसे ज्यादा इनाम दे रही है। राजेश नागर ने कहा कि आज भारत दुनिया भर के देशों को खेलों के मामले में भी टक्कर दे रहा है और हर राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हमारे खिलाड़ियों का प्रदर्शन सुधर रहा है। इसके पीछे खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और सरकार की नीतियों का अहम योगदान है।

राजेश नागर ने बताया कि हमारे हरियाणा की मनोहर लाल सरकार खिलाड़ियों को भरपूर सहयोग एवं सुविधाएं दे रही है। इसके लिए निरंतर खेल स्टेडियम बनाने और सभी गांव में खेल एवं योग नर्सरियां बनाने का काम तेजी से चल रहा है। नागर ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की बात कही। इस प्रतियोगिता में सागवान अकादमी, गुरु गोरखनाथ क्लब हापुड़, गुरुग्राम अकादमी, देव भड़ाना अकादमी, क्रीड़ा भारती दिल्ली, श्री अरविंदो कॉलेज, सी आर स्पोर्ट्स क्लब, हाडा क्लब ईस्ट विनोद नगर, सी आर वी स्पोर्ट्स क्लब, सीआरवी तेवर दिल्ली, कबड्डी इंडिया स्पोर्ट्स क्लब, धामा क्लब, धारा क्लब पानीपत, गाज़ियाबाद कबड्डी क्लब, मंडोली कबड्डी अकादमी ने भागीदारी की। कड़े मुकाबले में हाड़ा क्लब तिगांव ने पहला स्थान प्राप्त किया वहीं दूसरे और तीसरे स्थान पर सागवान अकादमी पानीपत और देव भड़ाना दिल्ली रहे।

# जेसी बोस विश्वविद्यालय में 'एथनिक डे' मनाया गया

**फरीदाबाद।** देश की समृद्ध संस्कृति और जातीय विविधता को उत्सव के रूप में मनाने के लिए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के छात्र कल्याण कार्यालय द्वारा 'एथनिक-डे' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह पहली बार है जब विश्वविद्यालय परिसर में इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। लगभग एक घंटे का शानदार आयोजन बहुसांस्कृतिक विविधता का केन्द्र रहा।

विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों ने उत्सव में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का आयोजन डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. शिल्पा सेठी की देखरेख में विश्वविद्यालय के छात्र परिषद के सदस्यों द्वारा किया गया। डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो लखविंदर सिंह ने कहा कि एथनिक-डे सांस्कृतिक विविधता का उत्सव है। यह युवा पीढ़ी को देश की विविध संस्कृतियों, जातीयता और धर्मों के प्रति प्यार और सम्मान को प्रोत्साहित करता है।

# छोटी सरकार योजनाओं को धरातल पर पूरा करना सुनिश्चित करे : पंचायत मंत्री

## गांव के विकास में 100 प्रतिशत धनराशि का का क्रियान्वयन सुनिश्चित हो

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद



सेक्टर-12 कंवेशन हाल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हरियाणा सरकार एवं विकास विभाग के मंत्री देवेंद्र बबली।

**हरियाणा** सरकार के पंचायत एवं विकास विभाग के मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में छोटी सरकार विकास कार्यों को धरातल पर पूरा करना सुनिश्चित करें। विकास कार्यों की 100 प्रतिशत धनराशि सीधा पंचायतों के पास आएगी और पंचायतों के प्रतिनिधि भी उस राशि का धरातल पर विकास करवा कर अपने गांव का सर्वांगीण विकास में भागीदारी सुनिश्चित करें। देवेंद्र बबली ने कहा कि राजनीति सेवा का माध्यम है। अधिक से अधिक लोगों की सेवा करके राजनीति के बदले हुए मायने के लिए सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी नीतियों का ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें।

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली मंगलवार को सेक्टर-12 कन्वेंशन हाल में जिला स्तरीय पंचायती राज्य सम्मेलन में जनप्रतिनिधियों के साथ सीधा संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार की जीरो टारलेंस की नीतियों का पंचायती राज विभाग के अधिकारी और जनप्रतिनिधि आपस में तालमेल करके बेहतर क्रियान्वयन करना सुनिश्चित करें। पंचायत मंत्री देवेंद्र बबली ने कहा क अब ग्रामीण क्षेत्र में रुपये 200000 से अधिक की राशि के टेंडर किए जाएंगे। पंचायती राज का सारा रिकॉर्ड डिजिटल किया जा रहा है। जो भी विकास का काम करें उसको ऑनलाइन करना सुनिश्चित करें। किसी भी कार्य में कोई भी गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा की 70 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्र में रहती है और मैं भी ग्रामीण क्षेत्र में पला पढा हूं। सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में और मुख्यमंत्री मनोहर लाल और डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व में प्रदेश में अंतिम छोर के व्यक्ति का विकास करने के लिए वचनबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के हर गांव में हर नागरिक को सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की सुविधा मिले और सरकार की भी मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्र का विकास भी शहरी तर्ज पर होना सुनिश्चित हो।

# सरकार के पैनल पर आया सुप्रीम अस्पताल

**फरीदाबाद।** अब सरकारी कर्मचारियों को बेहतर इलाज के लिए कहीं और नही जाना पड़ेगा। उन्हें चार्मवुड विलेज स्थित सुप्रीम अस्पताल में ही इलाज मिलेगा। सरकार की ओर से सरकारी कर्मचारियों के ईलाज के लिए सुप्रीम अस्पताल को नामित किया गया है। सुप्रीम अस्पताल में सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज किया जाएगा। जिले का कोई भी सरकारी कर्मचारी उनके यहां पर इलाज करवा सकता है।

इस मौके पर चेयरमैन प्रेम सिंह राणा एवं वाइस चेयरमैन दिग्विजय सिंह राणा ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों को निःशुल्क इलाज की सुविधा देना हमारे अस्पताल के लिए सौभाग्य की बात होगी। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारियों को इलाज के लिए दूर-दूर जिलों में जाना पड़ता था, क्योंकि यहां पर कोई भी अस्पताल पैनल पर नहीं था। अब सुप्रीम अस्पताल के पैनल में आने से सरकारी कर्मचारियों व उनके आश्रितों को अच्छा ईलाज मिलेगा। उन्होंने कहा कि सुप्रीम अस्पताल में हर प्रकार की बीमारी का इलाज बहुत ही सुचारू रूप से किया जाता है और सुप्रीम अस्पताल में मरीज को पूरी तरह से बीमारी मुक्त करके ही भेजा जाता है।

# नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने किया जागरुक



**फरीदाबाद।** हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव द्वारा हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के लिए चलाया गया जागरुकता अभियान के तहत नारकोटिक्स टीम प्रभारी इंस्पेक्टर सतपाल की टीम ने फरीदाबाद के तिलपत गांव में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को नशा मुक्ति के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर एनसीबी टीम के साथ स्कूल प्रिंसिपल पूनम मेहता, शिक्षक शमशेर सिंह राणा बृजेश शर्मा तथा आठवीं से बाहरवीं कक्षा के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा हरियाणा से नशे को खत्म करने के लिए चलाई गई नशा मुक्त हरियाणा-नशा मुक्त भारत मुहिम के तहत एनसीबी की टीम ने तिलपत गांव में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पहुंचकर वहां पर मौजूद छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों को नशे के दुष्प्रभाव तथा दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करते हुए इससे बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दी। स्कूल प्रिंसिपल पूनम मेहता ने नारकोटिक्स टीम का भव्य स्वागत किया। उन्हें गुलदस्ता भेंट करके जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत करने के लिए आमंत्रित किया। नारकोटिक्स टीम ने समाज को नशे जैसी कुरीतियों से बचाने पर बल दिया और पूरे राज्य में नशा मुक्त हरियाणा जागरूकता अभियान चलाए जाने के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किशोरावस्था में नवयुवक नशे की चपेट में बहुत आसानी से आ जाते हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## कर्मचारियों ने किया झाड़ू और काले झंडों के साथ प्रदर्शन



**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार द्वारा लिए फैसले अनुसार प्रदेश के अग्निशमन विभाग को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग में विलय करने के विरोध में एवं नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा व सरकार के बीच 29 अक्टूबर को कर्मचारियों की मांगों पर बनी सहमति के बाद नोटिफिकेशन जारी करने की मांग को लेकर नगर निगम व अग्निशमन विभाग के सैंकड़ों कर्मचारियों ने जिला उपायुक्त कार्यालय सेक्टर 12 पर हाथों में उल्टे झाड़ू व काले झंडों के साथ रोष प्रदर्शन कर एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया। विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के जिला प्रधान दलीप बोहत ने की तथा मंच का संचालन मनोज बालगोहर ने किया। प्रदर्शन में विशेष रूप से अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, उपमहासचिव सुनील चंडालिया, राज्य सचिव अनूप वाल्मीकि ने बताया कि बीते 19 से 29 अक्टूबर 2022 तक प्रदेश भर के नगरपालिका व अग्निशमन विभाग के कच्चे दमकल कर्मियों ने अपनी लंबित पड़ी मांगों के समाधान हेतु सड़कों पर उतरकर लगातार 11 दिन की जबरदस्त हड़ताल की थी। उन्होंने बताया कि यदि हरियाणा सरकर अपने इस फैसले से पीछे नहीं हटती तो 16 दिसंबर को फरीदाबाद में राज्य कमेटी की बैठक बुलाकर बड़े निर्णायक आंदोलन की घोषणा की जाएगी । उन्होंने कहा की नगरपालिका व अग्निशमन विभाग के 40000 कर्मचारी दोबारा से हड़ताल पर बैठने के लिए विवश हैं।

## ठंड के साथ अस्पताल में बीपी शुगर के मरीज बढ़े



**फरीदाबाद।** ठंड बढ़ने के साथ ही अस्पतालों में ब्लड प्रेशर और शुगर के मरीज बढ़ गए है। ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर 86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल में हार्ट ओपीडी में रोजाना 15 से 20 मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें युवाओं की संख्या अधिक है। कार्डियक डिपार्टमेंट डायरेक्टर सिम्मी मनोचा ने इसका कारण, ठंड में रक्तनलिकाओं के सिकुड़ने के साथ-साथ ब्लड प्रेशर का अनियंत्रित होना बताया है। सर्दियों में हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को विशेष सावधानी रखने की जरूरत होती है, क्योंकि थोड़ी सी लापरवाही में भी हाई अटैक का खतरा बढ़ जाता है। आजकल हर दूसरा व्यक्ति ब्लड प्रेशर की समस्या से जूझ रहा है और ऐसे में ठंड के मौसम में कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं। डॉ. मनोचा ने कहा कि उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हदय रोग या उच्च कोलस्ट्रॉल से पीड़ित रोगी को हार्ट अटैक होने का खतरा अधिक होता है।

## लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता में सराय स्कूल ने जीते नौ पुरस्कार

**फरीदाबाद।** गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद के विद्यार्थियों ने डिस्ट्रिक्ट लेवल लीगल लिटरेसी कंपटीशन में प्रशंसनीय प्रदर्शन कर नौ प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त किए। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा के निर्देशानुसार विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रथम चरण में सभी दस प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता की। द्वितीय चरण में जिला स्तरीय विधिक सेवा प्रतियोगिता में विद्यालय के अठारह विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की और सभी विद्यार्थी पुरस्कार प्राप्त कर लौटे। डिबेट, पावर प्लांट प्रेजेंटेशन, डॉक्यूमेंट्री फिल्म, क्विज, पोस्टर मेकिंग, स्किट, भाषण, कविता गायन, भाषण, पेटिंग और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का जिला स्तर पर दोनों खंडों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। सराय ख्वाजा फरीदाबाद के विद्यालय ने नौ प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त किए। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा और कहा कि त्र्यंबकेश्वर राय ने डॉक्यूमेंट्री फिल्म मेकिंग में प्रथम, रानी ने डिबेट में प्रथम, क्विज प्रतियोगिता में डिंपल, मंदरिश और बजरंगी प्रथम, आन द स्पॉट पेटिंग में नेहा प्रथम, निबंध लेखन में सोनी शर्मा द्वितीय, कविता गायन में काजल द्वितीय, स्किट में सूरज एवम टीम के आठों सदस्यों, स्लोगन लेखन में मोनिका तृतीय, पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन में अर्चना और स्लोगन लेखन में मोनिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## खेल प्रतिभाएं निखारने में सरकार का अहम योगदान : चेची



**फरीदाबाद।** जिले के नौ वर्षीय एथलीट दीप सिंह बख्शी के सम्मान में मंगलवार को क्राउन प्लाजा स्थित मोर देन पराठा रेस्तरां में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें डीएसपी सीएम फ्लाइंग राजेश चेची, जीएसटी दिल्ली के सुपरिटेंडेंट आनंत बाली और वरिष्ठ एथलीट अजय सांगवान मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस मौके पर डीएसपी राजेश चेची, आनंत बाली और पीएस बख्शी ने दीप को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभाओं को निखारने में सरकार का अहम योगदान है। वहीं आनंत बाली ने दीप और उनके परिजनों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल को हमेशा खेल की भावना से खेलना चाहिए और हार जीत की चिंता नहीं करनी चाहिए। दीप सिंह बख्शी के पिता एथलीट गुरदीप सिंह बख्शी ने बताया कि 8-10 दिसंबर को अंबाला में स्टेट जिमनास्टिक (एसजीएफआई) चैंपियनशिप आयोजित की गई थी। जिसमें सैकड़ों खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। अंडर-11 आयु वर्ग में ग्रेटर फरीदाबाद स्थित शिव नादर स्कूल के फोर्थ क्लास के दीप सिंह ने भी हिस्सा लिया।

## जतिन ने राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में जीता मेडल

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के एमए (अंग्रेजी) के छात्र जतिन चौधरी ने हाल ही में भोपाल में आयोजित 65वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में पदक जीतकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। जतिन ने 50 मीटर फ्री पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा के सीनियर वर्ग में सिल्वर मेडल और 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा के सीनियर वर्ग में कांस्य मेडल जीता है। फरीदाबाद के रहने वाले तथा मूल रूप से हिसार निवासी जतिन ने राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया था। कुलपति प्रो. एसके तोमर व कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने जतिन को उसकी उपलब्धि के लिए बधाई दी। खेलों में विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए उनके प्रदर्शन की सराहना की। विभाग के अध्यक्ष प्रो. डॉ. अतुल मिश्रा ने भी जतिन की इस सराहनीय उपलब्धि के लिए सराहना की है। प्रतियोगिता में जतिन 50 मीटर फ्री पिस्टल स्पर्धा में काफी करीबी अंतर से स्वर्ण से चूक गया। स्पर्धा में उसे 600 में से 551 अंक हासिल हुए थे, जबकि स्वर्ण पदक के लिए 600 में से 552 अंक चाहिए थे। जतिन ने कहा कि उन्होंने भविष्य की प्रतियोगिता में दोनों श्रेणियों में स्वर्ण जीतने का लक्ष्य निर्धारित किया है।


## पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**फरीदाबाद।** नेशनल स्कील क्वालिफिकेशन फ्रेम वर्क (एनएसक्यूएफ) के तहत आईटी/आईटीईएस औ ब्यूटी एंड वेलनेस ट्रेडस का 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय कन्या मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बल्लभगढ़ में आनंद सिंह जिला परियोजना समन्वयक, फरीदाबाद सतीश चन्द्रा खंड शिक्षा अधिकारी बल्लभगढ़ और शिखा गुप्ता सहायक रजिस्ट्रार, विश्वकर्मा विश्वविद्यालय, दुधौला ने किया। इस प्रशिक्षण में नूंह, पलवल और फरीदाबाद तीन जिलों के दोनों ट्रेडस के 50-50 कौशल अध्यापकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। ताकि वे शिक्षण कार्य को ओर प्रभावी रूप से कर पायें। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य नई शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यार्थियों को कौशलता प्रदान कर समक्ष बनाना है।

# पतन की पराकाष्ठा

## मोदी से असीम घृणा

**मध्य प्रदेश** में कांग्रेस के एक नेता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हत्या की इच्छा प्रकट कर दी। हालांकि, बाद में उन्होंने कहा कि उनका संकेत 'राजनीतिक हत्या' की ओर था। लेकिन यह मोदी से असीम घृणा के कारण पतन की पराकाष्ठा है। एक भी दिन ऐसा नहीं बीतता जब राजनीतिक बहस के स्तर में गिरावट न आती हो। इस सप्ताह का पहला दिन भी इसका कोई अपवाद नहीं था। मध्य प्रदेश में कांग्रेस के एक नेता और पूर्व मंत्री ने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हत्या चाहते हैं। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए राजा पटेरिया ने मोदी पर आरोप लगाया कि वे चुनावों को समाप्त कर देश को भाषा, क्षेत्र व जाति के आधार पर बांट रहे हैं। इस बात के कोई प्रमाण नहीं हैं कि प्रधानमंत्री या सत्तारूढ़ दल चुनाव व्यवस्था समाप्त करने का प्रयास कर रहे हैं। पटेरिया के बयान में ज्यादा आपत्तिजनक यह टिप्पणी थी कि 'केवल मोदी की हत्या से ही संविधान बचाया जा सकता है।' हालांकि, खबर के अनुसार पटेरिया ने 'यह भी जोड़ा कि हत्या से उनका अर्थ मोदी को हराना है।' वास्तव में इस बात पर बहस हो सकती है कि उन्होंने क्या कहा और उनका क्या मतलब था, लेकिन यहां महत्वपूर्ण तत्व राजनेताओं द्वारा अपने शत्रुओं के प्रति प्रयोग की जाने वाली शब्दावली है जो अक्सर घृणा, छुद्रता, बदला लेने की भावना तथा अनेक प्रकार के ऐसे दृष्टिकोणों व भावनाओं से भरी रहती है। इनसे मानवीय भावनाओं व सोच में गिरावट आती है। एक उदार लोकतंत्र में हमेशा विभिन्न विचारधाराओं व दृष्टिकोणों वाले लोग होते हैं तथा व्यवस्था में मत-भिन्नता अंतर्निहित है। इसलिए यदि राजनीतिक बहसों में सभ्यता नहीं होगी तो ये गाली-गलौज व निन्दा में बदल जाएंगी। हमारे देश में इस दिशा में काफी गिरावट आ चुकी है। हालांकि, सभी राजनीतिक पार्टियों व राजनेताओं का विश्वास है कि वे सत्य, अच्छाई व सुदंरता, यानी 'सत्यं, शिवम, सुंदरम' का मूर्तिरूप हैं।



इस प्रवृत्ति की स्वाभाविक परिणति यह है कि अनेक राजनेता अपने विरोधियों को झूठ, बुराई और कुरूपता का प्रतीक बता देते हैं। इसी प्रकार भारतीय जनता पार्टी के कुछ नेता किसी को भी आसानी से 'राष्ट्र-विरोधी' कह देते हैं। एक दूसरे पर हमले करना आम बात हो गई है और इस रास्ते पर चलने से इनकार करने वालों की व्यापक निन्दा होती है। इस तरह एक प्रकार से वैचारिक विरोध परस्पर बदला लेने व घृणा प्रदर्शित करने का माध्यम बन जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा के तेजी से उभार के पहले भी उसे अनेक प्रकार की घृणा व निन्दा का सामना करना पड़ता था। वामपंथी व उदारवादी अपने विचारों से थोड़ा सहमत लोगों की भी नियमित व दुष्टतापूर्ण आलोचना करते थे। इनमें अटल बिहारी वाजपेयी व लालकृष्ण आडवाणी शामिल हैं। मजेदार बात है कि अब वाम-उदारवादी इन दोनों नेताओं को उनकी सज्जनता व उदारता के लिए याद करते हैं। लेकिन 1980 व 1990 के दशक में दोनों भाजपाई नेताओं की निर्मम निन्दा व आलोचना की जाती थी। भाजपा व आरएसएस नेताओं व उनकी विचारधारा से जुड़े विद्वानों ने समझ लिया है कि बदला लेना न्याय नहीं है। कांग्रेसी नेता और वामपंथी बुद्धिजीवी अतीत में निन्दनीय रूप से व्यवहार करते हुए 'हिंदुत्ववादी' विचारकों को अपने मन की बात कहने की अनुमति नहीं देते थे। आज कुछ 'चरमपंथी हिंदुत्ववादी' भी उनकी कठोर प्रतिक्रिया करना चाहते हैं। कांग्रेस व अन्य भाजपा-विरोधी नेता अपने बयानों की आक्रामकता व विकृतियां सुधारने के इच्छुक नहीं हैं और इसकी प्रतिक्रिया स्वाभाविक है। प्रधानमंत्री मोदी पर खासकर विरोधियों ने उनके प्रति असीम घृणा के कारण निन्दाजनक हमले किए हैं। मोदी को विरोधियों द्वारा 'मौत का सौदागर', 'रावण', आदि कहा गया है। कांग्रेस को सभ्यता दिखाते हुए मोदी को 'गालियां' देना बंद करना चाहिए। उसे याद रखना चाहिए कि इसकी प्रतिक्रिया उनके लिए ही हानिकारक सिद्ध होती है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था, 'मैं दो-तीन किलो गालियां रोज खाता हूं। गालियां मेरे लिए पोषण का काम करती हैं।'

# इस्लामाबाद का खतरनाक खेल

सीमापार से घुसपैठ व आतंकी हमलों के रूप में उकसावे जारी हैं। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को इन खतरों से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए।



निष्ठा कौशिकी
निखिल शर्मा



तहरीके तालिबान पाकिस्तान-टीटीपी तालिबान की अफगानिस्तान-पाकिस्तान शाखा है जिसका देवबंदी-वहाबी नस्ली उन्मुखीकरण है। टीटीपी को अफगानिस्तान के जिहादी तत्वों ने खड़ा किया है। ये समूह 9-11 के पश्चात अमेरिका द्वारा छेड़े आतंकवाद के खिलाफ युद्ध व परिणामस्वरूप पड़ते दबाव के कारण पाकिस्तान के कबीलाई क्षेत्रों में जड़ें जमाने लगे थे। आधिकारिक रूप से टीटीपी की स्थापना 2007 में हुई थी, जबकि 2014 में दायेश या इस्लामिक स्टेट आफ ईराक एंड सीरिया-आईएसआईएस के पश्चिम एशिया तथा अफगानिस्तान-पाकिस्तान क्षेत्र में उभरने से स्थिति और जटिल हो गई। टीटीपी की क्रूरता दिसंबर, 2014 में पेशवर स्कूल पर हमले से स्पष्ट हुई। इसके परिणामस्वरूप पाकिस्तान सरकार ने उत्तरी वजीरिस्तान में आतंकवाद-विरोधी 'आपरेशन जर्बे अज्ब' शुरू किया, लेकिन इस कार्रवाई के फलस्वरूप हुए अत्याचारों के कारण कबीलाई चरमपंथियों में अलगाव और बढ़ा। दोनों समूहों ने संयुक्त रूप से अफगानिस्तान-पाकिस्तान क्षेत्र तथा उसके आगे भी 'इस्लामी खलीफत' की स्थापना की मांग की। इसके बाद पाकिस्तान के पास दो कठिन विकल्प बचे। पहला, अमेरिका के साथ सहयोग कर आतंकवादियों का समूल नाश करना तथा दूसरा, अमेरिका का विरोध कर समाज का पूरी तरह तालिबानीकरण करना, शरीया कानून स्वीकार करना तथा अपने लिए इस्लामी खलीफत का निर्माण करना। लेकिन रावलपिंडी की अवस्थापना इन निर्णयों में से किसी पर सहमत नहीं थी क्योंकि इससे अफगानिस्तान व पाकिस्तान में उसका 'अधिकार' व 'शक्ति' प्रभावित होते थे।

इसके साथ ही अमेरिका लगातार पाकिस्तान के बढ़ते 'बोझ' का अनुभव कर रहा था और इस क्षेत्र को अपने पंजों से मुक्त करना उसके लिए जरूरी हो गया। पाकिस्तान ने इस स्थिति में एक द्विआयामी दृष्टिकोण अपनाया जिसका केन्द्र 'अच्छे' और 'बुरे' तालिबान में अंतर करना था। इस रणनीति में पहले अमेरिका को अफगानिस्तान में आतंकी माड्यूल समाप्त करने में सहयोग करना तथा हक्कानी नेटवर्क जैसे कुछ समूहों को प्रोत्साहित करना था। इसके लिए 'आतंक' का प्रयोग एक सक्रिय विदेशी व सुरक्षा नीति उपकरण के रूप में किया गया जिसका संबंध खासकर अफगानिस्तान और भारत से था। हक्कानी नेटवर्क रावलपिंडी व पाकिस्तान-विरोधी टीटीपी जैसे समूहों के बीच महत्वपूर्ण मध्यस्थ की भूमिका भी अदा करता था। दूसरा, अमेरिका को तालिबान के साथ वार्ता की मेज पर आने के लिए मजबूर करना तथा स्वीकार्य समूहों को थोड़ी 'राहत' देना था। इसके साथ ही इस्लामाबाद ने 'वार्ताओं' को जटिल बना कर तालिबान को एक 'आतंकी माड्यूल' के बजाय महत्वपूर्ण पक्ष बना दिया तथा उसकी सुरक्षा को वैध बनाने के लिए अमेरिका की सुनियोजित वापसी सुनिश्चित कर दी। 2013 व 2014 में तालिबान ने दोहा व ईरान के खुरासाने रजावी में अपने कार्यालय बनाए जिनका घोषित उद्देश्य 'शांति व समझौता' था।

इससे तालिबान को राजनीतिक व राजनयिक स्पेस मिला। इस प्रकार तालिबान एक मजबूत पक्ष तथा पाकिस्तान अफगानिस्तान में सर्वाधिक महत्वपूर्ण पक्ष के रूप में उभरे। बाद में हुई घटनाओं के फलस्वरूप अमेरिका को मजबूरी में 2021 में यह क्षेत्र खाली करना पड़ा। लेकिन 2018 व 2021 के बीच 'ग्रांड चेसबोर्ड' की चालों के कारण पाकिस्तान इस क्षेत्र से अमेरिका को निकालने के लिए इतना उतावला हो गया कि उसने कुछ भयानक गलतियां कर डालीं। पहला, युद्धविराम समझौते के प्रति लचर रवैये के कारण टीटीपी को फिर एकजुट होने का मौका मिल गया और उसने पहाड़ी क्षेत्रों में अपने मजबूत अड्डे बना लिए। राजनीतिक अवस्थापना ने नवंबर 2021 में युद्धविराम समझौते पर बातचीत की और सुलह-समझौते की प्रक्रिया के अंतर्गत उसका विस्तार मई, 2022 तक कर दिया। दूसरी ओर कमर जावेद बाजवा के नेतृत्व में सैनिक अवस्थापना ने इसी कालखंड में जवाबी सैनिक आक्रमण जारी रखे जिनसे शांति प्रक्रिया प्रभावित हुई। इसके परिणामस्वरूप सरकार से समझौते की प्रक्रिया में अनेक उग्रवादी कार्यकर्ताओं की न्यायेत्तर हत्यायें की गईं। टीटीपी ने इसे युद्धविराम समझौते का सीधा उल्लंघन माना। इस कारण टीटीपी ने सेना के आक्रमणों को रोकने के लिए पाकिस्तानी अवस्थापना के खिलाफ 'रक्षात्मक लक्षित हमले' किए। दूसरा, पाकिस्तान ने जिहादी विमर्श को क्षेत्रीय के बजाय स्थानीय मुद्दा बनाने में नूर वली महसूद की भूमिका अनदेखी की। साझा समझ के आधार पर अफगान तालिबान और टीटीपी ने हाथ मिला लिए। चूंकि, पाकिस्तान ने अमेरिका के साथ नजदीकी के दिनों में दोनों के साथ धोखा किया था, इसलिए अपने नेताओं की मौत का बदला लेने के लिए दोनों समूह मजबूती से एकजुट हो गए। हालांकि, 2020 में टीटीपी ने कहा था कि उसका कोई क्षेत्रीय या वैश्विक एजेंडा नहीं है और वह केवल पाकिस्तान पर ध्यान देगा। इसके परिणामस्वरूप मजबूत उग्रवादी तत्वों तथा अन्य समूहों व बिखरे समूहों ने टीटीपी के प्रति निष्ठा दिखानी शुरू की। इससे उसका तेजी से पंजाब, सिंध व बलूचिस्तान में विस्तार हुआ। अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए टीटीपी ने बलूच स्वतंत्रता सेनानियों को गुरिल्ला युद्ध का प्रशिक्षण देना शुरू किया तथा सफलतापर्वक अलकायदा व आईएसआईएस के विभिन्न समूहों को हाशिए पर धकेल दिया।

तीसरा, बल प्रयोग व हिंसा पर रावलपिंडी के नियंत्रण को देखते हुए स्वाभाविक रूप से उम्मीद थी कि टीटीपी अफगान तालिबान का समर्थन लगातार जारी रखेगा, ड्यूरंड रेखा का सम्मान करेगा तथा स्वयं को अफगानिस्तान के मामलों तक सीमित रखेगा। लेकिन किसी रणनीतिक चुनौती के अभाव में तालिबान तुलनात्मक रूप से अफगान सीमाओं के आगे तक सोचने के लिए स्वतंत्र हो गया। उसने स्वयं को स्वतंत्र पक्ष के रूप में देखने तथा अफगानिस्तान की 'पाकिस्तान के रणनीतिक पिछवाड़े' की छवि तोड़ने के प्रयास शुरू कर दिए। इन घटनाओं से वाशिंगटन को क्षेत्र में रणनीतिक स्थान पुन: बनाने में सहायता की। हालांकि, अमेरिका ने टीटीपी के खिलाफ पाकिस्तानी अवस्थापना के समर्थन का वादा किया था, पर यदि अमेरिका भी अफगानिस्तान में 'धोखे' का बदला लेने का निर्णय करे तो मामला दिलचस्प हो जाएगा। यह परिदृश्य पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के लिए नई चुनौतियां पेश कर सकता है जिनको सुरक्षा मुद्दों पर कट्टरपंथी माना जाता है। टीटीपी को 'समाहित' करने का दृष्टिकोण रखने वाले आईएसआई प्रमुख पद से ले.जन. हमीद की विदाई के बाद वर्तमान सैनिक नेतृत्व का कट्टरपंथी दृष्टिकोण और मजबूत होगा। पाकिस्तान ने द्विआयामी दृष्टिकोण अपनाते हुए जहां उग्रवादियों के प्रति सैनिक जवाबी हमला तेज किया है, वहीं टीटीपी पर लगाम लगाने के लिए अफगान तालिबान को भी संकेत दिए हैं। पाकिस्तान ने 'अपनी रणनीति के पुन: उन्मुखीकरण' का आह्वान करने के साथ ही हिना रब्बानी खार द्वारा तालिबान को कहलाया है कि वह पाकिस्तान में टीटीपी पर लगाम लगाए। इससे उसका द्विआयामी दृष्टिकोण स्पष्ट होता है। लेकिन यदि अलकायदा, टीटीपी व आईएसकेपी पाकिस्तानी राज्य के खिलाफ संयुक्त आतंकी मोर्चा खोलते हैं तो स्थिति गंभीर हो सकती है। इसके साथ ही समानान्तर लक्षित हमले जारी रहेंगे।

ऐसे में भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को सीमापार से उकसावों के लिए तैयार रहना चाहिए जो बढ़ती घुसपैठ, सुरक्षा अवस्थापनाओं पर आतंकी हमलों, कश्मीर में अराजकता तथा सीमाओं पर छोटी झड़पों के रूप में हो सकते हैं। पाकिस्तान इस रणनीति का प्रयोग अपनी आंतरिक अराजकता से ध्यान हटाने के लिए कर सकता है। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को भौतिक व ड्रोन निगरानी तेज करते हुए ड्रोन जैमिंग तकनीक का व्यापक प्रयोग करना चाहिए। इसके साथ ही उसे समग्र समन्वित सीमा प्रबंधन व्यवस्था-सीआईबीएमएस तैनाती का काम पूरा करना चाहिए। भारत को सीमावर्ती हवाईअड्डों को शार्ट व मीडियम रेंज मिसाइलों से लैस करना चाहिए जो किसी पाकिस्तानी दु:साहस का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार हों। घरेलू व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दृष्टिकोण का प्रबंधन संसाधनों के समुचित उपयोग तथा सीमाओं पर ज्यादा सक्षम सुरक्षा ढांचा तैयार करने के लिए जरूरी है।

# व्यवसायों के लिए लाभकारी भारत की जी-20 अध्यक्षता

चंद्रजीत बनर्जी
(लेखक, भारतीय उद्योग परिसंघ के महानिदेशक हैं)

पिछले महीने बाली में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान राजनेताओं की घोषणा में 'अद्वितीय बहुआयामी संकट' के बारे में बात की गई थी, जिसका वर्तमान में दुनिया सामना कर रही है। इसमें सार्वजनिक निवेश में वृद्धि करने के साथ-साथ निजी निवेश को बढ़ावा देने और बहुपक्षीय व्यापार को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। वैश्विक अर्थव्यवस्था, सतत विकास और डिजिटलीकरण से संबंधित इसकी कई नीतिगत कार्रवाइयां; जी20 के व्ययसाय संवाद समूह, व्यापार 20 (बी20) द्वारा की गई सिफारिशों के अनुरूप थीं।

भू-राजनीतिक संबंधों के प्रत्यक्ष बदलाव के समय में, जी20 अध्यक्ष के रूप में भारत की भूमिका वैश्विक स्थिरता और व्यापक आर्थिक समन्वय पर केन्द्रित होगी, क्योंकि राष्ट्र महामारी के बाद, यूक्रेन संघर्ष और जलवायु परिवर्तन से निपटने का प्रयास कर रहे हैं।

वसुधैव कुटुम्बकम या 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' की थीम समसामयिक चुनौतियों को देखते हुए पूरी तरह उपयुक्त है और यह सामान्य वैश्विक मुद्दों का सामना करने के सन्दर्भ में, पूरी दुनिया को साथ मिलकर काम करने के लिए एक मंच देती है। बाली में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने जोर देते हुए कहा था, 'भारत की जी20 अध्यक्षता समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्रवाई-उन्मुख होगी।' भारत ने शेरपा ट्रैक के तहत 13 कार्य समूहों का गठन किया है, जो रोजगार, डिजिटल अर्थव्यवस्था और व्यापार तथा निवेश समेत अन्य क्षेत्रों पर सिफारिशें प्रदान करेंगे। वित्त ट्रैक के तहत, जी20 के वित्त मंत्री और केंद्रीय बैंक व्यापक आर्थिक विकास, आर्थिक जोखिम और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संरचना तथा अन्य बातों पर चर्चा करेंगे।

भारत द्वारा रेखांकित की गयी प्राथमिकताएं, दुनिया के सामने मौजूद महत्वपूर्ण मुद्दों का प्रतिनिधित्व करती हैं। जी20 देशों के बीच सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में, भारत ने व्यापार और निवेश, जलवायु परिवर्तन शमन तथा




डिजिटलीकरण जैसे क्षेत्रों को उल्लेखनीय रूप से प्रभावित किया है और देश आने वाले वर्ष में जी20 के नीतिगत निर्णयों को अंतिम स्वरूप देने के क्रम में एक बड़े विकासशील राष्ट्र के रूप में अपनी अंतर्दृष्टि का उपयोग कर सकता है। वैश्विक व्यापार, 2022 की अपेक्षित विकास दर 3.5 प्रतिशत की तुलना में धीमा होकर 2023 में केवल 1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। भारत आज उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) जैसी प्रगतिशील नीतियों, कारोबार में आसानी मिशन तथा अवसंरचना निर्माण, जिसने इसे वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के विविधीकरण में योगदान देने में सक्षम बनाया है, की मदद से एक वैश्विक विनिर्माण और व्यापार केंद्र के रूप में उभरा है। सतत विकास के सन्दर्भ में, भारत 2023 के जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक में शीर्ष 5 पायदान वाले राष्ट्र के रूप में उभरा है, जो जी20 के बीच सबसे बेहतर है। भारत ने प्रमुख क्षेत्रों के लिए अपनी दीर्घकालिक कम उत्सर्जन विकास रणनीति पेश की है और नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, ई-गतिशीलता और मिश्रित ईंधन में महत्वपूर्ण पहल कीं हैं, जो इसे अपने राष्ट्रीय निर्धारित योगदान के मार्ग पर आगे बढ़ाते हैं।

भारत में तेजी से डिजिटलीकरण हो रहा है, जो खुदरा, फिनटेक, शिक्षा और कई अन्य क्षेत्रों को बढ़ावा दे रहा है। 1.17 बिलियन मोबाइल फोन ग्राहकों और 700 मिलियन इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के साथ, भारत में अक्टूबर 2022 के दौरान यूपीआई पर 7 बिलियन लेन-देन हुए। देश ने अपने वैक्सीन मिशन के लिए भी डिजिटल तकनीक को सफलतापूर्वक लागू किया है।

इन क्षेत्रों में भारत का नेतृत्व, आने वाले वर्ष में जी20 को अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। इसे दुनिया के व्यवसायों के सुझावों का समर्थन मिलेगा, जो जी20 संवाद समूहों के सबसे बड़े समूह, बी20 के तहत विचारों को विकसित करेगा। नामित बी20 सचिवालय के रूप में, भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने सरकार सहित अन्य हितधारकों के परामर्श से, परिचर्चा के लिए नौ प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को रेखांकित किया है। व्यापार के लिए बी20 भारत की प्राथमिकताएं- विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में एकीकरण, सेवा व व्यापार का विविधीकरण और अफ्रीकी साझा बाजार के अवसरों का उपयोग करने पर ध्यान केंद्रित करेंगी। वित्तीय समावेशन के विस्तार के साथ वित्तपोषण व अवसंरचना के विकास की भी पहचान की गई है। प्रौद्योगिकी के तहत नवाचार और आरएंडडी, डिजिटल बदलाव और कार्य का भविष्य, कौशल निर्माण तथा मोबिलिटी जैसी प्राथमिकताओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बी20 के विचार-विमर्श से ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन और संसाधन दक्षता आदि क्षेत्रों को भी बहुत लाभ मिलने की उम्मीद है।

भारत की जी20 अध्यक्षता के एक भाग के रूप में, भारतीय व्यवसायों के पास इस वर्ष अपने दृष्टिकोण को साझा करने और वैश्विक आर्थिक विकास एवं स्थिरता को बढ़ावा देने का एक अनूठा अवसर है। अपनी उद्यमशील प्रतिभा, नवाचार और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ, हम दुनिया को अपनी ताकत दिखा सकते हैं, क्योंकि बी20 भारत संवाद को अंतिम स्वरूप दिया जा रहा है।

## आप की बात

### कम उम्र में बेटियों की शादी

**आंकड़े** मन को व्यथित करने वाले हैं 21वीं सदी में कदम रखने के बावजूद और सरकार द्वारा सख्त कानून बनाए जाने के बाद भी गांव कस्बों में कम उम्र में कन्याओं की शादी होते रहना उचित नहीं है. अब वक्त आ गया है कि शासन प्रशासन के साथ ही आंगनवाड़ी आशा कार्यकर्ता महिलाओं का सहयोग सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा जागृति के सम्मिलित प्रयासों से ही लोगों लोगों की मानसिकता में सुधार करके इस प्रवृत्ति को रोका जाना चाहिए. और यह कार्य अब इतना मुश्किल भी नहीं है, क्योंकि ऐसी किसी भी सूचना पर प्रशासनिक अमला तत्काल शादी वाले स्थान पर पहुंचकर दोनों पक्षों को समझा कर ऐसी शादियां रुकवा रहा है! इसके बावजूद भी लोग जुगाड़ लगाकर लुकाछिपी से नाबालिक कन्याओं की शादियां कर रहे हैं, जिसका खामियाजा उन बेटियों को आजीवन भुगतना पड़ता है। आगे पढ़ नहीं पाती ,कम उम्र में मां बन जाने के कारण उनके शरीर आई कमजोरी व अन्य कई तरह की तकलीफ ताउम्र उसका पीछा नहीं छोड़ती! इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए हम सभी को सजगता पूर्वक सक्रिय रहना होगा!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### कोरोना का जन्मदाता चीन

**कोरोनावायरस** के मानव निर्मित होने और इसे चीन की वुहान लैब में तैयार होने आशंका अब सच साबित होती लग रही है। विवादित वुहान लैब में काम कर चुके एक अमेरिकी विज्ञानी ने अपनी किताब में चौंकने वाला दावा करते हुए कहा है कि दुनिया भर में महामारी फैलाने वाला कोरोना वायरस मानव निर्मित था। वुहान लैब के अमेरिकी वैज्ञानिक एंड्रू हफ ने अपनी ताजा किताब द ट्रुथ अबाउट वुहान में लिखा है कि कोविड-19 एक मानव निर्मित वायरस था और यह इसी लैब से लीक हुआ था। और न्यूयॉर्क पोस्ट ने ब्रिटिश अखबार द सन में अमेरिका स्थित शोधकर्ता एंड्रू हफ के बयान के हवाले से बताया कि वुहान इंस्टिट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (डब्लूआईवी) से कोरोना वायरस लीक हुआ था। चीन सरकार द्वारा संचालित इस लैब की फंडिंग भी वही करती है। हफ ने अपनी किताब में यह भी बताया कि कोरोना वायरस के अध्ययन के लिए अमेरिका सरकार द्वारा चीन की इस लैब में की गई फंडिंग भी जिम्मेदार है। हफ ने कहां की एक दशक से संगठन विभिन्न वायरसों के अध्ययन को लेकर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ (एनआइएच) वुहान लैब से घनिष्ट रूप से जुड़ा था।

– **सदन जी**, पटना विश्वविद्यालय


### निर्भया फंड का दुरुपयोग

**सन** 2013 में दिल्ली में हुए देश को हिला देने वाले निर्भया कांड के बाद तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार ने एक निर्भया फंड बनाया था। प्रत्येक राज्य सरकारों को केंद्र सरकार द्वारा प्रतिवर्ष उक्त मद में राशि दी जाती है। जिसका सदुपयोग महिलाओं की सुरक्षा व प्रताड़ना को रोकने में किया जाता है। खबरों के मुताबिक महाराष्ट्र सरकार ने निर्भया फंड का दुरुपयोग कर उक्त मद की राशि से विधायकों, सांसदों की सुरक्षा हेतु गाड़ियां खरीदी है, जो चिंताजनक है । जबकि महाराष्ट्र में महिलाओं के साथ आए दिन ना केवल ज्यादतियां / बदसलूकी हो रही है, बल्कि उनके साथ गुंडों बदमाशों द्वारा कुकर्म भी किए जा रहे हैं । जिस काम व सौद्देश्य के लिए फंड की स्थापना की गई है, उसी काम में उक्त राशि का सदुपयोग होना चाहिए। एक तरफ महिलाएं असुरक्षित है, वहीं दूसरी तरफ अन्य कामों में फंड की राशि का दुरुपयोग किया जाना निंदनीय है। केंद्र सरकार को भी इस और ध्यान देना चाहिए की फंड की राशि का सही उपयोग हो रहा है या नहीं।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**इक्कीसवीं** शताब्दी का नया भारत विश्व मंच पर अपनी छाप छोड़ रहा है और इससे दुनिया का उसके प्रति दृष्टिकोण बदल रहा है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**भारत** ने जी7 व अन्य देशों द्वारा रूसी तेल पर मूल्य सीमा लागू करने के निर्णय का विरोध किया है। रूस इसका स्वागत करता है।

– **अलेक्जांदर नोवाक**
रूसी उप विदेश मंत्री



**कर्नाटक** में अगले साल चुनाव है। उसके मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई महाराष्ट्र के अक्कालोट व शोलापुर पर दावा करेंगे।

– **उद्धव ठाकरे**
महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री

# हॉकी विश्वकप की मेजबानी भारत के लिए गौरवपूर्ण अवसर: योगी

## अतिथि देवो भवः की संस्कृति से दुनिया करेगी साक्षात्कारः मुख्यमंत्री

- ओलंपियन ललित उपाध्याय को पुलिस उपाधीक्षक पद पर मिली नियुक्ति
- 15वें पुरुष हॉकी विश्वकप की विजेता ट्रॉफी का मुख्यमंत्री ने किया अभिनन्दन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**भारत** की मेजबानी में 13 से 29 जनवरी तक आयोजित 15वें पुरुष हॉकी विश्वकप की विजेता ट्रॉफी लखनऊ पहुंच चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को ट्रॉफी का अभिनन्दन किया। इस मौके पर उन्होंने टोक्यो ओलंपिक 2020 की पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य ललित उपाध्याय को उत्तर प्रदेश पुलिस में पुलिस उपाधीक्षक पद के लिए नियुक्ति पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की पावन भूमि ओड़िसा में हॉकी विश्वकप की मेजबानी के लिए आज पूरा देश उत्सुक है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में यह हॉकी महाकुंभ विश्व के लिए भारत की अतिथि देवो भव की भावना से साक्षात्कार का सुअवसर भी होगा। उन्होंने विश्वकप के सफल आयोजन के लिए हॉकी इंडिया की अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं। हॉकी विश्वकप में शानदार प्रदर्शन के साथ जीत के लिए भारतीय टीम को शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री ने विश्वकप की मेजबानी को पूरे भारत के लिए ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण अवसर कहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत में नवीन खेल संस्कृति का विकास हो रहा है। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में भारतीय खिलाड़ी नया इतिहास रच रहे हैं। भारतीय प्रशंसक हमेशा हॉकी के प्रति विशेष लगाव रहा है। यह हमारा राष्ट्रीय खेल है और वैश्विक मंच पर भारत का हॉकी में गौरवशाली अतीत रहा है। ओलंपिक में हमने आठ स्वर्ण पदक जीते हैं। इस विश्वकप में सभी खेलप्रेमी भारतवासी अपनी राष्ट्रीय टीम को समर्थन देने के लिए उत्सुक हैं। सीएम ने कहा कि राष्ट्रीय खेल हॉकी के लिए उत्तर प्रदेश उर्वर भूमि रही है।

उत्तर प्रदेश ने कई प्रतिभाशाली हॉकी खिलाड़ी दिए हैं जिन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। खेल जगत में हॉकी के जादूगर की संज्ञा से प्रसिद्ध महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद उत्तर प्रदेश के गौरव हैं। वर्तमान राज्य सरकार इस महान राष्ट्रभक्त खिलाड़ी के सम्मान में मेरठ में प्रदेश के प्रथम खेल विवि की स्थापना कर रही है। इसी प्रकार हॉकी के गौरव केडी सिंह बाबू उत्तर प्रदेश के युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं। प्रदेश के वर्तमान खेल निदेशक स्वयं भी हॉकी के राष्ट्रीय टीम के कप्तान रह चुके हैं। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्टेडियम कभी कल्पना हुआ करता था। आज गांव, शहर में स्टेडियम, मिनी स्टेडियम बनवाये जा रहे हैं। हर गांव में खेल के मैदान, ओपन जिम का विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि खेल व खिलाड़ियों के प्रोत्साहन की कोशिशों के क्रम में ही ओलम्पिक और पैरालम्पिक खेलों के पदक विजेताओं के भव्य सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह क्रम आगे भी जारी रहेगा। सांसद खेल कूद प्रतियोगिता व विधायक खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से गांवों-कस्बों तक में खेल संस्कृति का विकास किया जा रहा है।

# सांसद-विधायक निधि के कार्य के लिए निर्धारित करें समय सीमा:केशव प्रसाद

- संत कबीर नगर के परियोजना निदेशक डीआरडीए निलंबित
- प्रत्येक शनिवार को जिलों में 3 ग्राम सभाओं में होगी जनता चौपाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य कहा है कि प्रत्येक जिले में प्रत्येक शनिवार को 3 ग्राम सभाओं में जनता चौपाल का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के लिए आवंटित 8 लाख 63 हजार प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के आवासों को दिसंबर 2023 से पहले अनिवार्य रूप से पूरा करा दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सांसद, विधायक निधि के कार्यों को पूरा करने के लिए समय सीमा निर्धारित की जाए। केशव प्रसाद मौर्य ने यह बात मंगलवार को आवास विकास परिषद मुख्यालय के सभागार में आयोजित प्रदेश के सभी परियोजना निदेशक डीआरडीए बैठक को संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों पर भी शिकंजा कसा। उन्होंने जिलों से आए अधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा कि कमीशन खोरी और भ्रष्टाचार से मुक्त करने का संकल्प लेकर के जाना है। भ्रष्टाचार और कमीशन खोरी को जड़ मूल से समाप्त करना है। उप मुख्यमंत्री ने संत कबीर नगर के परियोजना निदेशक डीआरडीए की गम्भीर शिकायत पाये जाने पर उन्हें तत्काल निलंबित करने के आदेश मीटिंग के दौरान दिये।

उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ग्राम सभाओं में जनता चौपाल के लिए शीघ्र ही गाइडलाइन जारी की जाए। उन्होंने कहा कि जनता चौपाल से पूर्व गांव में चल रहे या हुए विकास कार्यों का निरीक्षण किया जाएगा तथा ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के साथ-साथ उनके सुझाव भी लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गांवों की व्यवहारिक कठिनाइयों को समझा जाएगा और उनका निराकरण भी किया जाएगा तथा जो जिला व राज्य स्तर से समस्याओं का निराकरण होना हो उनके लिए उच्च स्तर पर सन्दर्भित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता चौपाल की वीडियोग्राफी भी कराई जाए । उन्होंने कहा कि जनता चौपाल के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना व मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को अनुमन्य सुविधाएं जैसे शौचालयए 90 दिन का मनरेगा में रोजगार, निशुल्क गैस कनेक्शन एनिशुल्क विद्युत कनेक्शन, आयुष्मान कार्ड और हर घर नल योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की जमीनी हकीकत परखी की जाए और आवास योजना के सभी लाभार्थियों को इन सभी सुविधाओं से लैस कराया जाए।

# नए संघर्ष पर तुरंत कूटनीतिक तरीके से काबू पाना जरूरीः मायावती



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अरुणाचल** प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारत-चीन के सैनिकों के बीच गश्त के दौरान झड़प और इसमें भारतीय सैनिकों द्वारा चीनी सेना को मुंहतोड़ जवाब दिए जाने पर बसपा अध्यक्ष मायावती ने सेना की तारीफ की है। इसके साथ ही उन्होंने सरकार से मांग की कि अब कूटनीतिक कुशलता के जरिए इस मामले पर तुरंत काबू करे। मायावती ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा कि अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारत और चीन की सेना के बीच खूनी संघर्ष और उसमें कई सैनिकों के घायल होने की खबर अति-दुखद व चिंतनीय है। यूक्रेन युद्ध के परिणामों से पीड़ित एवं सहमी दुनिया में भारत-चीन सेना के बीच नए संघर्ष पर तुरंत कूटनीतिक तरीके से काबू पाना जरूरी है। बसपा नेता ने कहा कि भारतीय सेना ने चीन के साथ ताजा मामले में भी एक बार फिर जैसे को तैसा मुंहतोड़ जवाब देकर अपनी प्रसिद्धि के अनुरूप कार्य किया है, जो सराहनीय। अब सरकार की जिम्मेदारी है कि अपनी कुटनीतिक कुशलता का परिचय दे, यही देश को उम्मीद है। उन्होंने कहा कि सरकार को अपनी इंटेलिजेन्स को भी और मजबूत बनाना होगा।

# गंदगी फैलाने से बाज न आने वालों के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने सभी नगरीय निकाय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहां की नगरीय जीवन को और श्रेष्ठ बनाने के लिए सभी को अभी और प्रयास करना है तथा वातावरण को और स्वच्छ बनाना है।

राज्य के छोटे बड़े सभी शहरों की साफ-सफाई और सुंदरीकरण कार्य की जो मुहिम चल रही है उसे निरंतर चलाते रहना है। सफाई कार्यों में मशीनों का भी निरंतर प्रयोग किया जाय।कहा कि पिछले कई महीने से सफाई कर्मी प्रात: 5 बजे से नगरों की कई चरणों में साफ-सफाई कर उसे स्वच्छ बना रहे। शहरों में साफ-सफाई को निरंतर बनाए रखने के लिए आमजन की भी सहभागिता कराई जाए तथा जो भी गंदगी फैलाने से बाज नहीं आ रहे उनके खिलाफसख्त कार्रवाई भी की जाए। उन्होंने सभी निकायों में कुछ प्रमुख प्वाइंट्स पर शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने को भी कहा। विदेशों में ऐसी परंपराएं चल रही हैं। हमारे यहां घरानों की परंपरा रही है जिसे पुन: स्थापित करना है। नगर विकास मंत्री ने वर्चुअल बैठक कर उन्होंने कहा कि नगरीय जीवन को और श्रेष्ठ बनाने के लिए अभी और कार्य किया जाना है। इसमें सभी का सहयोग जरूरी है। आज सभी के प्रयासों से सफाई एक जनआंदोलन बन गया है। सभी के प्रयासों से शहरों की एक खूबसूरत तस्वीर उभर कर सामने आई है जिसे स्थाई रूप से बनाए रखना है।

उन्होंने आगामी महीनों में प्रदेश के वाराणसी, गाजियाबाद, लखनऊ व प्रयागराज में जी-20 की बैठके होने के लिए यहां पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने शहरों की मलिन बस्तियों की भी साफ-सफाई कराने को कहा और इसके लिए निदेशक सूडा यीशु रुस्तगी को एक्शन प्लान बनाने के निर्देश दिए।

# 23 दिसंबर से पूरे प्रदेश में किसान मजदूर जागरण सप्ताह मनायेगा रालोद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राष्ट्रीय** लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की जयन्ती 23 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक सम्पूर्ण प्रदेश में किसान मजदूर जागरण सप्ताह के रूप में मनाया जायेगा, जो सभी जनपदों में सम्पन्न होगा। मंगलवार को प्रदेश कार्यालय पर प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसानों मजूदरों के विरुद्ध किये जा रहे षड़यंत्र को देश के लिए घातक मानता है। सरकार की नीतियां और नीयत किसान मजदूर और छोटे व्यापारियों के विरुद्ध हैं। सरकार की सभी नीतियां कार्पोरेट घरानों के हितों को ध्यान में रखकर बनायी जा रही है यही कारण है कि गरीबी और बेरोजगारी बढती जा रही है। मंहगाई आसमान छू रही है और देश की सम्पदा पर मुटठी भर लोगों का कब्जा होता जा रहा है।

# वर्दी का सम्मान व अधीनस्थों की समस्या का समाधान करें अधिकारीः प्रजापति

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के कारागार एवं होमगाड्र्स राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने होमगाड्र्स महकमे के अधिकारियों को वर्दी का सम्मान करने एवं उच्च स्तरीय वर्दी धारण करने, अधीनस्थों की समस्या का शीघ्रता से समाधान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों एवं जवानों द्वारा विभाग का नाम ऊंचा करने के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

प्रजापति मंगलवार को होमगाड्र्स मुख्यालय स्थित सभागार कक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने वाह्य प्रतिष्ठानों में 34 माह के ड्यूटी भत्ता के लंबित एरियर के भुगतान, होमगाड्र्स स्वतयंसेवकों के जन्मतिथि के विवादित प्रकरणों, दिवंगत होमगाड्र्स के नामिनी को अनुग्रह राशि के भुगतान, होमगाड्र्स के डाटा फीडिंग, उपयोगकर्ता विभागों द्वारा होमगाड्र्स की ऑनलाइन दैनिक उपस्थिति के अंकन के संबन्ध में विस्तृत चर्चा की। संबन्धित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के लिए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए। प्रजापति रैतिक परेड सम्पन्न होने के उपलक्ष्य में होमगाड्र्स विभाग के अधिकारियों एवं जवानों सहित लगभग 800 लोगों के साथ बड़ा खाना में सम्मिलित हुए। इस सामूहिक भोज में अपर मुख्य सचिव अनिल कुमार, पुलिस महानिदेशक/कमांडेंट जरनल विजय कुमार मौर्य सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी सम्मिलित रहे। प्रजापति ने 12 दिसंबर को आयोजित रैतिक परेड में सम्मिलित सशत्र प्लाटूनों में से बेस्ट प्लाटून (टोली नंबर-1 पुरुष प्लाटून) को प्रथम स्थान,प्लाटून नंबर-9 (महिला प्लाटॅन) को द्वितीय स्थान एवं टोली नंबर-12 (फायर फायटिंग) को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर उनके कमांडर क्रमश: प्लाटून कमांडर राजेश कुमार सिंह को 7500 रुपए, विनीता सिंह को 5000 रुपए एवं हिमांशु वर्धन को 4000 रुपए की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की।

# गरीबों व वंचितों को मिलेगा पक्का घरः केशव

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत प्राप्त लक्ष्य 862767 आवास निर्माण में से 1.25 लाख लाभार्थियों को प्रथम किश्त के रूप में 500 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। उपमुख्यमंत्री मौर्य ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह सभी 862767 आवासों को माह दिसंबर 2023 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। ज्ञातव्य है कि उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं ग्राम्य विकास मंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उत्तर प्रदेश के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में 8 लाख 62हजार 767 अतिरिक्त आवासों के आवंटन प्रधानमंत्री व ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पिछले माह प्रदान किया गया है।

# सत्ता के संरक्षण में असामाजिक तत्वों का बोलबाला

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सत्ता के संरक्षण में असामाजिक तत्वों का बोलबाला है। अपराधी जब चाहे तब अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे है। जनता भाजपा राज से त्रस्त है। जब राज्य अराजकता की गिरफ्त में है तो कैसा देशी.विदेशी निवेश और कैसा विकास, इसकी जवाबदेही से भाजपा बच नहीं सकती। अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में महिला सुरक्षा सिर्फ नाम की रह गई है। प्रदेश में जंगलराज है। कोई दिन ऐसा नहीं जाता जब महिलाएं अपमानित न होती हों, बच्चियां दुष्कर्म की शिकार न होती हों। अवांछित तत्वों की वजह से कितनी ही युवतियों को जान गंवानी पड़ी है और न जाने कितनी छात्राओं की पढ़ाई छूट गई है। अखिलेश ने कहा कि गाजियाबाद के लोनी में 12 दिसम्बर 2022 को दिनदहाड़े हथियार के बल पर महिला से लूट की घटना विचलित करने वाली है। वृंदावन टूर पर गई छात्रा से प्रिंसपल पर रेप का आरोप है। उन्होंने कहा कि हाल ही में बांदा के विसंडा थाना क्षेत्र में एक युवती की इज्जत से खिलवाड़ की घटना घटी। दबंगों ने उसके मां और भाई की पिटाई भी कर दी। पुलिस से शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। मेरठ में एक छात्रा छेड़छाड़ की घटनाओं से इतना परेशान हो गई कि उसने पढ़ाई ही छोड़ दी। पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की तो मनबढ़ मनचले ने छात्रा और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दे दी है। अखिलेश ने कहा कि ऊंचाहार के जगतपुर थाना क्षेत्र एक गांव की महिला के साथ रात्रि में दुष्कर्म की घटना की शिकायत होने पर भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया।

# निदेशक महिला कल्याण हटाए गए

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने तीन आईएएस अफसरों के तबादले किए हैं। सरनीत कौर ब्रोका को निदेशक बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार के साथ निदेशक महिला कल्याण निदेशक और प्रबंध निदेशक महिला कल्याण निगम का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। मनोज कुमार राय को निदेशक महिला कल्याण व प्रबंध निदेशक महिला कल्याण निगम को विशेष सचिव नागरिक सुरक्षा एवं राजनैतिक पेंशन विभाग भेजा गया है। इन्हें नाराजगी के चलते हटाते हुए कम महत्व वाले पद पर भेजा गया है। मधुसूदन हुल्गी को विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा से अपर राज्य परियोजना निदेशक सर्व शिक्षा अभियान उत्तर प्रदेश बनाया गया है।

# उप्र और बेल्जियम मजबूत द्विपक्षीय व्यापार भागीदार बन सकते हैंः नन्दी

- यूपी में डिस्टिलरी व वाइनरी की स्थापना के लिए बेल्जियम ब्रुअरीज को किया आमंत्रित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बेल्जियम** के ब्रसेल्स शहर में रोड शो के दौरान औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने निवेशकों से कहा कि नए भारत का नया उत्तर प्रदेश आज देश का ग्रोथ इंजन बन रहा है। ऐसे में उत्तर प्रदेश और बेल्जियम मजबूत द्विपक्षीय व्यापार भागीदार बनें हमारी सरकार यही चाहती है। बेल्जियम के निवेशकों को भरोसा दिलाते हुए मंत्री नन्दी ने कहा कि राजनीतिक और प्रशासनिक रूप सेए हम राज्य में निवेश करने की इच्छा रखने वाले बेल्जियम के व्यापारिक समुदाय का स्वागत और समर्थन करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। यूरोपियन सर्विसेज फोरम के प्रबंध निदेशक पास्कल केर्निस ने कहा कि व्यवसायों को समर्थन देने के लिए उत्तर प्रदेश द्वारा अपनाए गए सुधार सही दिशा में हैं और स्वागत योग्य हैं। आबकारी आयुक्त सेंथिल पांडियन सी ने बॉटलिंग इकाइयों की स्थापना के अलावा उत्तर प्रदेश में डिस्टिलरी, ब्रुअरीज और वाइनरी की स्थापना में अवसरों का उपयोग करने के लिए बेल्जियम बुअरीज को आमंत्रित किया। सचिव एमएसएमई प्रांजल यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज पूरे भारत में एमएसएमई का सबसे बड़ा हब बन चुका है। ऐसे में उत्तर प्रदेश बेल्जियम के व्यापारिक समुदाय के लिए विशेष रूप से वस्त्र के क्षेत्र में एक आशाजनक निवेश गंतव्य हो सकता है। यूरोपीय संघ के व्यापारिक समुदाय को उत्तर प्रदेश में निवेश करने के लिए आमंत्रित करते हुए मंत्री नन्दी ने कहा कि यूपी की डबल इंजन सरकार को भारत सरकार से पूर्ण समर्थन प्राप्त है। इस प्रकार राज्य में एक प्रभावी नीतिगत ढांचा, एक मजबूत कानूनी ढांचा और एक सुरक्षित निवेश माहौल सक्षम है। बेल्जियम में भारत के राजदूत संतोष झा ने बेल्जियम के व्यापारिक समुदाय का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि 250 मिलियन की विशाल आबादी वाला उत्तर प्रदेश दुनिया का 5वां सबसे बड़ा देश होने के बराबर है।

# चार परियोजनाओं के लिए पौने तीन करोड़ से ऊपर की राशि अवमुक्त

**लखनऊ।** पूर्वांचल विकास निधि योजना के अन्तर्गत जनपद चंदौली के 2 तथा मिर्ज़ापुर व प्रतापगढ़ के 01-01 परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में 02 करोड़ 73 लाख 53 हजार रूपए की अवशेष धनराशि अवमुक्त की गयी है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। जारी शासनादेश के अनुसार जनपद चंदौली में जमुरी अम्बेडकरनगर मंदिर से इमिलिया तक मार्ग निर्माण कार्य शून्य से लेपन का कार्य के लिए 30 लाख 58 हजार एवं ग्रामसभा केरायगांव मेन रोड ब्राम्हण व यादव बस्ती तक शून्य से लेपन एवं पुलिया निर्माण कार्य हेतु 26 लाख 58 हजार रुपए मीरजापुर में दत्तीपट्टी मार्ग से जोपा गिलरा होते हुए इनारी तक सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण हेतु 01 करोड़ 21 लाख 85 हजार रुपए था प्रतापगढ़ में महमदपुर पाली से रोहखुर्द नहर की पटरी वाया जौनपुर बार्डर तक सम्पर्क मार्ग के निर्माण हेतु 94 लाख 52 हजार रुपए की धनराशि अवमुक्त कर दी गयी है।

# गैंगेस्टर एक्ट में वांछित दो ईनामी अपराधी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एसटीएफ** ने आजमगढ़ जिले से गैंगेस्टर एक्ट में वांछित बीस-बीस हजार रुपए के पुरस्कार घोषित दो अपराधी भाइयों को गिरफ्तार किया है। शातिर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एसटीएफ लखनऊ की टीम आजमगढ़ में छानबीन कर रही थी। इस दौरान टीम को सूचना मिली कि आजमगढ़ की शहर कोतवाली दर्ज गैंगेस्टर एक्ट के मुकदमे में वाछित ईनामी अपराधी श्रीकांत राय और उसका भाई पीयूष राय रोडवेज बस स्टेशन के निकट बंधा रोड पर मौजूद हैं। इस सूचना पर एसटीएफ की टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों अपराधी भाइयों को गिरफ्तार किया। पूछताछ पर गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग गिरोह बनाकर मादक पदार्थो की तस्करी करते हैं। गिरोह का प्रमोद यादव रायगढ़ा (उड़ीसा) जेल तथा लल्लू आजमगढ़ जेल में बन्द है। हम लोग उड़ीसा राज्य से मादक पदार्थ लाकर आजमगढ़ व आस-पास के जिलों में सप्लाई करते है। थाना कोतवाली, आजमगढ़ में गैंगेस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज होने के बाद हम लोग आजमगढ़ से भागकर मुंबई चए गए थे।

# फोरेंसिक इंस्टीट्यूट में होगी आगामी शैक्षणिक सत्र से पढ़ाई की शुरुआत

- इंस्टीट्यूट में अध्ययन के लिए छात्रों का चयन एकेटीयू प्रवेश परीक्षा द्वारा करेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में नवनिर्मित स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फोरेन्सिक साइंसेज, लखनऊ के संचालन के लिए गठित बोर्ड ऑफ गवर्निंग बाडी की चतुर्थ बैठक प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद की अध्यक्षता में लोक भवन स्थित सभा कक्ष में हुई। इंस्टीट्यूट में आगामी शैक्षणिक सत्र से शिक्षण कार्य की शुरूआत किए जाने सहित सभी जरूरी बिन्दुओं पर बैठक में गहन विचार-विमर्श किया गया। इंस्टीट्यूट के प्रस्तावित विभागों में फिंगर प्रिंटिंग विभाग को भी जोड़े जाने का अनुमोदन बैठक में प्रदान किया गया। आगामी शिक्षण सत्र के लिए तीन पाठ्यक्रमों क्रमश: एमएससी फ ोरेन्सिक साइन्स, पीजी डिप्लोमा इन फ ोरेन्सिक डाक्यूमेन्ट इग्जामिनेशन तथा पीजी डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी कोर्सेज की शुरूआत किए जाने की रूपरेखा तैयार की गई है। जिस पर उच्चानुमोदन प्राप्त किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ फोरेंसिक साइंसेज में चल रहे निर्माण कार्यों को अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप गुणवत्तापरक तरीके से त्वरित गति से संचालित कर प्रत्येक दशा में कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाने के कड़े निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि आगामी शैक्षणिक सत्र की शुरुआत प्रत्येक दशा मे सुनिश्चित की जा सके। संस्थान तक पहुंच बढ़ाने के लिए एपरोच रोड के निर्माण का कार्य भी निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। गवर्निंग बाडी की इस चतुर्थ बैठक मे इंस्टीट्यूट के निर्माण कार्य में और अधिक तेजी लाने के लिए उपलब्ध कराई गई प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति तथा भविष्य की आवश्यकताओं पर भी गहन विचार-विमर्श किया गया। साथ ही इच्छुक छात्रों के प्रवेश के लिए एकेटीयू के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया परीक्षा द्वारा पूर्ण कराए जाने पर भी विचार किया गया। प्रस्तावित पाठ्यक्रम के लिए फीस, शैक्षणिक योग्यता तथा सीटों की संख्या आदि पर भी विचार किया गया। इंस्टीट्यूट मे एकेडमिक कार्यो के लिए प्रस्तावित 94 पदों के सापेक्ष प्रथम चरण में 29 पदों को भी नियमानुसार शीघ्र भरे जाने पर भी विचार किया गया ताकि शैक्षणिक कार्यों के संचालन में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो सके।

इस संस्थान में आउटसोर्सिंग से भरे जाने वाले पदों की शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू किए जाने के लिए सेवा प्रदाता एजेंसी के तत्काल कार्रवाई पूर्ण किए जाने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में सचिव गृह बीडी पाल्सन, पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण संजय तरडे, अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवाएं, मोहित अग्रवाल, विशेष सचिव गृह राजेश राय के अतिरिक्त न्याय एवं वित्त आदि विभागों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# डिजिटाइजेशन में यूपी पुलिस का देश में 5वां स्थान

- पुलिस रेडियो शाखा के आधुनिकीकरण के लिए खरीदे जा रहे हैं 32 करोड़ के विभिन्न संचार उपकरणः प्रमुख सचिव गृह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**वर्ष** 2017 से प्रारंभ नेटवर्क डिजिटाइजेशन में यूपी पुलिस का देश में 5वां स्थान है। विगत 5 वर्षो में प्रदेश के 33 जिलों की एनालाग संचार व्यवस्था को डिजिटल में परिवर्तित किया गया है, जो नेटवर्क का 43 प्रतिशत है। जिसे 2024 तक शत प्रतिशत किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

यह जानकारी मंगलवार को लोक भवन स्थित कमांड सेंटर में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश पुलिस की रेडियो विभाग की कार्यप्रणाली को और अधिक कुशल व चुस्त-दुरूस्त बनाने के लिए अत्याधुनिक संसाधनों से लैस किया जा रहा है ताकि जिलों की पुलिस को कुशल एवं बाधा रहित रेडियो संचार प्रणाली उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो शाखा के लिए आधुनिकीकरण योजनाओं के अन्तर्गत लगभग 20 करोड़ रुपए तथा सामान्य बजट के अर्न्तगत 12 करोड़ रुपए के विभिन्न संचार उपकरण खरीदे जा रहे हैं। प्रमुख सचिव ने बताया कि यूपी पुलिस में पहली बार निष्प्रयोज्य सामग्रियों का ई-ऑक्शन द्वारा निस्तारण किया गया है। प्रदेश में राज्य सरकार के सभी प्रकार के पुलिस बल यथा पैदल, मोटर साइकिल, महिला (शहरी एवं ग्रामीण) को आगामी 3 वर्षों में हैंड हेल्ड सेट उपलब्ध कराए जाने की योजना पर शासन द्वारा गम्भीरता से विचार किया जा रहा है। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश के सभी जनपदों में थानों, चौकियों एवं पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों का पुलिस नियंत्रण कक्ष से निरन्तर एवं सतत संचार संपर्क सुनिश्चित किया गया है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में संवेदनशील स्थानों पर 1680 वायरलेस बेस्ड पीए सिस्टम स्थापित किए गए हैं। यूपी-112 के नेटवर्क (बैंडविथ) पर प्रदेश के समस्त जिलों के नियंत्रण कक्षों को डेटा एवं वायर संचार के लिए वर्तमान सरकार द्वारा रेडियो मेल प्रणाली स्थापित की जा चुकी है। इसके अलावा पोलनेट संचार के अन्तर्गत प्रदेश के जिला स्तरीय नियंत्रण कक्षों में उपग्रह आधारित डेटा एवं वायस की संचार व्यवस्था भी स्थापित की गई है। वर्तमान सरकार के द्वितीय कार्यकाल में 48 लाख रुपए की धनराशि व्यय कर कम्प्यूटर प्रशिक्षण लैब की स्थापना की जा चुकी है। वर्तमान सरकार के 6 माह के कार्यकाल में 76 क्रिप्टो केन्द्रों का 49.48 लाख रुपए से उच्चीकरण का कार्य पूर्ण किया गया है।

विभागीय कर्मियों की कार्यकुशलता में वृद्धि के लिए एक वर्ष में सम्पूर्ण प्रदेश में ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए 227 लाख रुपए की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही 3 वर्षों के निर्धारित लक्ष्यों के तहत प्रथम वर्ष के लिए 41 करोड़ रुपए के संचार उपकरणों की प्रशासकीय स्वीकृति भी दी जा चुकी है।

# भण्डारण निगम कर्मचारियों के दो बच्चों के ट्यूशन फीस में मिलेगा 50 फीसद अनुदान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य भण्डारण निगम के संचालक मण्डल की बैठक निगम के न्यू हैदराबाद स्थित प्रधान कार्यालय के सभागार में मंगलवार को सहकारिता मंत्री एवं अध्यक्ष यूपी राज्य भण्डारण निगम जेपीएस राठौर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में संचालक मण्डल के समक्ष कुल 44 प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत किये गये। संचालक मण्डल द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर विचार करते हुए निगम के नियमित कार्मिको के दो बच्चों को पूर्व निर्धारित व्यवस्था के साथ उच्च शिक्षा में मान्यता प्राप्त प्राइवेट यूनिवर्सिटी, सम्बद्ध कालेजों में भी पढ़ाई हेतु कर्मचारी कल्याण निधि से ट्यूशन फीस का 50 प्रतिशत अनुदान दिये जाने तथा संविदा, आकस्मिक कार्मिकों के पारिश्रमिक में वृद्धि व निगम अधिकारियों को प्रदत्त वित्तीय अधिकारों में वृद्धि एवं सुरक्षा के दृष्टिगत निगम के भण्डारगृहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर सभी गोदामों को हाईटेक करने के प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया।

# ढखेरवा में बस से कुचलकर बाइक सवार तीन की मौत, दर्जनभर जख्मी

संवाददाता। ढखेरवा

**ढखेरवा में** धौराहरा मार्ग पर मंगलवार सुबह तेज रफ्तार एक निजी बस असंतुलित होकर पलट गई जिसके नीचे दबकर बाइक सवार तीन लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बस सवार करीब दर्जन भर यात्री जख्मी हो गए हैं। जिन्हें सीएचसी रमिया बेहड़ भेजा गया जहां गंभीर रूप से घायल सभी यात्रियों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। बस हसनपुर कटौली से सवारियां लेकर जिला मुख्यालय जा रही थी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। डीएम एसपी समेत आला अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।बताया जाता है कि निजी बस

## ● ढखेरवा धौरहरा हाईवे मार्ग पर बाइक सवार तीन लोगों को रौंदने के बाद पलटी पड़ी बस

हसनपुर कटौली से सवारियां लेकर जिला मुख्यालय जा रही थी। इस दौरान ढखेरवा में धौराहरा मार्ग पर तकिया तालाब के पास एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में असंतुलित हो गई और तीन पलथा लेकर पलट गई। इस दौरान रोड के किनारे खड़े मोबाइल पर बात कर रहे बाइक पर सवार मुकेश (26) पुत्र सुंदरलाल व मोनू (15) पुत्र कन्हैया लाल निवासी नौरंगाबाद थाना ईशानगर और विशाल उर्फ बीरू (30) पुत्र प्रदीप कुमार गांव



त्रिलोकपुर जिला श्रावस्ती की बस के नीचे दबने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बस सवार रेशम पत्नी अब्दुल हफीज लबेदपुर, शाहजहां पत्नी हसरत अली बनवीर पुर, ??ीरा पुत्र हरद्वारी रामपुर, गंगा देवी पत्नी रामचंद्र नंदवारी, अली अख्तर पुत्र जुबराती पहाडियापुर, मुक्तन देवी पत्नी राजू बरेली, इनमुता पत्नी त्रिजुगी ईशानगर, अशलम खान पुत्र फिरोज खान दरिया कलां, अली हसन पुत्र सुबराती पहाडियापुर, अतुल पुत्र सलाद सिसैया, झब्बू पुत्र होली ईशानगर आदि बस यात्री घायल हुए हैं जिन्हें जिला अस्पताल भेजा गया है। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में भीड़ एकत्र हो गई।

## बस पलटने से पांच इलेक्ट्रिक बाइक हुई ध्वस्त

**ढखेरवा में** मंगलवार सुबह तेज रफ्तार निजी बस के पलटने से जहां बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई तो वही मौर्या ऑटो सेल्स इलेक्ट्रिक बाइक एजेंसी के सामने खड़ी पांच नई स्कूटियां बस के नीचे दबने से ध्वस्त हो गई है।

# ड्यूटी पर जा रहे युवक की दुर्घटना में मौत

**बरेली ।** ड्यूटी पर जाने के लिए घर से निकले एक युवक की रास्ते में अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव जवाहर गंज निवासी 30 वर्षीय वीरेश कुमार पुत्र रामसेवक आज सुबह लगभग 5 बजे पचौमी गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि वीरेश कुमार पचौमी स्थित भगवती प्लाइवुड फैक्ट्री में काम करता था और आज सुबह लगभग 8 बजे उसको ड्यूटी पर पहुंचना था वह सुबह तड़के ड्यूटी पर जाने के लिए घर से निकला था लेकिन जब वह फैक्ट्री के पास किसी वाहन से उतर कर सड़क पार कर रहा था तभी तेजी से आ रहे किसी वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की जेब से मिले मोबाइल फोन से उसके घर वालों को सूचना दे दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली मृतक सात भाई बहनों में सबसे बड़ा था पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

# सड़क दुर्घटनाओं में तीन की मौत, तीन घायल

संवाददाता। संडीला(हरदोई)

**सड़क दुर्घटनाओं** में तीन लोगों की दुखद मौत हो गयी जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली सड़क दुर्घटना अतरौली भटपुर मार्ग पर हुई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम महुआ डांडा निवासी 45 वर्षीय विश्वनाथ यादव घर से पैदल घेरवा बाजार गए थे। वापस लौटते समय ग्राम घेरवा और छावन के बीच सइयापुर मोड़ पर किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी भरावन पहुंचाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। दूसरी सड़क दुर्घटना थाना कासिमपुर के अंतर्गत लखनऊ आगरी एक्सप्रेस वे पर हुई। बताया गया है कि जनपद मैनपुरी के अंतर्गत थाना किश्नी के ग्राम लालपुर निवासी 22 वर्षीय मनोज कंटेनर लेकर जा रहे थे। जब एक्सप्रेस वे पर वे ग्राम जाहिदपुर के पास पहुंचे तो उन्होंनें कंटेनर को सड़क के किनारे खड़ा कर दिया और

## ● सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आशीष को उठाकर सीएचसी लाई जहां उसकी गंभीर हालत हो देखते हुए उसे ट्रॉमासेंटर भेज दिया गया

लघुशंका करने लगे। इसी दौरान पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तीसरी दुर्घटना संडीला नगर के चक्कर रोड पर गदौरा मोड़ के पास हुई। बताया जाता है कि गदौरा मोड़ पर डंपर को मोड़ते समय यह हादसा हुआ। कानपुर नगर निवासी आशीष कुमार पुत्र कृष्ण कुमार जो कि डंपर पर कंडक्टर था, वह मौरंग से भरे डंपर को बैक करा रहा था। जब डंपर मुड़कर ठीक हो गयी तो ड्राइवर ने डंपर को आगे बढ़ाया। इसी समय आशीष डंपर पर चढ़ने लगा लेकिन उसका पैर फिसल गया और वह डंपर के पहिये से टक्रा कर नीचे चला गया और डंपर के दूसरे पहिये के नीचे आ गया। डंपर का पहिया उसके पेट पर से निकल गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आशीष को उठाकर सीएचसी लाई जहां उसकी गंभीर हालत हो देखते हुए उसे ट्रॉमासेंटर भेज दिया गया। एक अन्य दुर्घटना में नील गाय की चपेट में दो बाइक सवार आ गए जिनमें से एक की मौत हो गयी जबकि दूसरा घायल हो गया। बताया गया है कि अमित सिंह पुत्र वीर सिंह तथा राजा बाबू पुत्र राम सनेही, अजय कुमार पुत्र रामचरन निवासी फरूखाबाद अपनी रिश्तेदारी में थाना अतरौली के अंतर्गत ग्राम नटपुरवा जा रहे थे। तभी झाड़ियों से निकल कर आई नीलगाय ने इस बाइक को टक्कर मार दी जिससे तीनों लोग घायल हो गए। बाद में इलाज के दौरान अमित की मौत हो गयी जबकि अन्य दो लोगों का इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय सतर्कता समिति

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**डीएम** महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को उप्र खाद्य सुरक्षा नियमावली 2015 के नियम-9 के तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट में आहूत हुई। बैठक का संचालन डीएसओ अंजनी कुमार सिंह मौजूद रहे। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने आपूर्ति महकमे के अफसरों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी पात्र व्यक्तियों को उनके राशन कार्ड पर अनुमन्य राशन का लाभ समयबद्ध ढंग से अपने पर्यवेक्षण में कराना सुनिश्चित करें, इसमें किसी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सचेत किया कि यदि खाद्यान्न वितरण में किसी के उत्पीड़न या लेनदेन की शिकायत प्राप्त हुई तो वह सख्त कार्यवाही अमल में लाएंगे। खाद्यान्न वितरण में अनियिमितता और भ्रष्टाचार के आरोपों की शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेकर जांच कराए, शिकायत सही मिलने पर संबंधित के विरुद्ध सक्षम स्तर से दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित कराए। बैठक में डीएम ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न का उठान व वितरण, खाद्यान्न की गुणवत्ता, बाल पोषाहार, एमडीएम, प्रवर्तन कार्यवाही, प्रचलित राशनकार्ड, निरस्त किये गये राशनकार्ड, आधार सीडिंग की कार्य प्रगति, उचित दर दुकानों के निलम्बन व निरस्तीकरण की विस्तृत समीक्षा की, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। बैठक में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, बीएसए डॉ लक्ष्मीकांत पांडेय, डीपीओ सुनील श्रीवास्तव, डिप्टी आरएमओ संतोष पटेल, सीवीओ, एआरओ अवधेद्र कुमार सिंह, सभी पूर्ति निरीक्षक, समिति के नामित सदस्य शरद मिश्र, आलोक सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में हुई ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक

**लखीमपुर खीरी।** गत दिवस विकासखंड बिजुआ सभागार में महिला कल्याण विभाग के तत्वाधान एवं डीपीओ संजय निगम के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में ब्लॉक प्रमुख नेहा राज की अध्यक्षता, समिति सचिव बीडीओ देवेंद्र प्रताप सिंह की मौजूदगी में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, बाल विवाह टास्क फोर्स एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की बैठक का आयोजन हुआ।

बैठक को संबोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख नेहा राज ने कहा कि बाल संरक्षण सेवा योजना के तहत ब्लाक एवं ग्राम स्तर पर 18 वर्ष से कम आयु के शिशु बालक बालिकाओं के लिए बाल संरक्षण, सशक्त संरक्षणत्मक परिवेश का निर्माण, उचित पालन पोषण करने, परिवार की देखरेख पाने, प्रतिष्ठा के साथ रहने, बच्चों को हिंसा व दुर्व्यवहार से बचाने के उद्देश्य से ब्लॉक व ग्राम स्तर पर बाल संरक्षण समितियों का गठन किया गया है। उक्त समितियों का मिशन वात्सल्य योजना के तहत नाम परिवर्तित करते हुए ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति रखा गया है।

बीडीओ देवेंद्र प्रताप सिंह ने समिति की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ। केंद्र व प्रदेश सरकार महिलाओं एवं बालिकाओं के कल्याण के लिए न केवल जरूरी कदम उठा रही बल्कि उन्हें योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बना रही है।

बैठक में मिशन शक्ति अभियान 4.0'' के अन्तर्गत यौन हिंसा, लैंगिक असमानता, घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या, कार्यस्थल पर लैंगिक हिंसा तथा दहेज, बालिकाओं को स्वावलंबी बनाना, उनमें सुरक्षित परिवेश की अनुभूति कराना, जागरूकता पैदा करना, आत्मरक्षा की कला विकसित करने हेतु महिलाओं तथा बच्चों को प्रशिक्षित करना, सुरक्षा शपथ तथा उनके प्रति हिंसा/अपराध करने वालों की पहचान उजागर करने एवं मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक मुद्दों से सुरक्षा तथा सपोर्ट हेतु जागरूकता किया गया एवं 181 महिला हेल्पलाइन नम्बर, 1090 वूमेन पावर लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 112 आपात सेवाएं आदि हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी गयी। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना सहित अन्य महिला परकजनाओं की जानकारी दी।

बैठक में बाल विकास परियोजना अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत खंड शिक्षा अधिकारी, एमओआईसी संबंधित थाना के बाल कल्याण अधिकारी, संरक्षण अधिकारी अनुज, चाइल्ड हेल्पलाइन से रजनी व सचिन, जिला समन्वयक श्रीमती निक्की गुप्ता, समाजिक कार्यकर्ता विमल पांडेय मौजूद रही।

# जिला निबंधन अधिकारी, अपर जिला सहकारी अधिकारी व एडीओ पंचायत की जांच में सचिव दोषमुक्त

संवाददाता। मोहम्मदी खीरी

**बिकास खण्ड** मोहम्मदी के साधन समिति सिसौरा मे सचिव पर गवन सहित फर्जी हाईस्कूल की मार्कशीट सहित अन्य आरोप की जांच सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता अधिकारी लखीमपुर के माध्यम से जांच की गई ,जिसमें सिसोरा समिति के पूर्व सचिव पर 1996 मे ब्याज पर हेराफेरी का मामला प्रकाश में आया था, वर्तमान में जो सचिव राकेश शुक्ला पर व्यक्तिगत रूप से आरोप लगाने पर एडीओ पंचायत मोहम्मदी, सहायक निबंधक अधिकारी लखीमपुर खीरी। लेखा निरीक्षक लखीमपुर द्वारा जांच की गई जिसमें पूर्ण रूप से लगाए गए आरोप फर्जी पाए गए तथा यह मामला 1996 का प्रकाश में आया है, जिला सहायक निबंधक लखीमपुर के आदेश पर इसकी जाच अपर जिला सहकारी अधिकारी मोहम्मदी राकेश मिश्रा ने बताया कि वर्तमान में सोसाइटी के सचिव राकेश शुक्ला पर कोई आरोप सिद्ध नहीं हुए हैं इस लिऐ वह पूरी तरह दोषमुक्त है,आरोप बेबुनियाद है और फाइल को दाखिल दफ्तर कर दिया गया है। वही इस संबंध में सोसायटी के सचिव राकेश शुक्ला ने बताया कि यह प्रकरण 1996 का है तब मैं उस सोसाइटी में नहीं था जिन लोगों ने मेरे ऊपर आरोप लगाए हैं उन पर हाई कोर्ट और मोहम्मदी सिविल कोर्ट में मुकदमा दायर किया गया है, वही विशेष लेखा परीक्षा प्रतिवेदन 1995- 96 की जांच में पूर्व सचिव दोषी पाए गए हैं जिसकी जांच तीन अधिकारियों ने मिलकर की थी तथा उन तीनों अधिकारियो ने भी वर्तमान सचिव राकेश शुक्ला पर मौजूदा समय में लगाए गए गबन के आरोप पूरी तरह बेबुनियाद साबित किए हैं कुल मिलाकर यह मामला पूरी तरह निराधार है वही जिला सहायक निबंधक लखीमपुर सहायक विकास अधिकारी मोहम्मदी खीरी वर्तमान में सचिव राकेश शुक्ला द्वारा पूर्व में सचिव राम कृष्ण शुक्ला पर धारा 70 के अंतर्गत जांच में दोषी पाए जाने का आदेश पारित किया है।

## दबंग पर मुकदमा दर्ज

**मोहम्मदी खीरी।** रेहरिया विद्युत कर्मी द्वारा बकाया बिल जमा करने के लिए के उद्देश्य अवर अभियंता जितेंद्र प्रताप सिंह व अन्य सविदा कर्मी रेहरिया चौकी के छेडीपुर गांव मे बकाया बिल जमा करने गए थे। विल न जमा होने के उपरांत कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई होने की जानकारी पर छेडीपुर के नसरत और अब्दुल रहमान लाठी डन्डे लेकर आ गये तथा गाली गलौज करने के साथ सरकारी कार्य मे बाधा उत्पन्न करने के साथ मारपीट पर आमादा हो गये।

# पेज एक का शेष

## हमारे बहादुर...

पर भी उठाया गया है। उन्होंने कहा, मैं इस सदन को आश्वस्त करना चाहता हूँ कि हमारी सेनाएँ हमारी भौमिक (सीमाओं की) अखंडता को सुरक्षित रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं, और इसके खिलाफ किसी भी प्रयास को रोकने के लिए सदैव तत्पर हैं। सिंह ने कहा, मुझे विश्वास है, कि यह सदन हमारी सेनाओं की वीरता और साहस को एक स्वर से समर्थन देगा। रक्षा मंत्री सिंह ने कहा, मैं आश्वस्त हूं कि यह संसद बिना किसी संशय के भारतीय सेना की क्षमता, शौर्य, पराक्रम और प्रतिबद्धता का भी अभिनंदन करेगी। रक्षा मंत्री के बयान के बाद दोनों सदनों में विपक्षी सदस्य स्पष्टीकरण की मांग कर रहे थे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हालांकि स्पष्टीकरण की अनुमति नहीं दी। उन्होंने कहा कि सदन को सेना की वीरता पर एक स्वर से बोलना चाहिए। इसके बाद कुछ विपक्षी दलों ने सदन से वाकआउट भी किया। उधर, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा, हमारी सेनाएं पूरी मुस्तैदी एवं ताकत के साथ सीमा पर तैनात हैं और उनके शौर्य एवं वीरता पर पूरे सदन को, हम सभी को भरोसा है।

## झड़प के...

दी। उन्होंने बताया कि वायुसेना ने नौ दिसंबर को चीन द्वारा की गई अतिक्रमण की कोशिश के मद्देनजर इलाके में अपनी समग्र निगरानी बढ़ा दी है। अधिकारियों ने बताया कि मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है, जिसमें सुरक्षा संबंधी विशेष चिंताओं के मामले में लड़ाकू विमानों को तैनात करना शामिल है। एक सूत्र ने कहा, भारतीय वायुसेना और थल सेना दोनों हालात पर निकटता से नजर रख रहे हैं। सूत्रों ने संकेत दिया कि भारतीय वायुसेना ने क्षेत्र में अपने लड़ाकू विमानों की उड़ानों की संख्या बढ़ा दी हैं। भारतीय सेना ने सोमवार को बताया था कि भारतीय और चीनी सैनिकों की तवांग सेक्टर में एलएसी के निकट एक स्थान पर नौ दिसंबर को झड़प हुई, जिसमें दोनों पक्षों के कुछ जवान मामूली रूप से घायल हो गए। भारतीय वायुसेना ने तेजपुर सहित पूर्वी क्षेत्र में विभिन्न प्रमुख ठिकानों पर अपनी समग्र क्षमता बढ़ाई है। तेजपुर में सुखोई-30 लड़ाकू विमानों का एक बेड़ा तैनात किया गया था।

## मोदी सरकार...

प्रश्नों से बचने के लिए संसद में सीमा मुद्दे को उठाया। गृह मंत्री ने कहा, (जवाहरलाल) नेहरू के चीन प्रेम की वजह से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थाई सदस्यता छोड़ दी गई। उन्होंने भारतीय सैनिकों की बहादुरी की प्रशंसा करते हुए कहा, मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि जब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार है, तब तक कोई हमारी एक इंच भी जमीन कब्जा नहीं सकता। शाह ने कहा कि राजीव गांधी फाउंडेशन को 2005-06 और 2006-07 के वित्तीय वर्ष में चीनी दूतावास से। करोड़, 35 लाख रुपए का अनुदान प्राप्त हुआ था, जो कानून और उसकी मर्यादाओं के अनुरूप नहीं था इसलिए गृह मंत्रालय ने फाउंडेशन का एफसीआरए (विदेशी अनुदान नियमन कानून) पंजीकरण रद्द किया।

## भारत से...

पूछे जाने पर वांग ने कहा, जहां तक हमें पता है, चीन और भारत के बीच सीमा पर मौजूदा स्थिति सामान्यत: स्थिर है। वांग ने यह भी कहा कि बीजिंग उम्मीद करता है कि भारतीय पक्ष हमारे साथ समान दिशा में काम करेगा और दोनों पक्षों के नेताओं की महत्वपूर्ण आम समझ के अनुरूप चलेगा, तथा दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षरित प्रासंगिक द्विपक्षीय समझौतों का अक्षरश: पालन करेगा और सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति एवं स्थिरता बनाए रखेगा।

## तेजस्वी के...

जिसने प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। उस चुनाव में राजग को बड़ी मुश्किल से जीत मिली थी। उस वक्त नीतीश राजग में थे। कुमार के विश्वस्त सहयोगी तथा राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा, मुख्यमंत्री कुछ समय से कहते आ रहे हैं कि भविष्य तेजस्वी जी और उनके जैसे युवाओं का है। उन्होंने ऐसा कल नालंदा में भी कहा था, जहां मैं मौजूद था। उन्होंने आज फिर इसे दोहराया। कुमार ने कल अपने गृह जिले में एक डेंटल कालेज का उद्घाटन किया था और लोगों को संबोधित किया था तथा तेजस्वी यादव का समर्थन करने के बारे में बात की थी। चौधरी, मुख्यमंत्री के इसी भाषण का हवाला दे रहे थे। संवाददाताओं ने जब तेजस्वी से इस बारे में टिप्पणी करने के लिए कहा तो उन्होंने संयम दिखाते हुए कहा, वर्तमान में, हम एक साथ सरकार चला रहे हैं। हमें अपने सामने प्रमुख चुनौती पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है, और वह 2024 का लोकसभा चुनाव है। चौधरी ने कहा, विधायकों की बैठक में कुमार ने एक बार फिर स्पष्ट किया कि वह प्रधानमंत्री पद की दौड़ में नहीं हैं। लेकिन वह अब भी मानते हैं कि अगर विपक्ष एकजुट हुआ, तो 2024 में भारतीय जनता पार्टी को हराया जा सकता है और वह उस दिशा में काम करते रहेंगे। दूसरी तरफ, भारतीय जनता पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री नितिन नबीन ने कहा, नीतीश कुमार अगर किसी को अपना उत्तराधिकारी बनाना चाहते हैं, तो उन्हें वास्तव में सत्ता सौंपने का नैतिक साहस दिखाना चाहिए।

## उड़ान से...

के मुद्दे पर बैठक करेगी। इंडिगो ने ट्वीट कर कहा कि दिल्ली हवाईअड्डे पर यात्रियों की भारी भीड़ है और चेक-इन और बोर्डिंग में सामान्य से अधिक समय लग सकता है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे घरेलू उड़ान के लिए कम से कम 3.5 घंटे पहले हवाई अड्डे पर पहुंचें। सुरक्षा जांच में देर न हो, इसलिए यात्री अपने साथ सात किलोग्राम वजन वाला केवल एक बैग लेकर ही चलें। एयरलाइन ने कहा है कि यात्रियों को टर्मिनल 3 पर गेट नंबर 5 और 6 से ही हवाई अड्डे में प्रवेश करना चाहिए, क्योंकि ये गेट इंडिगो काउंटरों के सबसे नजदीक हैं। विस्तारा एयरलाइंस ने अपने यात्रियों को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से कम से कम तीन घंटे पहले हवाईअड्डे पर पहुंचने के लिए कहा है। इसी प्रकार स्पाइसजेट ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे जितनी जल्दी हो सके, एयरपोर्ट पहुंचे और 7 किलोग्राम तक का एक हैंड बैग ही साथ रखें। मालूम हो कि बीते 12 दिसंबर को रिकॉर्ड 4.18 लाख घरेलू हवाई यात्रियों ने सफर किया। भीड़भाड़ के चलते दिल्ली हवाई अड्डे पर कई दिन से अव्यवस्था की शिकायतें मिल रही हैं।

## सीमा की...

थे, लेकिन रक्षा मंत्री ने जवाब दिया और चले गए। जब सदन में हमने सवाल पूछना चाहा तो हमारी बात नहीं सुनी गई, इसलिए हमने वॉकआउट किया। उनका कहना था कि यह सदन की परिपाटी रही है कि जब मंत्री कोई बयान देता है तो उस पर स्पष्टीकरण मांगा जाता है, लेकिन रक्षा मंत्री के बयान के बाद स्पष्टीकरण का मौका नहीं दिया गया। सरकार ने अपनी गलती छिपाने के लिए स्पष्टीकरण नहीं दिया। लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने कहा कि सरकार जवाब क्यों नहीं दे रही है? वह जनता की आंख में धूल क्यों झोंक रही है? गोगोई ने कहा कि चीन के साथ 16 बार बैठकों का कोई नतीजा नहीं निकला। सरकार छोटे-छोटे ऐप को प्रतिबंधित कर सक्रिय होने का दिखावा कर रही है। यह सरकार की रणनीतिक असफलता है और इसीलिए चीन सीमा पर दुस्साहस दिखा रहा है। मोदी जी डरिए मत, चीन का नाम लीजिए और देश वासियों को भरोसा दिलाइए कि सरकार चीनी चुनौती से मजबूतीसे निपटेगी।

## मोदी की...

जाने से पहले पटेरिया ने मीडिया से कहा, यह विचारधारा की लड़ाई है। अदालत ने मेरे लिए जो आदेश दिया है उसका सम्मान करता हूं। मैंने किसी किस्म की ऐसी बात नहीं कही, जिस पर इतनी बड़ी कोई चीज बनती हो। मैं गांधीवादी विचारधारा का अनुयाई हूं और गांधीजी को जीता हूं। मैंने वह शब्द बोले ही नहीं हैं, जो वहां (प्राथमिकी में) दिखाए गए हैं। सोशल मीडिया पर सोमवार सुबह प्रसारित हुए एक वीडियो में पटेरिया को कांग्रेस कार्यकर्ताओं से यह कहते हुए कथित रूप से सुना जा सकता है, मोदी चुनाव खत्म कर देंगे। मोदी धर्म, जाति, भाषा के आधार पर (लोगों को) बांट देंगे। दलितों का, आदिवासियों का, अल्पसंख्यकों का भावी जीवन खतरे में है। संविधान बचाना है तो मोदी की हत्या करने के लिए तत्पर रहो। हत्या का मतलब है, हराने का काम करो। पटेरिया का यह कथित वीडियो मध्यप्रदेश के पन्ना जिले के पवई स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह का है। प्राथमिकी के अनुसार, लोक निर्माण विभाग के उपयंत्री संजय कुमार खरे की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया गया है और इसकी विवेचना की जा रही है। प्राथमिकी के अनुसार, पटेरिया 11 दिसंबर को दोपहर में लोक निर्माण विभाग के पवई स्थित विश्राम गृह में अल्प प्रवास के नाम पर जबरन घुसे और विश्राम गृह की चारदीवारी के अंदर मैदान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में पटेरिया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हत्या की बात की।

## उप्र में...

के एक निर्णय का हवाला देते हुए कहा गया है कि स्थानीय निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण जारी करने से पहले ट्रिपल टेस्ट करना चाहिए। जबकि पांच दिसंबर 2022 को सरकार ने बगैर टेस्ट के निकाय चुनावों के लिए ड्राफ्ट नोटिफिकेशन जारी कर दिया। बीते सोमवार को पीठ ने सुनवाई के बाद इस ड्राफ्ट नोटिफिकेशन व चुनाव की अधिसूचना जारी करने पर भी अंतरिम रोक लगा दी थी।

## शीर्ष अदालत...

अमानुल्लाह और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश मनोज मिश्रा को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की सिफारिश भी की। केंद्र द्वारा कॉलेजियम की सिफारिश स्वीकार किए जाने पर प्रधान न्यायाधीश सहित 34 न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या के मुकाबले शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की कुल संख्या बढ़कर 33 हो जाएगी। कॉलेजियम ने झारखंड, जम्मू कश्मीर और लद्दाख तथा गुवाहाटी के उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के रूप में तीन उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की पदोन्नति की भी सिफारिश की। उत्तराखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा को झारखंड उच्च न्यायालय भेजा गया है। वहीं, गुवाहाटी उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एन. कोटेश्वर सिंह को जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख उच्च न्यायालय भेजा गया है। केरल उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन गुवाहाटी उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश होंगे।

## सभी सब-रजिस्ट्रार...

निबंधक (सब-रजिस्ट्रार) ही आम लोगों से जुड़ी होंगी। ऐसा पहली बार होगा कि दिल्ली सरकार के राजस्व विभाग में सभी 22 उप निबंधक महिला अधिकारी होंगी। उपराज्यपाल कार्यालय के अनुसार महिला अधिकारियों के नेतृत्व से इस तरह के कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार, लालफीताशाही और लोगों की परेशानी कम होगी। जमीन की रजिस्ट्री, बिक्री-खरीद और पट्टे, संपत्तियों के पंजीकरण, बिक्री विलेख, शेयर प्रमाण पत्र जारी करने, विवाह पंजीकरण, जाति प्रमाण पत्र जारी करने, आय प्रमाण पत्र, दस्तावेजों के सत्यापन जैसे तमाम काम उप-निबंधक कार्यालयों में ही होते हैं। इसलिए आम लोगों का सबसे अधिक वास्ता इन कार्यालयों से ही पड़ता है। भ्रष्टाचार, अधिकारियों की अकर्मण्यता और भ्रष्टाचार की शिकायतें भी यहीं से सबसे ज्यादा आती हैं।

CSB Bank

PUBLIC NOTICE ON AUCTION OF PLEDGED GOLD ORNAMENTS

The borrower/s in specific and interested bidders in general are hereby informed that on account of non-repayment of Bank's dues by the borrowers as under despite the payment notice and recall/auction notice issued by the Bank, the gold ornaments pledged with the bank as security by the respective borrowers for the loans availed by them will be sold in public auction on "as is where is" and "non- recourse" basis through e-auction portal http://csbgold.auctiontiger.net on 21st December, 2022 at 12 : 00 p.m . The auction may be adjourned to any other later date at the discretion of the bank upon publication of the same in the Bank's notice board. The borrowers are hereby further informed that the gold ornaments will be disposed off by private sale if the public auction is not successful and if there is a further balance to be recovered thereafter, legal action will be initiated against the borrower/s for recovery of the balance amounts due to the bank.

| S.No. | Branch Name | Account Name | Client ID | No of Acc. | Bal Outstanding as on 11-12-2022 | Weight (grams) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GURGAON | ABHISHEK | 4302608 | 1 | 160929.58 | 52.2 |
| 2 | GURGAON | AJAY | 4070417 | 2 | 237923.22 | 82.51 |
| 3 | GURGAON | AJITPAL | 3732690 | 1 | 14709.31 | 5.4 |
| 4 | GURGAON | AKHILESH | 4479172 | 1 | 29969.83 | 10.05 |
| 5 | GURGAON | AMIT | 4139625 | 1 | 659374.18 | 201.77 |
| 6 | GURGAON | ANIL | 3820284 | 1 | 151826.12 | 44.2 |
| 7 | GURGAON | ANIL | 3988137 | 1 | 331830.03 | 99.9 |
| 8 | GURGAON | ANSHU | 4352583 | 1 | 189857.23 | 59.71 |
| 9 | GURGAON | ASHISH | 4519599 | 1 | 16253.31 | 4.87 |
| 10 | GURGAON | AZRA SAIFI | 4531096 | 1 | 43949.14 | 14.3 |
| 11 | GURGAON | BABLU | 4175240 | 1 | 63244.19 | 21.95 |
| 12 | GURGAON | BHUPINDER | 4049932 | 1 | 662431.39 | 183.54 |
| 13 | GURGAON | DEEPAK | 3646549 | 1 | 111561.99 | 49.05 |
| 14 | GURGAON | DEEPAK | 4026199 | 1 | 270952.8 | 92.1 |
| 15 | GURGAON | DEEPAK KUMAR SAIN | 4092203 | 1 | 163302.65 | 53.2 |
| 16 | GURGAON | DEVANSHU | 4497926 | 1 | 13314.95 | 3.83 |
| 17 | GURGAON | EKTA | 4262190 | 1 | 148282.43 | 50.14 |
| 18 | GURGAON | GARIMA | 4343073 | 1 | 911337.01 | 268.64 |
| 19 | GURGAON | GYANI | 4308085 | 1 | 39559.77 | 17.37 |
| 20 | GURGAON | HARISHREE | 4531886 | 2 | 910740.09 | 272.9 |
| 21 | GURGAON | JASWANT | 4318303 | 1 | 50649.64 | 14.11 |
| 22 | GURGAON | KISHOR | 3037121 | 1 | 1036356.89 | 306.44 |
| 23 | GURGAON | KRISHAN | 2768864 | 2 | 449543.07 | 141.63 |
| 24 | GURGAON | KRISHAN | 4332204 | 1 | 29808.78 | 10.5 |
| 25 | GURGAON | MAN | 4333394 | 1 | 73098.12 | 24.22 |
| 26 | GURGAON | MONIKA | 7544212 | 1 | 77910.18 | 25.31 |
| 27 | GURGAON | NAGARAJ | 2950446 | 1 | 51554.39 | 18.6 |
| 28 | GURGAON | NEERU | 4460216 | 1 | 101131.03 | 34.34 |
| 29 | GURGAON | PANKAJ | 4251410 | 1 | 21000.53 | 7 |
| 30 | GURGAON | PRADIP | 4245086 | 1 | 40160.69 | 13.42 |
| 31 | GURGAON | PUSHPENDRA | 4418240 | 1 | 489804.11 | 159.84 |
| 32 | GURGAON | RAJESH KUMAR | 4064622 | 1 | 166659.29 | 67.4 |
| 33 | GURGAON | RAJNI | 7361731 | 1 | 33427.79 | 11.32 |
| 34 | GURGAON | RAMESH | 3842919 | 1 | 119608.55 | 37.31 |
| 35 | GURGAON | RAMNEET | 4055030 | 1 | 500000.49 | 148.1 |
| 36 | GURGAON | RITA | 4310987 | 2 | 58407.5 | 22.08 |
| 37 | GURGAON | RONIKA YADAV | 4157390 | 1 | 149112.34 | 45.35 |
| 38 | GURGAON | SATBIR | 4225555 | 1 | 22322.76 | 6.7 |
| 39 | GURGAON | SAVITRI | 4502908 | 1 | 37856.99 | 10.75 |
| 40 | GURGAON | SHAHZAD | 4401009 | 1 | 123935.15 | 39 |
| 41 | GURGAON | SHIVANI | 4111112 | 1 | 124003.87 | 39.1 |
| 42 | GURGAON | SHIVANI | 4168470 | 1 | 90279.25 | 28.8 |
| 43 | GURGAON | SHIVANI GAUR | 4111112 | 1 | 221368.44 | 63.9 |
| 44 | GURGAON | SIMARPREET SINGH | 4531564 | 1 | 44761.36 | 14.14 |
| 45 | GURGAON | SUNITA | 523782 | 2 | 832900.52 | 245.88 |
| 46 | GURGAON | TEJ KUMAR | 7014691 | 2 | 882473.7 | 266.56 |
| 47 | GURGAON | VIJAY | 4323122 | 1 | 881664.91 | 277.5 |
| 48 | GURGAON | VIKAS | 4244058 | 1 | 17233.24 | 5.98 |
| 49 | GURGAON | YOGESH | 4523014 | 1 | 45659.93 | 15 |

For more details/account wise information borrowers/interested bidders may contact respective branches and for participating in the auction, please visit/login to the e-auction portal http://csbgold.auctiontiger.net

Authorised Officer
CSB Bank

GURGAON | 14 December 2022

# योगी ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के साथ नेत्र रोगियों की एंबुलेंस को हरी झंडी दिखा किया रवाना

**● सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के निदेशक डॉ. बीके जैन ने किया सीएम का स्वागत**

**संवाददाता।** चित्रकूट

**श्री सद्गुरु** सेवा संघ ट्रस्ट जानकीकुंड एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में स्वस्थ दृष्टि समृद्धि काशी कार्यक्रम की शुरुआत की गई। वाराणसी में मोतियाबिंद से ग्रसित नेत्र रोगियों का नि:शुल्क ऑपरेशन श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट करेगा। सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय की टीम घर-घर जाकर स्क्रीनिंग कर रही है।

मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग उत्तर प्रदेश व श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट संयुक्त रूप से ये कार्यक्रम कर रहा है। परीक्षण के बाद मोतियाबिंद से ग्रसित मरीजों को चित्रकूट लाने और नि:शुल्क ऑपरेशन कर उनको पुन: वापस भेजने की व्यवस्था की गई है। इस कार्यक्रम में आंखों के ऑपरेशन को नेत्र रोगियों के पहले जत्थे की रवानगी प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ एवं मनसुख भाई मांडविया केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री (भारत सरकार) और ट्रस्ट के डायरेक्ट/ट्रस्टी डा बीके जैन के कर कमलों से रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर सिगरा से नेत्र रोगियों की एबुलेंस को हरीझंडी दिखाकर चित्रकूट के लिए रवाना किया गया।

डा बीके जैन और प्रशासक डा इलेश जैन ने सीएम योगी को साल और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। सदगुरु महिला समिति की अध्यक्ष उषाबी जैन ने परमपूज्य गुरुदेव की चरण पादुका देकर उनका स्वागत किया। सीएम योगी ने श्री सदगुरु सेवा संघ से की जा रही मानव सेवा को खूब सराहा।



सीएम योगी के साथ सदगुरू नेत्र चिकित्सालय के निदेशक डॉ बीके जैन

# थाने आने वाले से अच्छा बर्ताव कर तत्काल निपटायें समस्या: एसपी



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने कोतवाली कर्वी का औचक निरीक्षण कर थाने में रखे रजिस्टरों को देखा। उन्होंने निर्देश दिये कि थाने आने वाले आगन्तुकों के साथ अच्छा बर्ताव कर उनकी समस्याओं को सुनकर तत्काल निस्तारित करें। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने सोमवार को देर शाम कोतवाली कर्वी का निरीक्षण कर महिला हेल्प डेस्क को देखा। उन्होंने आगन्तुक रजिस्टर को देखकर ड्यूटी में तैनात महिला आरक्षी को निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने बैरक,भोजनालय एवं थाना परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई के निर्देश दिये। मिशन शक्ति के तहत एंटी रोमियो टीम, पैदल गश्त एवं रात गश्त को प्रभावित करने के निर्देश दिये। थाने आने वाले आगन्तुकों से अच्छा व्यवहार कर समस्यायें सुनकर तत्काल निस्तारण के निर्देश दिये। निरीक्षण में उनके साथ सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, कोतवाल अवधेशक कुमार मिश्रा, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ने एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी के साथ पुलिस कार्यालय में पेशी एएसपी, परिवार परामर्श केन्द्र, प्रधान लिपिक शाखा, रिकार्ड कीपर, आंकिक शाखा, चुनाव सेल, डीसीआरबी, सीसीटीएनएस, सम्मन सेल, साइबर सेल एवं आईजीआरएस शाखा का निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों को दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। कार्यालय परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई के निर्देश दिये। निरीक्षण में उनके साथ प्रधान लिपिक आलोक सिंह, प्रभारी आंकिक शाखा शमसुद्दीन, वाचक पुलिस अधीक्षक भास्कर मिश्र, प्रभारी सोशल मीडिया सेल विजय सिंह, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल आदि मौजूद रहे।

## ग्राम प्रधान ने मेंड़बंधी व नाला निर्माण में की धांधली, डीएम से शिकायत

**संवाददाता।** हमीरपुर

**मौदहा विकास** खंड क्षेत्र के खैरी ग्रामपंचायत में ग्राम प्रधान द्वारा नाला निर्माण व मेड़बंधी में हेरफेर कर घोटाले का मामला सामने आया है मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की गयी है। गांव के शिवशंकर ने जिलाधिकारी को बताया कि ग्राम प्रधान जगजीवन राम ने किसानों के चकरोड में मिट्टी न डाल कर पुराने नाले को नया कार्य दिखा कर भुगतान कराया गया है। गांव निवासी किसान रामबहादुर व कुँवर बहादुर पुत्र गण शिवराम के खेत मे मेड बंधी व समतली करण का कार्य न कराकर फर्जी भुगतान कराया गया है।जिसका भुगतान बम्हरौली के मजदूरों के नाम एक लाख सत्तासी हजार रुपए का फर्जी भुगतान बिना कार्य के किया गया है।प्रधान के भाई रामसहाय के नाम गौशाला में चौकीदार का मानदेय निकाला जाता है। जब कि वह कोई कार्य नही करता है। तथा पूर्व प्रधान द्वारा गौशाला में तार बाड़ी कराई गई थी। फिर भी तार बाड़ी के नाम पर 50 हजार रुपये निकाले गए हैं। शिवशंकर ने सबूत देते हुये बताया कि 6 मई को इस शिकायत का शपथ पत्र देकर जांच कराए जाने की मांग की थी। लेकिन अभी तक कोई जांच नही कराई गई है। 12 दिसम्बर को दोबारा शिकायती पत्र जिलाधिकारी को देकर उक्त विकास कार्यों की जांच कराए जाने की मांग की है।

# सात आरोपी दोषी करार, पंद्रह को कोर्ट सुनायेगी फैसला

**संवाददाता।** हमीरपुर

**करीब 21** साल पूर्व दो हत्याओं के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फौजदारी चंद्रभान सिंह की अदालत ने सात आरोपियों को दोषी करार दिया है। वहीं साक्ष्यों के आधार पर दोनों पक्षों के पांच आरोपियों को दोषमुक्त किया है। अदालत 15 दिसंबर को फैसला सुनाएगी।

अभियोजन पक्ष के अनुसार सुमेरपुर थानाक्षेत्र के इंगोहटा गांव में सात अगस्त 2001 को दो पक्षों में वर्चस्व को लेकर संघर्ष हुआ था। घटना में दोनों पक्षों के एक-एक लोगों की मौत हुई थी। इस मामले योगेंद्र कुमार दीक्षित ने थाने में बताया कि उनकी व उसके गांव के अशोक निगम, राजीव निगम, सोम निगम व सत्तीदीन कोरी से पुरानी रंजिश चली आ रही है। बताया कि करीब डेढ़ वर्ष पहले आरोपियों ने जवारा निकलने के समय उनके चचेरे भाई कल्लू दीक्षित को गोली मारकर घायल कर दिया था। घटना की शाम करीब साढ़े छह बजे वह व उसके बड़े भाई महंत राममनोहर दास, रामकिशोर दीक्षित, दिलीप कुमार, राजन दीक्षित, कल्लू दीक्षित व पुत्री मनीषा व प्रतीक्षा खलिहान से घर आ रहे थे। तभी जैसे ही यह लोग लुखरू कहार के मकान के पास पहुंचे। गांव के अशोक निगम, शिक्षक राजीव निगम, सोम निगम, सत्तीदीन कोरी, मलखान प्रजापति, देवेंद्र दीक्षित, फणींद्र दीक्षित, मुनव्वर, सुरेश व रमेश विश्वकर्मा तमंचा, बंदूक प फरसा लिए एक राय होकर गाली गालौज करते हुए जान से मारने की नीयत से ताबड़तोड़ फायर शुरू कर दी। जिसमें उसके चचरे भाई कल्लू दीक्षित की हत्या कर दी। वहीं अन्य को लोगों को फरसे व गोली मारकर घायल कर दिया। बताया कि सभी आरोपी जान माल की धमकी देते हुए अशोक निगम के दरवाजे से अंदर घुसकर पीछे के दरवाजे से निकलकर भाग गए। पुलिस ने दस आरोपियों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया था। वहीं दूसरे पक्ष के मनीराम प्रजापति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सात अगस्त 2001 को उसका भाई मलखान अशोक निगम के घर से काम कर वापस अपने घर आ रहा था। तभी बच्चू लोहार के मकान के पास आरोपी महंत राममनोहर दीक्षित, रामकिशोर दीक्षित, योगेंद्र दीक्षित व कल्लू दीक्षित लाठी डंडों से उसके भाई को मारपीट करने लगे। बताया कि उसके भाई को गंभीर चोंटे आई हैं। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया था। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मनीराम बुंदेला व जगदीश अनुरागी ने बताया कि अदालत ने सात आरोपियों अशोक निगम, राजीव निगम, सत्तीदीन कोरी, देवेंद्र दीक्षित, मुनव्वर, सुरेश व रमेश विश्वकर्मा को दोषी करार दिया है। वहीं आरोपी एड.सोम निगम व फणींद्र दीक्षित को दोषमुक्त किया है। उधर अदालत ने दूसरे पक्ष के महंत राम मनोहर दीक्षित, रामकिशोर व योगेंद्र दीक्षित को दोषमुक्त किया है। बताया गुरुवार को अदालत फैसला सुनाएगी।

## फांसी पर झूलकर प्रेमी और प्रेमिका ने दी जान

**फर्रुखाबाद।** मंगलवार को एक और प्रेम कहानी का दु: खद अन्त हो गया। साथ.साथ जीने.मरने का कसमें खाने वाले दो प्रेमी युगल ने जिन्दगी से हार मानकर मौत को गले लगा लिया। प्रेमी.प्रेमिका के शव कमरे में फाँसी के फंदे पर झूलते मिले। परिजनों ने कहा है घटना से हमारा कोई सम्बन्ध नहीं। पुलिस भी मामले को प्रेम प्रंसग में आत्महत्या मान रही है। मिली जानकारी के अनुसार शमसाबाद थाना क्षेत्र मोहल्ला चौहट्टा निवासी संकेश यादव (18) वर्ष का कस्बा की ही एक युवती से प्रेम प्रसंग था। संकेश अपने मकान में अकेले रहता था। उसके पिता कस्बा में ही दूसरे मकान में रहते हैं। सुबह मोहल्ले का ही संकेश का दोस्त गौतम उसके घर गया। उसने संकेश को आवाज दी तो कोई जवाब न मिलने पर वह किसी तरह दरवाजे की कुंडी खोलकर अंदर गया। उसने देखा संकेश और कस्बा निवासी उसकी प्रेमिका (18) का शव रस्सी से छत में लगे कुंडे से फंदे पर लटका था। उसके शोर मचाने पर मोहल्ले के लोग एकत्रित हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवती के परिजनों को जानकारी दी। युवती के परिजनों ने आने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि उनका उससे कोई संबंध नहीं है। संकेश इंटरमीडिएट तक पढ़ाई करने के बाद परिजनों के साथ खेती करता था। युवती ने हाईस्कूल तक पढ़ाई की थी। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। मामले की जांच की जा रही है। क्षेत्राधिकारी कायमगंज सोहराब आलम ने बताया कि प्रात: आठ बजे घटना की जानकारी मिली थी।

## सीडीओ की अध्यक्षता में जिला सतर्कता कमेटी की बैठक आयोजित

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी नेहा जैन के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला सतर्कता कमेटी बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि विभागए उद्यान विभागए मत्स्य विभागए पशुपालन विभागए सहकारित विभागए अग्रणी जिला प्रबन्धकए मण्डी समिति लघु सिंचाईए विद्युतए नलकूपए नहर विभाग आदि विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियें द्वारा प्रतिभाग किया गया।

उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव द्वारा जनपद में कृषि निवेंशों यथा उर्वरकए बीज एवं कृषि रक्षा रसायानों की निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धता एवं वितरण के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करते हुए अवगत कराया गया कि जनपद में पीसीएफ के बफर गोदामों में यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता है। मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा जिला प्रबन्धक पीसीएफ को निर्देशित किया गया कि उक्त स्टाक को जनपद की सहकारी समितियों में तत्काल वितरण हेतु उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिला कृषि अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में उर्वरक की आपूर्ति एवं परिवहन का कार्य पीसीएफ के द्वारा किया जाता है परन्तु इनके पास पर्याप्त संख्या में वाहन न उपलब्ध होने के कारण जनपद में समय से आपूर्ति नही हो पाती है तथा कृत्रिम अभाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। जिला प्रबन्धक पीसीएफ को निर्देशित किया गया कि जनपद में समय से उर्वकरों की आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें। उक्त के अतिरिक्त मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उद्यान विभाग, मत्स्य विभाग, सहकारिता विभाग, पशुपालन विभाग, नलकूल, नहर आदि विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की वृहद रूप से समीक्षा की गयी। उप कृषि निदेशक को निर्देशित किया गया कि कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों के माध्यम से नहरों की टेलों पर जलापूर्ति का सत्यापन कराते रहेंए जिससे नहर विभाग द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचनाओं का स्थलीय सत्यापन हो सके।

## आलोक यादव बने पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष



मंच पर मौजूद संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी

**घाटमपुर।** राष्ट्रीय पुरानी पेंन्शन बहाली संयुक्त मोर्चा का प्रान्तीय अधिवेशन कृषि भवन कानपुर के किसान सभागार में हुआ जिसमें आलोक यादव को सर्व सम्मित से संयुक्त मोर्चा का प्रान्तीय अध्यक्ष चुना गया। अधिवेशन में संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीपी सिंह रावत के अलावा कई प्रदेशों के अध्यक्ष भी मौजूद रहे, करीब 11 बजे से शुरु हुए अधिवेषन में में सबसे पहले संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीपी सिंह रावत के अलावा अन्य प्रदेश के अध्यक्षों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया, एक दिवशीय इस अधिवेशन में प्रदेश के अन्य बिभागों के पदाधिकारी व कर्मचारी भी मौजद रहे। अधिवेशन को संवोधित करते हुए संयुक्त मोर्चे के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीपी सिंह रावत ने कहा कि हमारी एक ही माँग है पुरानी पेंन्शन बहाल हो और यादि सरकार हमारी इस माँग को पूरा नही करती तब तक संयुक्त मोर्चा न्याय पंचायत स्तर से लेकर लखनऊ की सड़कों तक संघर्ष जारी रखेगा। संयुक्त मोर्चा के प्रान्तीय उपाध्यक्ष अजीत सिंह चौहान, प्रदेश सचिव अनूप चौबे, प्रचार सचिव इजहार अली और कानपुर जिला अध्यक्ष राजा भरत अवस्थी सहित दो दर्जन से अधिक लोगों ने अधिवेशन को संवोधित किया। अधिवेशन में कृषि बिभाग घाटमपुर के बिबेक सिंह, हरिशचन्द सचान, सचिन कुमार तथा भीतरगांव ब्लाक के असलेंन्द्र कुमार और अविनाश कुमार सहित तमाम लोगों ने आलोक यादव को पुरानी पेंन्शन बहाली संयुक्त मोर्चे का प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर बधाई दी है।

# जीएसटी सर्वे का विरोध कर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता।** कायमगंज, फर्रुखाबाद



**उत्तर प्रदेश** सरकार के निर्देश पर पिछले कुछ दिनों से स्टेट जीएसटी की टीमें पूरे प्रदेश के अधिकांश जिलों तथा महानगरों एवं बाजारों में व्यापारियों की दुकानों व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर छापे डालकर कर अपवंचना के मामलों का खुलासा करने में जुटी है । अचानक हर जगह पडने वाले छापों से व्यापारी तथा सभी व्यापारी संगठन नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं। आज जिला भारतीय उद्योग व्यापार मंडल फर्रुखाबाद ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापनए उप जिलाधिकारी कायमगंज संजय सिंह को सौंप कर कड़ा विरोध जताया। दिए गए ज्ञापन में संगठन ने कहा है कि पूरे प्रदेश के अधिकतर जिलों ब महानगरों एवं बाजारों में जीएसटी एवं एसआई वी के अधिकारियों द्वारा छापे डाले जा रहे हैं। उनका कहना है कि छापों की वजह से पूरे प्रदेश व जिलो तथा नगरों के व्यापारियों में भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है। अधिकारियों के द्वारा हो रहे उत्पीड़न एवं छापों को तत्काल बंद कराया जाए। क्योंकि इस तरह की अनावश्यक कार्यवाही से प्रदेश का व्यापारी वर्ग भयग्रस्त एवं दहशत में है। उनका कहना है कि इस सर्वे से स्पेक्टरराज और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा। व्यापारी समाज का उत्पीड़न होगा। जिससे ईमानदार व्यापारी परेशान होंगे। ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले कई दशकों से यह सर्वे बंद थे। लेकिन विशेष अनुसंधान शाखा द्वारा शिकायत के आधार पर सर्वे कानून जीएसटी में हैए किंतु वर्तमान में प्रदेश में चल रहे सामान्य सर्वे से व्यापारियों में दहशत व्याप्त होती जा रही है। इसलिए भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जिला इकाई इस सर्वे को उचित नहीं मानता ।उनकी मांग है कि सर्वे तत्काल बंद कराते हुए व्यापारी वर्ग को राहत प्रदान की जानी चाहिए। प्रदेश महिला चेयरमैन मिथिलेश अग्रवाल के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन पर अन्य पदाधिकारियों ने भी हस्ताक्षर किए और यह ज्ञापन एसडीएम कायमगंज को विषय वस्तु से अवगत कराते हुए सौंप दिया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री, जिला महामंत्री अनुपम अग्रवाल ,जिला कोषाध्यक्ष नितिन रस्तोगी एवं पीयूष उर्फ सोनू, श्रवण कौशल ,धर्मेंद्र गुप्ता आदि पदाधिकारी तथा सदस्य उपस्थित रहे।

# पीएफओ संगठन से जुड़कर किसान लाभ उठाएं: डीएम

**संवाददाता।** उरई(जालौन)

**जिलाधिकारी** चांदनी सिंह की अध्यक्षता में ग्राम पियानिरंजनपुर में कृषि उत्पादन संगठन पीएफओ के कृषकों के साथ गोष्ठी की गई। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि एफपीओ का गठन किया गया है। किसान अधिक से अधिक संगठन से जुड़कर लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि किसान अब सीधे एफपीओ के माध्यम से अपनी फसल विक्रय कर सकेंगे शासन की मंशा है कि किसानों की आय दोगुनी हो इसके लिए बिचौलियों से बचें ताकि अधिक से अधिक किसानों को मुनाफा हो सके। उन्होंने कहा कि एफपीओ के माध्यम से बड़ी-बड़ी कंपनियां मटर की खरीद किसानों से करेगी जिससे किसानों को बिचौलियों से भी बचाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि बड़ी-बड़ी कंपनियों से एग्रीमेंट किया गया है आपके भुगतान में भी किसी प्रकार की समस्या नहीं आएगी इसके लिए मैं सभी को आश्वासन देती हूं। उन्होंने कहा कि किसानों का उत्पीड़न अब बर्दाशत नहीं किया जाएगा। कृषि उत्पादक संगठन का मूल उद्देश्य किसानों की आय बढ़ा कर समृद्ध बनाना व उनको तकनीकि व मार्केट आदि की जानकारी शुलभ ढंग से उपलब्ध कराना भी है। उन्होंने कहा कि जनपद के किसान मटर की फसल अधिक करते हैं इसको देखते हुए किसानों को उनकी फसल को उचित मूल्य मिल सके इसके लिए यह एक पहल की गई। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष किसानों की मटर के भुगतान को लेकर धोखाधड़ी की और पैसा डूब गया। इस बार ऐसा नहीं होगा इसके लिए एफपीओ ने कार्य योजना तैयार की है। उसमें कंपनियों के साथ कई शर्ते रखी गई जिसमें किसानों को 24 घंटे के अंदर में भुगतान किया जाएगा इसकी गारंटी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष किसानों को अपनी मटर की फसल को बैचने के लिए घटतोली एक कुंटल मटर पर अधिक कटौती की गई थी। इसी समस्याओं को हल करने के लिए यहां पर एफपीओ सर्जित किए गए। इसका उद्देश्य है कि एफपीओ से जुड़े किसान अपनी मटर की फसल विक्रय कर सकेंगे किसान को किसी प्रकार की घटतौली व अनाधिकृत कटौती से बचा जा सकेगा। उन्होंने कहा कि एफपीओ के माध्यम से फसल विक्रय की जाती है तो किसानों को दो हेक्टेयर जमीन पर 15 हजार का मुनाफा होगा।



किसान गोष्ठी को संबोधित करती डीएम

# खेलों से शारीरिक स्वास्थ्य व मानसिक विकास होता: अजय

**● एल्ड्रिच प्रीमियम लीग 2022-2023 का शुभारम्भ**

**उरई( जालौन )।** बीकेडी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल, उरई मे विगत बर्षो की भांति इस वर्ष एल्ड्रिच प्रीमियम लीग का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक इजी. अजय इटौरिया ने फीता काटकर किया।

शुभारम्भ के अवसर पर मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक इजी. अजय इटौरिया के कहा कि खेलने से शारीरिक स्वास्थ्य एवं मानसिक विकास होता है। वर्तमान मे क्रिकेट मे युवाओं की विशेष रूचि है। विद्यालय के छात्र इस लीग मैच के माध्यम से बहतर प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा को उजागर कर तथा अन्य दूसरे क्रिकेट मेचों मे भी अच्छा प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करेगें। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने कहा कि आज एल्ड्रिच प्रशासन द्वारा एपीएल का शुभारम्भ कर बच्चों के मानसिक शारीरिक विकास के लिए अच्छा प्रयास है। ये मैच एक सप्ताह चलेगें। और सुबह से आज छात्रों में मैच को लेकर काफी उत्साहित थे। शुभारम्भ मैच एड्रिच पैंथर वनाम एड्रिच टाइगर के मध्य हुआ। टॉस मुख्य अतिथि इजी. अजय इटौरिया एवं विद्यालय के प्रधानाचार्या के द्वारा कराया गया। टॉस एड्रिच पैंथर ने जीता और फील्डिंग करने का निर्णय लिया। और एल्ड्रिच टाइगर ने निर्धारित 10 ओवरों मे 108 रन 2 विकेट के नुकसान पर बनाए जिसमे सबसे अच्छा योगदान कक्षा 9 वीं के रूद्ध यादव का रहा। एल्ड्रिच पैंथर ने धीमी शुरूवात करते हुये आखरी के तीन ओवरों में वाजी पलट दी, और मैंच की जीत को अपने पारी मे कर लिया। एल्ड्रिच पैंथर के खिलाड़ी कार्तिक यादव, हर्ष पटेल, प्रशांत पटेल, पीयूष नामदेव, माधुर पाल, निखिल आर्या, डिंपल चौधरी, ओम जी मिश्रा, रुव वर्मा आदि खिलाड़ी थे। और एल्ड्रिच टाइगर की टीम में आदित्य, सुमित, ध्रुव, देव सिंह, मो. साद, मो जेद, अंशुल आदि खिलाड़ी थे।

## क्विक न्यूज

### एसपी की मुहिम का दिखा असर, पुलिस ने सात वांछितों व एक को गांजे समेत दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर पुलिस इन दिनों खासी सक्रिय नजर आ रही है। पुलिस ने चार वारंटी एवं तीन वांछितों को दबोचने में सफलता प्राप्त की है। मंगलवार को रैपुरा थाने के दरोगा रमेश सिंह यादव ने आबकारी अधिनियम के वारंटी विवेक सिंह पुत्र फूलसिंह निवासी देवकली, मारकुण्डी थाने के दरोगा जयप्रकाश मिश्र की टीम ने घर में घुसकर चोरी व माल बरामद के वांछित अंकित कोल पुत्र गोपीलाल, सूरज कुमार कोल पुत्र नरेश कोल निवासी खम्हराकला थाना जनेह जिला रीवां, शिवदयाल पाण्डेय पुत्र राजेश्वर पाण्डेय निवासी खरपटा थाना जवां जिला रीवां मप्र को गिरफ्तार किया है। मऊ थाने के दरोगा विजय बहादुर यादव की टीम ने दहेज हत्या के वारंटी आबिद अली पुत्र अब्दुल्ला खान निवासी नेउरा को गिरफ्तार किया है। मऊ थाने के दरोगा मेवालाल मौर्य की टीम ने हत्या के प्रयास के वारंटी नत्थू निषाद पुत्र भोंदू निवासी बौसडा, मऊ थाने के दरोगा विपिन कुमार मिश्रा की टीम ने छेडछाड के वारंटी पप्पू उर्फबंटा उर्फअखिलेश पुत्र संतोष निवासी पुरा मजरा ददरी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इसी क्रम में रैपुरा थाने के दरोगा शैलेन्द्र कुमार सिंह की टीम ने पप्पू पुत्र रविकरन रैदास निवासी खम्हरिया के कब्जे से पांच किलो साढे पांच सौ ग्राम गांजा बरामद कर जेल भेजा है।

### प्रेम-प्रसंग के चलते पांच दिनों से गायब युवती का शव मिला, होमागार्ड के बेटे को एमपी ले गयी पुलिस



मृतका की फाइल फोटो

**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर से पांच दिनों से लापता युवती का शव मध्य प्रदेश के एक गांव में मिलने के बाद संबंधित थाना क्षेत्र की पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर इस मामले में नगर के एक होमगार्ड के बेटे को हिरासत में लिया है। यह घटना नगर में चर्चा का विषय बनी हुई है। पुलिस मामले को प्रेम प्रसंग बता रही है। कोतवाली क्षेत्र के पिपरोदा गांव निवासी आरती (21) पुत्री रमेश प्रजापति पिछले पांच दिन पूर्व घर से अचानक गायब हो गई थी जिस पर उसके परिजन उसे उसकी तलाश में लगे थे इधर 11 दिसंबर को आरती का शव मध्य प्रदेश के थाना क्षेत्र बरौंधा के ग्राम पहउआ में मिलने के बाद बरौंधा पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल करते हुए मृतका के मोबाइल के सहारे उसकी पहचान कर इसकी सूचना उसके परिजनों को आज दी। बरौंधा पुलिस इस इस घटना को लेकर नगर के होमगार्ड कालीचरण साहू के बेटे प्रमोद साहू को हिरासत में ले मध्य प्रदेश ले गई है। बरौंधा पुलिस ने बताया कि आरती व प्रमोद की आपस में काफी अर्से से जान पहचान थी। यह घटना नगर में चर्चा का विषय बनी हुई है।मृतक आरती दो भाई दो बहनों में सबसे छोटी थी ।

### गांवों में गठित की जाएंगी कोरी समाज संगठन की इकाइयां



**पुखरायां कानपुर देहात।** विकासखंड अमरौधा के रनियां गांव में भारतीय कोरी समाज संगठन की एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें संगठन को सुदृढ़ बनाने और संगठन की उपलब्धियां समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। कोरी समाज संगठन के संस्थापक डॉक्टर रज्जन लाल कोरी ने कहा की 1993 से संगठन समाज के हित के लिए कार्य कर रहा है। हर पीड़ित व्यक्ति को क्षमता अनुसार संगठन सहयोग भी कर रहा है। लेकिन अभी तक गांव में संगठन की इकाइयां नहीं घटित हो पा रही हैं। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों से उन्होंने अपील की कि ब्लॉक स्तर पर और फिर गांव स्तर पर समाज के लोगों को जोड़कर इकाइयों का गठन किया जाए। जिलाध्यक्ष मोतीलाल भारतीय ने बताया कि हमारा संगठन कोरी समाज के पिछड़े लोगों का आर्थिक और सामाजिक उत्थान करने में सक्षम है। समाज के लोगों को शिक्षित करने पर जोर दिया जा रहा है। राजाराम कमल, विश्वनाथ कोरी, रमेश कुमार, सरोज कुमार, तुलाराम कमल, महेंद्र कुमार, मोहनलाल, आनंद कोरी आदि ने विचार व्यक्त किए। सेवानिवृत्त खंड विकास अधिकारी तुलसीराम कबीर ने बैठक की अध्यक्षता की और राकेश कमल ने संचालन किया। मनीष कुमार, विजयपाल सिंह, संतोष कुमार, सरोज कुमार भी मौजूद रहे।

### एक सप्ताह से लापता युवक का शव बरामद

**जालौन।** मानसिक रूप से कमजोर युवक के एक सप्ताह से लापता था। मंगलवार को युवक का शव बिरिया खेड़ा मंदिर के पास मलंगा नाले से बरामद हुआ। पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कटरा निवासी अब्दुल गफूर का 20 वर्षीय पुत्र अरमान मंसूरी मानसिक रूप से कमजोर है। बीती 6 दिसंबर को करीब 11 बजे अरमान घर से निकला था। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटा तो उसकी तलाश शुरू हुई। सभी संभावित स्थानों पर देखने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। तब उन्होंने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने युवक की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी थी। इसी बीच चार दिन पूर्व बेटे की तलाश कर रहे पिता को पता चला कि उनका बेटा आखिरी बार बिरिया खेड़ा मंदिर के पास मलंगा नाले पर दिखा था। जिसके बाद उन्होंने पुलिस की मदद से मलंगा नाले में जाल लगवाकर बेटे की खोज कराई। लेकिन उसका पता नहीं चला। मंगलवार की सुबह बिरिया खेड़ा मंदिर पर पूजा के लिए जाते समय कुछ लोगों को एक शव मलंगा नाले के पुल में फंसा दिखा। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। पुलिस ने पहले पुल में फंसे शव को बाहर निकलवाने का प्रयास किया। लेकिन पानी के बहाव के चलते शव बाहर नहीं निकला सका। तब जेसीबी मशीन की मदद से शव का बाहर निकलवाया गया। शव के बाहर आने के बाद पिता ने शव की पहचान अरमान के रूप में की।


### एसडीएम ने प्राथमिक विद्यालय के 31 बच्चों को निशुल्क बाटे स्वेटर

**बिंदकी (फतेहपुर)।** उप जिलाधिकारी ने सरकारी प्राथमिक विद्यालय के 31 बच्चों को निशुल्क स्वेटर प्रदान किए जिन बच्चों को स्वेटर मिली उनके चेहरे में मुस्कान आई और थैंक यू बोला। उप जिलाधिकारी ने भी उन्हें खूब पढ़ने लिखने की नसीहत दी और कहा बड़े होकर अपने माता-पिता तथा गुरुजनों का नाम रोशन करें। मंगलवार को नगर के मोहल्ला पुरानी बिंदकी स्थिति सरकारी प्राथमिक विद्यालय में उपजिलाधिकारी अंजू वर्मा ने 31 बच्चों को निशुल्क स्वेटर प्रदान किए। श्री बालाजी सेवा न्यास की अध्यक्ष लक्ष्मीचंद उर्फमोना ओमर द्वारा लगातार किए जा रहे कार्य की सराहना किया। इस मौके पर कस्बा इंचार्ज सुमित नारायण तिवारी तथा विकास तिवारी, व्यापारी नेता अनूप अग्रवाल, प्रधानाध्यापिका अलका तिवारी, धर्मेंद्र गुप्ता, संजय गुप्ता, अंशुल गुप्ता, शिक्षिका विनीता देवी, रिंकू तिवारी, विमलेश गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, अखिलेश उमराव मौजूद रहे।

### प्रेमी युगल ने जहर खाकर दी जान, जंगल में मिले शव

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की सुबह प्रेमी युगल ने जंगल में जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उधर प्रेमी युगल के जान दे देने से दोनों परिवारों के बीच कोहराम मचा रहा। जानकारी के अनुसार खेसहन गांव निवासी धीरू दिवेदी 22 वर्ष एवं कु0 मीना देवी पुत्री रमेश कुमार कोरी 18 वर्ष का शव सचिन कुमार द्विवेदी के ट्यूबवेल के पास पड़े थे। जब ग्रामीणों की नजर शवों पर पड़ी तो उनके होश उड़ गये। तत्काल सचिन कुमार ने थाने में इसकी सूचना दी। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर विच्छेदन के लिए भेज दिया है। एसएचओ ने बताया कि प्रथम दृष्टया जहरीला पदार्थ खा कर आत्महत्या की घटना प्रतीत होती है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### जीएसटी छापेमारी रोके जाने पर मनाया जश्न



**फतेहपुर।** व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर जीएसटी विभाग की छापेमारी को मुख्यमंत्री द्वारा तत्काल रोक लगाये जाने पर मंगलवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की शहर इकाई ने जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें सर्वप्रथम शहर अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, महामंत्री दीपक साहू की अगुवाई में जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नारायण गुप्त, महामंत्री रिजवान डियर, युवा जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह यादव उर्फसोनू को माला पहना कर मिठाई खिलाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके बाद जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ला ने शहर अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, महामंत्री दीपक साहू, याकूब, मिंटू सोनी, खागा अध्यक्ष अमिताभ शुक्ल, संगठन मंत्री जनार्दन त्रिपाठी, अनुपम शुक्ल सहित सभी पदाधिकारियों को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। महामंत्री रिजवान डियर, युवा जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह यादव, शहर अध्यक्ष प्रमोद गुप्त, युवा के जिला महामंत्री सुनील कुमार गुप्ता, समाजसेवी, राजू, राजेंद्र सिंह, अब्दुल हफीज हाफिज, संतोष दीक्षित, ज्ञानेंद्र केसरवानी उपस्थित रहें।

पायनियर
नई दिल्ली,बुधवार, 14 दिसंबर, 2022



# जी-7 देशों का भारत की जी-20 अध्यक्षता का समर्थन

भाषा। वाशिंगटन

**जी-7 के सदस्य** देशों ने भारत की जी-20 अध्यक्षता का समर्थन किया और न्यायसंगत दुनिया के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए बड़ी प्रणालीगत चुनौतियों और तात्कालिक संकटों से मिलकर निपटने का संकल्प लिया। भारत ने आधिकारिक रूप से एक दिसंबर को जी 20 की अध्यक्षता संभाली। नई दिल्ली में अगले साल नौ एवं 10 सितंबर को राष्ट्राध्यक्ष या शासनाध्यक्ष स्तर पर जी-20 नेताओं का अगला सम्मेलन होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि भारत एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के विषय से प्रेरित होकर एकता को बढ़ावा देने के लिए काम करेगा और आतंक, जलवायु परिवर्तन, महामारी को सबसे बड़ी चुनौतियों के तौर पर सूचीबद्ध करेगा जिनका एक साथ मिलकर बेहतर तरीके से मुकाबला किया जा सकता है। जी-7 देशों के नेताओं ने सोमवार को जारी एक संयुक्त बयान में कहा कि वे सभी के लिए बेहतर एवं सतत भविष्य का समर्थन करते हैं। जी-7 देशों के नेताओं ने एक संयुक्त बयान में कहा, जर्मनी की अध्यक्षता में जी-7 देशों ने अपने अन्य अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों के साथ मिलकर हमारे समय की प्रमुख प्रणालीगत चुनौतियों और तात्कालिक संकट से मिलकर निपटने का अपना संकल्प दिखाया है। हमारी प्रतिबद्धताओं और कदमों ने एक न्यायसंगत दुनिया की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया है।


विदेश मंत्री जयशंकर ने यूएई के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्लाह से मुलाकता की

बयान में कहा गया है कि जी-7, जी-20 में भारत की अध्यक्षता का समर्थन करता है और एक शांतिपूर्ण, समृद्ध और सतत भविष्य के पुनर्निर्माण के लिए मजबूती से, एकजुट होकर और पूरी तरह प्रतिबद्ध होकर खड़ा हैं। कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका जी-7 के सदस्य देश हैं। अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किए, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ जी-20 के सदस्य हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कई समाचार पत्रों में प्रकाशित एवं कई वेबसाइट पर साझा किए गए एक लेख में कहा था कि भारत की जी-20 प्राथमिकताओं को न केवल जी-20 भागीदारों, बल्कि दुनिया के दक्षिणी हिस्से के उन साथी देशों के परामर्श से आकार दिया जाएगा, जिनकी आवाज अक्सर अनसुनी कर दी जाती है। उन्होंने कहा कि भारत का जी-20 एजेंडा समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्वाई उन्मुख और निर्णायक होगा।

## बोलसोनारो के समर्थकों की पुलिस के साथ हिंसक झड़प

भाषा। रियो डी जिनेरियो

ब्राजील के राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो के समर्थकों की सोमवार को पुलिस के साथ हिंसक झड़प हो गई। इस दौरान कई वाहनों में आग लगा दी गई और राजधानी ब्रासीलिया में संघीय पुलिस के मुख्यालय पर कथित तौर पर हमला करने की कोशिश की गई। अराजकता फैलाते कुछ प्रदर्शनकारियों की तस्वीरें सोशल मीडिया व स्थानीय टेलीविजन चैनल पर प्रसारित हुई। इनमें कई लोग ब्राजील के झंडे को प्रतिबिंबित करते पीले व हरे रंग के कपड़े पहने शहर में घूमते नजर आए। ब्रासीलिया के जन सुरक्षा सचिवालय ने एक बयान में बताया कि पुलिस द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी करने के बाद झड़पें हुईं। इससे पहले दिन में उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति एलेक्जेंडर डी. मोरेस ने जोस अकासियो सेरेरे ज़्वान्ते की अस्थाई गिरफ्तारी का आदेश दिया था। ज़्वान्ते पर लोकतंत्र विरोधी प्रदर्शनों में हिस्सा लेने का आरोप है। बोलसोनारो 30 अक्टूबर को हुए पुन:चुनाव में अपने प्रतिद्वंद्वी दा सिल्वा से हार गए थे।

## ऑस्ट्रेलिया में गोलीबारी में दो पुलिस अधिकारियों समेत छह लोगों की मौत

ब्रिस्बेन (ऑस्ट्रेलिया), 13 दिसंबर (एपी) ऑस्ट्रेलिया के ग्रामीण इलाके में दो पुलिस अधिकारियों सहित छह लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी एक व्यक्ति के लापता होने की शिकायत की जांच के सिलसिले में मौके पर पहुंचे थे। पुलिस ने बताया कि हिंसा सोमवार शाम करीब पौने पांच बजे हुई जब चार अधिकारी क्वींसलैंड राज्य में एक दूरस्थ संपत्ति पर पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि कम से कम दो हमलावरों ने वाईंबिला में ग्रामीण इलाके में पुलिस अधिकारियों पर गोलियां चलाईं। पुलिस ने बताया कि उन्होंने जवाबी कार्वाई की लेकिन दो अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। मौके पर मौजूद एक अन्य व्यक्ति की भी गोली लगने से मौत हो गई। क्वींसलैंड की पुलिस आयुक्त कैटरीना कैरोल ने एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि शुरुआती गोलीबारी में एक अन्य अधिकारी को गोली लग गई, जबकि एक अन्य अधिकारी वहां से जान बचाकर निकलने में सफल रहा। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद विशेष पुलिस अधिकारियों और हवाई बल को सहायता के लिए बुलाया गया और घटनास्थल की घेराबंदी की गई।

## अदालत ने इमरान खान पर हमले के आरोपी को और 10 दिनों के लिए जेआईटी की हिरासत में भेजा

भाषा। लाहौर

**पाकिस्तान** की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की हत्या की कोशिश करने को लेकर गिरफ्तार किए गए आरोपी को और 10 दिनों के लिए मंगलवार को संयुक्त जांच दल (जेआईटी) की हिरासत में भेज दिया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रमुख खान (70) पर पंजाब प्रांत के वजीराबाद इलाके में तीन नवंबर को उस समय गोलीबारी की गई थी, जब वह एक रैली कर रहे थे। अदालत के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, पुलिस ने संदिग्ध मुहम्मद नवीद को आतंकवाद-रोधी अदालत (एटीसी), गुजरांवाला में पेश किया। अदालत ने उसे पूछताछ के लिए और 10 दिनों के वास्ते जेआईटी की हिरासत में भेज दिया। उन्होंने कहा कि जेआईटी के एक सदस्य ने अदालत को सूचित किया कि खान पर किए गए हमले की जांच चल रही है और उसे आरोपी का पॉलीग्राफ टेस्ट भी कराना है।

M/S SHREE MAHALAXMI STEEL INDUSTRIES, Registrar of Firms Reg. No. 439 of 2006 Dtd 27.02.2006. Address Khasra No 76, Village Ranholla, Nangloi, New Delhi 110041 has following changes in partners:
1.Sh. Hari Krishan (HUF) partner resigned w.e.f. 31.03.18
2. Sh. Anish Gupta,joined as partner w.e.f. 01.04.18
3. Sh. Anish Gupta,Partner resigned w.e.f. 31.08.19
4.Sh. Shri Krishan Gupta joined as Partner w.e.f. 01.09.19
Final Partners are as under:
1. Shri Krishan Gupta, Partner
2. Saurabh Gupta, Partner
3. Abhinav Gupta, Partner

## हांगकांग में लोकतंत्र समर्थक प्रकाशक जिम्मी लई के मुकदमे में होगी देरी

भाषा। हांगकांग

**हांगकांग में** लोकतंत्र समर्थक प्रकाशक जिम्मी लई के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े एक मुकदमे की सुनवाई मंगलवार को फिर से टल गई। उन्हें मुकदमे में एक ब्रिटिश वकील की सेवा लेने से रोकने के लिए चीन के फैसले का इंतजार किया जा रहा है। शहर के लोकतंत्र समर्थक आंदोलन पर कार्वाई के दौरान अगस्त 2020 में गिरफ्तार किए गए जिम्मी लई राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने के आरोपों का सामना कर रहे हैं। अब बंद हो चुके लोकतंत्र समर्थक अखबार एप्पल डेली के 75 वर्षीय संस्थापक लई को बीजिंग द्वारा लागू राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत दोषी करार दिए जाने की स्थिति में उम्र कैद की सजा हो सकती है। उन पर मुकदमे की सुनवाई मूल रूप से एक दिसंबर को शुरू होनी थी, लेकिन हांगकांग के नेता जॉन ली ने चीन की शीर्ष विधाई संस्था से इस विषय पर निर्णय करने को कहा है कि क्या ऐसे विदेशी वकीलों को राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में पैरवी करने की अनुमति दी जा सकती है, जो आम तौर पर हांगकांग में वकालत नहीं करते हैं। इससे कुछ घंटे पहले शहर की शीर्ष अदालत ने जिम्मी लई को मानवाधिकार मामलों के नामी वकील टिमोथी ओवेन की सेवाएं लेने की अनुमति दे दी। अगर चीन हस्तक्षेप करता है तो यह छठी बार होगा, जब सरकार अपने वादों को नजरअंदाज करेगी। चीन की सरकार ने हांगकांग की न्यायिक स्वतंत्रता और नागरिक स्वतंत्रताओं का वादा किया था। चीन की शीर्ष विधाई संस्था के दिसंबर के अंत तक बैठक करने की संभावना है। जिम्मी लई पर हांगकांग या चीन के खिलाफ अस्थिरता फैलाने वाली गतिविधियों में दूसरों के साथ मिलकर साजिश करने का आरोप है। उन पर विदेशी ताकतों के साथ साठगांठ कर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने का भी आरोप है। इसके अलावा उनपर राजद्रोह का भी आरोप है। अनधिकृत सभाओं में भूमिका निभाने के लिए 20 महीने की जेल की सजा पूरी करने के बाद लई को धोखाधड़ी के आरोप में शनिवार को पांच साल और नौ महीने की जेल की सजा सुनाई गई थी।

## पेरू की राष्ट्रपति ने चुनाव कराने की प्रदर्शनकारियों की मांग स्वीकार की

**लीमा।** पेरू की राष्ट्रपति डिना बोलुआर्टे ने देश में चुनाव कराने की प्रदर्शनकारियों की मांग मानने की सोमवार को घोषणा की। बोलुआर्टे के इस्तीफे की मांग को लेकर हजारों प्रदर्शनकारी सड़क पर उतर आए थे, जिसके बाद राष्ट्रपति ने टेलीविजन पर प्रसारित राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा कि वह चुनाव कराने के लिए कांग्रेस को प्रस्ताव भेजेंगी। बोलुआर्टे की इस घोषणा के बावजूद प्रदर्शनकारी शांत नहीं हुए। उनके संबोधन के कुछ घंटों बाद प्रदर्शनकारियों ने दक्षिणी पेरू में एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक जाने के मार्ग को अवरुद्ध कर दिया और उसके रनवे पर एकत्रित हो गए। बोलुआर्टे ने घोषणा में कहा कि वह अप्रैल 2024 के लिए आम चुनाव का प्रस्ताव रखेंगी, जबकि इससे पहले उन्होंने कहा था कि उन्हें उनके पूर्ववर्ती राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो के शेष साढ़े तीन साल के कार्यकाल के लिए पद पर बने रहना चाहिए। इससे पहले, अधिकारियों ने बताया था कि प्रदर्शन के दौरान रविवार को आंदेज समुदाय के कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। कैस्टिलो को बुधवार को देश के राष्ट्रपति पद से हटा दिया गया था।

## इस्लामिक स्टेट समूह ने काबुल में होटल पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली



भाषा। इस्लामाबाद

**आतंकवादी** समूह इस्लामिक स्टेट ने अफगानिस्तान की राजधानी में एक होटल पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली है, जिसमें तीन हमलावरों की मौत हो गई और वहां ठहरे दो लोग घायल हो गए थे। सोशल मीडिया पर जारी तस्वीरों के अनुसार, अफगानिस्तान की राजधानी काबुल के बीचोंबीच स्थित काबुल लॉँगन होटल में सोमवार को दोपहर के वक्त हमला हुआ और 10 मंजिला इमारत से धुएं का गुबार उठता देखा गया था। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होंने विस्फोट और गोलियों की आवाज सुनी। तालिबान सुरक्षा बल इलाके में पहुंच गए और उन्होंने घटनास्थल को जाने वाली सभी सड़कों की नाकेबंदी कर दी। तालिबान द्वारा नियुक्त किए गए पुलिस प्रवक्ता खालिद जदरान ने बताया कि यह हमला कुछ घंटों तक जारी रहा। इसके कुछ घंटे बाद, इस्लामिक स्टेट के स्थानीय सहयोगी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी ली। इस्लामिक स्टेट तालिबन का प्रतिद्वंद्वी समूह है। आईएस ने अपने टेलीग्राम चैनल के जरिए एक बयान में दावा किया कि इसके दो सदस्यों ने होटल पर हमला किया, क्योंकि इसका उपयोग अक्सर राजनयिकों द्वारा किया जाता है और इसका मालिक कम्युनिस्ट चीन है। तालिबान अधिकारियों के अनुसार, हमले में तीन हमलावर मारे गए, जबकि आईएस ने दावा किया कि उसके सदस्य हमले में शामिल थे।

## नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार चार दिवसीय यात्रा पर श्रीलंका पहुंचे

**कोलंबो।** नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार मंगलवार को चार दिवसीय यात्रा पर कोलंबो पहुंचे। इस यात्रा का उद्देश्य भारत और श्रीलंका के बीच द्विपक्षीय समुद्री सहयोग बढ़ाना है।इससे पहले दिन में जारी एक सरकारी विज्ञप्ति के मुताबिक, भारतीय नौसेना का स्वदेशी आईएनएस सह्याद्री भी नौसेना प्रमुख की यात्रा के मद्देनजर कोलंबो के बंदरगाह पर पहुंचा। यह पोत श्रीलंकाई नौसेना के साथ प्रशिक्षण में शामिल होगा और दोनों देश समुद्री साझेदारी अभ्यास करेंगे। कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग ने कहा कि एडमिरल कुमार श्रीलंकाई नौसेना के कमांडर वाइस एडमिरल निशांथा यू. के निमंत्रण पर यहां पहुंचे हैं। एडमिरल कुमार की यात्रा दोनों पड़ोसी देशों के बीच मजबूत संबंधों और घनिष्ठ सहयोग का प्रतीक है।

सार्वजनिक सूचना
एतद्वारा जनता को नोटिस दिया जाता है कि (1) शेयर प्रमाणपत्र (2) आवंटन पत्र (3) कब्जा पत्र (4) सोसाइटी-सदस्य करार (5) पंजीकृत समझौता/करार पत्र (6) जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी (7) विशेष पावर ऑफ अटॉर्नी (8) वसीयत (9) भुगतान रसीद (10) कॉन्वेयन्स डीड सहित निष्पादित है और फ्लैट नंबर 113, सेलेस्टियल हाइट्स प्लॉट नंबर 12, सेक्टर-2, द्वारका, नई दिल्ली से संबंधित है, सभी को उसके मालिक [illegible] द्वारा खो दिया गया है और इसकी एक एनसीआर/प्राथमिकी दिल्ली पुलिस के ऑनलाइन पोर्टल पर LR No. 1034722/2022 दिनांक 30.11.2022 के तहत पहले ही दर्ज की जा चुकी है। उक्त संपत्ति गिरवी नहीं है और सभी बाधाओं से मुक्त है। पाने वाला कृपया वर्तमान तिथि से 15 दिनों के भीतर नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें, उसके बाद उपयोगकर्ता/धारक खोये/लापता दस्तावेज के उपयोग के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा
PREM PRAKASH (ADVOCATE)
Legalpath Competent Lawyers LLP
207, Plot-1, MLU Sec-10,
Dwarka, New Delhi-75 (M) 9871268399

Public Notice
NOTICE is hereby given that Mr. Khurshid Alam is owner of the Built-up First Floor, Rear Side Pvt. Portion No. 204, Facing Small Gali (Without roof rights), Part of Property Bearing No. RZ-901-B, Gali No. 24, area measuring 104.17 sq. mtrs., i.e. approx. 125 sq. yds., carved out of Khasra No. 450, situated at Tughlakabad Extn., New Delhi-110019 vide Sale Deed dated 05.11.2019 (Doc. No. 5982). Mr. Khurshid Alam has misplaced the Original Sale Deed dated 23.05.2007 executed by M/S Kataria Builtack Pvt. Ltd. in favour of Dr. Jahanara in respect of said floor Doc as 6371, vol no. 7335, Pages 162 to 169. Anyone who find the above said document shall handover the same to the Manager of Bajaj Housing Finance Ltd. Now, Mr. Khurshid Alam is availing a loan on this property from Bajaj Housing Finance Ltd. by mortgaging the said property. In case anyone has any objection regarding mortgage of the said property, the same may be raised within 7 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

SELECT E AUCTIONEER
SCRAP FOR SALE
e - Auction of salvage water affected stocks of Laptop/ TFT/Monitors etc (e-Auction Id –FA00002139)
e - Auction will be carried out for disposal of water affected stocks of Laptop/TFT/Monitors etc on Whole lot basis on behalf of M/s Rashi Peripherals Pvt Ltd on "AS IS WHERE IS BASIS" on 23rd December' 2022. The affected items can be inspected at 325/3, S S Square (Prem Nagar), Near Roadways Bus Stand, Gurgaon 122001 from 14th December' 2022 onward after taking prior appointment with Ms Dimple (SEA) Mobile No.8076156313 Mr. Ajay Sharma (SEA) Mobil No. 9911999047 & Mr. Dharmender Kumar (M/s Rashi Peripherals Pvt Ltd) 09958096094. To participate please register on www.eauctioneer.in. Duly filled Participation Form and DD/UTR for RTGS payments must be provided to M/s Select e- Auctioneer Pvt Ltd. at the following address / e-mail id by 22nd December' 2022 :
301-302, Samrat, Bhawan,
A-7/8/9, Ranjit Nagar Commercial Complex,
New Delhi -110008 email:
bid@eauctioneer.in. Contact: Ms. Dimple
8076156313, 09911999047, 25701274-75-76.

# सेंसेक्स में दो दिन की गिरावट थमी, 403 अंक चढ़ा

भाषा। मुंबई

**खुदरा** मुद्रास्फीति के 11 महीने में पहली बार छह प्रतिशत के स्तर से नीचे आने से उत्साहित स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी देखी गई और दोनों प्रमुख सूचकांक अच्छी बढ़त के साथ बंद हुए।



**सेंसेक्स 402.73 अंक यानी 0.65 प्रतिशत की बढ़त के साथ 62,533.30 अंक पर बंद हुआ**

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 402.73 अंक यानी 0.65 प्रतिशत की बढ़त के साथ 62,533.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय इसमें 437.35 अंक तक उछाल दर्ज किया गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 110.85 अंक यानी 0.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,608 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में इंडसइंड बैंक में सर्वाधिक 2.46 प्रतिशत की तेजी रही। बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टेक महिंद्रा और बजाज फिनसर्व के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं नेस्ले इंडिया, टाटा स्टील, मारुति सुजुकी, टाइटन और एचयूएल के शेयरों में 0.54 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप में 0.40 प्रतिशत की बढ़त रही जबकि मिडकैप में 0.25 प्रतिशत का सुधार रहा। कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड के इक्विटी शोध (खुदरा) प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, खुदरा मुद्रास्फीति के 11 महीनों के निचले स्तर पर आने से बाजार को नीतिगत दर में वृद्धि की रफ्तार धीमी पड़ने की उम्मीद जगी है। इसके अलावा अमेरिकी बाजारों में सोमवार को तेजी रहने से भी स्थानीय स्तर पर कारोबारी धारणा को बल मिला। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख निोद नायर ने कहा कि इस तेजी की अगुवाई सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने की जबकि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों ने भी गिरावट के सिलसिले को तोड़ दिया। अन्य एशियाई बाजारों में जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे, जबकि चीन के शंघाई कम्पोजिट और दक्षिण कोरिया के कॉस्पी में गिरावट आई। यूरोप के बाजार दोपहर के सत्र में बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार भी सोमवार को लाभ में बंद हुए थे। विश्लेषकों का कहना है कि घरेलू शेयर बाजारों में खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े छह प्रतिशत के नीचे आने से निवेशक उत्साहित दिखे। नवंबर में खुदरा मुद्रास्फीति 5.88 प्रतिशत रही है जो पिछले 11 माह का निचला स्तर है। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.60 प्रतिशत चढ़कर 79.24 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की भारतीय बाजारों से निकासी जारी रखी है। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, सोमवार को विदेशी निवेशकों ने 138.81 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

## आंकड़ों को पूर्ण रूप में साझा करना ठीक नहीं है : अमिताभ कांत

भाषा। मुंबई

**भारत के** जी-20 शेरपा अमिताभ कांत ने मंगलवार को कहा कि सरकार को आंकड़ों का प्रसार इन्हें खंड-खंड करके करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जानकारियों को पूर्ण रूप में साझा करना ठीक नहीं है। यहां जी-20 विकास कार्यसमूह की बैठक को संबोधित करते हुए कांत ने कहा कि किसी भी देश के लिए विकास लक्ष्यों को पाने के लिहाज से आंकड़े अहम पहलू होते हैं और भारत को इसका लाभ मिला भी है। आंकड़ों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर देते हुए कांत ने आंकड़ों को जुटाने के सरकार के तौर-तरीकों का जिक्र किया। उन्होंने कहा, सरकारी आंकड़े अपने पूर्ण रूप में उपलब्ध करवाए जाते हैं जो अच्छा नहीं है। हमें इन्हें तोड़ना चाहिए।

CSB Bank

PUBLIC NOTICE ON AUCTION OF PLEDGED GOLD ORNAMENTS

The borrower/s in specific and interested bidders in general are hereby informed that on account of non-repayment of Bank's dues by the borrowers as under despite the payment notice and recall/auction notice issued by the Bank, the gold ornaments pledged with the bank as security by the respective borrowers for the loans availed by them will be sold in public auction on "as is where is" and "non- recourse" basis through e-auction portal http://csbgold.auctiontiger.net on 21st December, 2022 at 12 : 00 p.m . The auction may be adjourned to any other later date at the discretion of the bank upon publication of the same in the Bank's notice board. The borrowers are hereby further informed that the gold ornaments will be disposed off by private sale if the public auction is not successful and if there is a further balance to be recovered thereafter, legal action will be initiated against the borrower/s for recovery of the balance amounts due to the bank.

| S.No. | Branch Name | Account Name | Client ID | No of Acc. | Bal Outstanding as on 11-12-2022 | Weight (grams) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | FARIDABAD | AABID | 4201476 | 1 | 31767.2 | 9.15 |
| 2 | FARIDABAD | AAKASH | 4225774 | 1 | 17343.09 | 4.8 |
| 3 | FARIDABAD | ANKUR | 4374931 | 1 | 171204.44 | 47.45 |
| 4 | FARIDABAD | ASHWANI | 571917 | 2 | 208209.59 | 61.4 |
| 5 | FARIDABAD | BABITA | 4461143 | 1 | 35551.11 | 10.5 |
| 6 | FARIDABAD | BAL GOVIND | 4136207 | 1 | 229786 | 71.2 |
| 7 | FARIDABAD | BALDEV | 4221573 | 1 | 26209.84 | 7.77 |
| 8 | FARIDABAD | BIJU | 2913246 | 1 | 581689.97 | 176.8 |
| 9 | FARIDABAD | GAURAV | 4168407 | 1 | 393425.07 | 109.1 |
| 10 | FARIDABAD | GYANENDER | 4130998 | 1 | 460975.24 | 130.35 |
| 11 | FARIDABAD | HIMANSHU | 4479171 | 1 | 23789.74 | 7 |
| 12 | FARIDABAD | JAY | 4174498 | 1 | 46327.42 | 13.08 |
| 13 | FARIDABAD | JEETENDRA | 4166972 | 2 | 205858.02 | 62.75 |
| 14 | FARIDABAD | KAVITA | 4292804 | 1 | 96784.65 | 29.9 |
| 15 | FARIDABAD | KAVITA | 4332194 | 1 | 195434.14 | 57.7 |
| 16 | FARIDABAD | LATA | 4175331 | 1 | 51523.02 | 15.7 |
| 17 | FARIDABAD | MAHESH CHAND | 4189891 | 1 | 40043.25 | 12.05 |
| 18 | FARIDABAD | MANOJ KUMAR | 571267 | 5 | 570501.12 | 196.7 |
| 19 | FARIDABAD | MONIKA | 4459298 | 1 | 155995.52 | 45 |
| 20 | FARIDABAD | MURARI | 4193317 | 1 | 75714.54 | 24.5 |
| 21 | FARIDABAD | NIKHIL | 3950214 | 1 | 16952.6 | 5.4 |
| 22 | FARIDABAD | PARDEEP | 4144422 | 1 | 26541.8 | 7.6 |
| 23 | FARIDABAD | PARVEJ KAUSHAR | 4161792 | 2 | 232345.06 | 65.9 |
| 24 | FARIDABAD | PRAVEEN | 4107206 | 1 | 262023.72 | 78.5 |
| 25 | FARIDABAD | PRINCE | 4096941 | 1 | 12688.87 | 4.1 |
| 26 | FARIDABAD | RACHNA | 572056 | 2 | 425040.16 | 126.45 |
| 27 | FARIDABAD | RACHNA VIRMANI | 572056 | 1 | 39508.16 | 14.5 |
| 28 | FARIDABAD | RADHA | 4184981 | 1 | 11133.51 | 3.27 |
| 29 | FARIDABAD | RAJA | 4211134 | 1 | 102243.61 | 30.55 |
| 30 | FARIDABAD | RAJAT | 7160206 | 3 | 698277.87 | 201.65 |
| 31 | FARIDABAD | REKHA | 3874118 | 1 | 23917.75 | 7.2 |
| 32 | FARIDABAD | ROHIT | 3902806 | 1 | 74875.57 | 23.2 |
| 33 | FARIDABAD | RUBANA | 7310242 | 3 | 186274.67 | 59.2 |
| 34 | FARIDABAD | SANJAY | 4088682 | 1 | 15204.01 | 4.55 |
| 35 | | | | | | |

For more details/account wise information borrowers/interested bidders may contact respective branches and for participating in the auction, please visit/login to the e-auction portal http://csbgold.auctiontiger.net

Authorised Officer
CSB Bank
FARIDABAD | 14 December 2022

## एफटीएक्स के पूर्व सीईओ फ्राइड बहामास में गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क।** क्रिप्टोकरेंसी के कारोबार से जुड़ी कंपनी एफटीएक्स के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सैम बैंकमैन फ्राइड को अमेरिकी सरकार के अनुरोध पर सोमवार को बहामास में गिरफ्तार कर लिया गया। एफटीएक्स पिछले महीने धराशाई हो गई थी। और दोनों देश फ्राइड के खिलाफ आपराधिक मामले की जांच कर रहे है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Ashutosh S/o- Sh. Jaipal Sharma, R/o- H. No. A-809 Ace Platinum Sector- Zeta 1, Greatar Noida- 201312, Gautam Budh Nagar, U.P. have change my name From Ashutosh Parashor to Ashutosh for all future purposes.
PD(90218)c

## यात्री वाहनों की थोक बिक्री नवंबर में 28 प्रतिशत बढ़ी : सियाम

भाषा। नई दिल्ली

देश में यात्री वाहनों (पीवी) की थोक बिक्री नवंबर, 2022 में सालाना आधार पर 28 प्रतिशत बढ़कर 2,76,231 इकाई पर पहुंच गई। वाहन बनाने वाली कंपनियों के संगठन सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि उपयोगिता (यूटिलिटी) वाहनों और कारों दोनों की मजबूत मांग के चलते यह वृद्धि देखी गई है। नवंबर, 2021 में डीलरों को 2,15,626 यात्री वाहनों की आपूर्ति कराई गई थी। वहीं यूटिलिटी वाहनों की थोक बिक्री पिछले महीने 32 प्रतिशत बढ़कर 1,38,780 इकाई हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 1,05,091 इकाई रही थी। इसी तरह, यात्री कारों की आपूर्ति भी इस दौरान 29 प्रतिशत बढ़कर 1,30,142 इकाई हो गई।

# बैंकों ने पिछले पांच वर्षों में 10 लाख करोड़ रु. से अधिक फंसे कर्ज बट्टे खाते में डाले : सीतारमण

भाषा। नई दिल्ली


**बैंकों ने** पिछले पांच वित्त वर्षों के दौरान 10,09,511 करोड़ रुपए के फंसे कर्ज (एनपीए) बट्टे खाते में डाले हैं। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को संसद को यह जानकारी दी। वित्तमंत्री ने राज्यसभा को एक लिखित उत्तर में कहा कि गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) या फंसे कर्ज को बट्टे खाते में डालते हुए उसे संबंधित बैंक के बही खाते से हटा दिया गया है। इसमें वे फंसे हुए कर्ज भी शामिल हैं जिसके एवज में चार साल पूरे होने पर पूर्ण प्रावधान किया गया है। सीतारमण ने कहा, बैंक आरबीआई के दिशानिर्देशों तथा अपने-अपने निदेशक मंडल की मंजूरी वाली नीति के अनुसार पूंजी का अनुकूलतम स्तर पर लाने लिए



अपने अपने बही-खाते को दुरूस्त करने, कर लाभ प्राप्त करने और पूंजी के अनुकूलतम स्तर प्राप्त करने को लेकर नियमित तौर पर एनपीए को बट्टे खाते में डालते हैं। आरबीआई से मिली जानकारी के अनुसार अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) ने पिछले पांच वित्त वर्षों के दौरान 10,09,511 करोड़ रुपए की राशि को बट्टे खाते में डाला है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बट्टे खाते में कर्ज को डालने से कर्जदार को लाभ नहीं होता। वे पुनर्भुगतान के लिए उत्तरदाई बने रहेंगे और बकाए की वसूली की प्रक्रिया जारी रहती है। बैंक उपलब्ध विभिन्न उपायों के माध्यम से बट्टे खाते में डाले गए राशि को वसूलने के लिए कार्वाई जारी रखते हैं। इन उपायों में अदालतों या ऋण वसूली न्यायाधिकरणों में मुकदमा दायर करना, दिवाला और ऋण शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के तहत मामले दर्ज करना और गैर-निष्पादित संपत्तियों की बिक्री आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों ने पिछले पांच वित्त वर्षों के दौरान कुल 6,59,596 करोड़ रुपए की वसूली की है। इसमें बट्टे खाते में डाले गए कर्ज में से 1,32,036 करोड़ रुपए की वसूली शामिल है।

# सुक्खू ने पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के फैसलों की समीक्षा का आदेश दिया

**भाषा।** शिमला



**हिमाचल** प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पूर्ववर्ती भाजपा सरकार द्वारा लिए गए सभी फैसलों की समीक्षा करने की घोषणा की है और उन अधिकारियों को बर्खास्त करने का आदेश दिया, जिन्हें हाल के महीनों में फिर से नियुक्त किया गया था या सेवा विस्तार दिया गया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण और तानाशाही करार दिया है।

सोमवार रात जारी आदेशों के अनुसार, विभिन्न बोर्ड और समितियों के प्रमुखों और सदस्यों की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त की जाती हैं और सरकारी नौकरियों के लिए भर्तियां-जब तक कि राज्य भर्ती बोर्ड या आयोग के माध्यम से नहीं की गई हों - रोकी जाती हैं।यह आदेश हालांकि, सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों और स्वास्थ्य संस्थानों पर लागू नहीं होगा। संस्थानों के निर्माण और उन्नयन की अधिसूचना को गैर-अधिसूचित करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं और नए प्रस्ताव मांगे गए हैं।सभी कार्यालयों को निर्देशित किया गया है कि पंप संचालकों, बहुउद्देश्यीय कर्मचारियों, रसोइयों और सहायकों के संबंध में कोई नया नियुक्ति पत्र या आवेदन आमंत्रित करने का नोटिस जारी न करें।जल शक्ति विभाग के प्रधान अभियंता (इंजीनियर-इन-चीफ) ने विभाग के सभी अधिकारियों को किसी भी कारण से क्षतिग्रस्त हुए सभी शिलान्यास पट्टिकाआधारशिला को बहाल करने का भी निर्देश दिया।सरकार ने एक जून 2022 से पिछले छह महीनों के दौरान पिछली सरकार द्वारा किए गए सभी शिलान्यासों का विवरण भी 15 दिसंबर 2022 तक मुख्यमंत्री कार्यालय में जमा करने के लिए कहा। आदेश में कहा गया है कि प्रक्रियाधीन सभी लंबित निविदाओं को रोक दिया जाएगा और अगले आदेश तक किसी भी परिस्थिति में कोई काम नहीं दिया जाएगा और कोई नई निविदा आमंत्रित नहीं की जाएगी। इस आदेश पर पत्रकारों से बात करते हुए भाजपा की राज्य इकाई के प्रवक्ता रणधीर शर्मा ने कहा कि संस्थान आम जनता के लाभ के लिए खोले गए हैं और उनका उन्नयन किया गया था। इन्हें गैर-अधिसूचित करना एक जनविरोधी कार्य था।उन्होंने आदेश को प्रतिशोध का कार्य बताया और सुक्खू से इस कदम पर पुनर्विचार करने की मांग करते हुए कहा कि ए विकास कार्य जनहित में शुरू किए गए थे।शर्मा ने चेतावनी दी कि कांग्रेस के जनविरोधी फैसलों के खिलाफ भाजपा आवाज उठाएगी।हाल में हुए राज्य विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली जीत के बाद सुक्खू ने रविवार को हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।



संसद हमले में मारे गए शहीदों को श्रद्धांजलि देते गृह मंत्री अमित शाह व साथ उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोस अध्यक्ष ओम बिरल अन्य नेता गण फोटो : रंजन ढिमरी

## जम्मू कश्मीर में नेकां की सरकार बनने पर पीएसए निरस्त करेंगे: उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) अगर जम्मू कश्मीर में सत्ता में आती है तो वह पहले ही दिन विवादास्पद जन सुरक्षा कानून (पीएसए) निरस्त कर देगी। नेकां संस्थापक शेख मोहम्मद अब्दुल्ला की अगुवाई वाली सरकार ने 1978 में लकड़ी की तस्करी रोकने के लिए जन सुरक्षा कानून लागू किया था। बिना मुकदमा चलाए दो साल तक हिरासत में रखने के प्रावधान वाले इस कानून का इस्तेमाल 1990 के बाद आतंकवादियों और अलगाववादियों के खिलाफ किया गया। उमर ने अनंतनाग जिले के डूरू में पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा, उन्होंने (केंद्र ने) केवल वही (पुराने) कानून को यहां बनाए रखा, जिसका इस्तेमाल लोगों के उत्पीड़न में किया जा सकता हो। देश में कहीं भी जन सुरक्षा कानून नहीं है...केवल जम्मू कश्मीर में यह कानून है। मैंने पहले भी कहा है और दोबारा कह रहा हूं जब नेशनल कांफ्रेंस की सरकार आएगी तो पहले ही दिन इस कानून को निरस्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करना जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में एक मुद्दा होगा। उन्होंने कहा, यह जाहिर है कि यह चुनाव महज बिजली, सड़क, पानी के मुद्दे पर नहीं लड़ा जाएगा। पांच अगस्त 2019 के बाद से जो कुछ भी हुआ है, वह चुनावों में एक मुद्दा होगा। देखते हैं कि लोगों का फैसला क्या होता है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार जम्मू कश्मीर के लोगों की पहचान और हितों की रक्षा के लिए सभी कदम उठाएगी। उन्होंने केंद्र पर जम्मू कश्मीर में बाहरी लोगों को लाकर स्थानीय लोगों के संसाधन तथा नौकरियां छीनने का आरोप लगाया। उमर ने दावा किया, खनिजों के खनन के ठेके बाहरी लोगों को दिए गए...यहां तक कि पत्र पहुंचाने वाले डाकिए भी दूसरे स्थानों से लाए जाएंगे। हमारे युवाओं को इन नौकरियों के योग्य नहीं समझा जाता है। उन्होंने कहा, मुझे इन चीजों पर कोई आपत्ति नहीं होगी, लेकिन उन्हें हमारे युवाओं को ले जाना चाहिए और उन्हें हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश तथा अन्य राज्यों में नौकरियां देनी चाहिए। उन्हें हमारे ठेकेदारों को पंजाब में खनन करने की अनुमति देनी चाहिए, लेकिन वे ऐसा नहीं करेंगे।

## बिहार विस में राष्ट्रगान के दौरान बैठे रहे कांग्रेस विधायक, भाजपा ने हमला बोला

**पटना।** बिहार में सोमवार को विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सदन में राष्ट्रगान के दौरान एक कांग्रेस विधायक के बैठे रहने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नाराजगी जताई। अररिया विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले अबीदुर रहमान ने कहा कि वह पैर में दर्द की वजह से खड़े नहीं हुए। हालांकि, 55 वर्षीय रहमान दिवंगत सदस्य के सम्मान में दो मिनट का मौन रखे जाने के दौरान खड़े नजर आए।

बाद में, भाजपा विधायक नीरज सिंह बाबू ने संवाददाताओं से कहा कि यदि रहमान पैर में दर्द की वजह से राष्ट्रगान के सम्मान में खड़े नहीं हुए, तो बाद में उनका दर्द कैसे गायब हो गया? उन्होंने कहा कि रहमान दिवंगत सदस्य के सम्मान में रखे गए मौन के दौरान खड़े थे, जिसमें राष्ट्रगान में लगने वाले समय से अधिक समय लगा, इसलिए ऐसा लगता है कि उन्होंने जानबूझकर राष्ट्रगान का अपमान किया। भाजपा विधायक एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने रहमान की निंदा की और विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी से राष्ट्रगान के अपमान का संज्ञान लेने तथा उचित कार्वाई करने की मांग की। अन्य भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री प्रमोद कुमार ने कांग्रेस विधायक के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज करने की मांग की। इससे पहले, कार्यवाही शुरू होने से पहले, भाजपा विधायकों ने 1.15 लाख शिक्षकों की तत्काल भर्ती की मांग को लेकर नारेबाजी की, जिसके लिए पिछली राजग सरकार द्वारा सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दी गई थी। उन्होंने हाथों में तख्तियां ले रखी थीं। उन्होंने राजग शासन के दौरान स्वीकृत कुल 2.34 लाख पदों पर भर्तियों को पूरा करने की भी मांग की। महागठबंधन सरकार को बाहर से समर्थन दे रही भाकपा (माले)-लिबरेशन ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण द्वारा अल्पसंख्यकों को निशाना बनाए जानै का आरोप लागते हुए प्रदर्शन किया।

## शिवसेना का उद्धव नीत धड़ा सात सदस्यीय पीठ के समक्ष सुनवाई का अनुरोध करेगा

**भाषा।** नई दिल्ली

**महाराष्ट्र के** पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना के धड़े ने उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि वह महाराष्ट्र में राजनीतिक संकट संबंधी मामलों को सात सदस्ईय पीठ के पास भेजे जाने का अनुरोध करेगा, ताकि वह अयोग्यता संबंधी याचिकाओं के निपटारे के लिए विधानसभा अध्यक्षों की शक्तियों से जुड़े 2016 के फैसले पर फिर से विचार करे। पांच सदस्ईय संविधान पीठ ने 2016 में नबाम रेबिया मामले पर फैसला सुनाते हुए कहा था कि यदि विधानसभा अध्यक्ष को हटाने के लिए पहले दिए गए नोटिस पर सदन में निर्णय लंबित है, तो अध्यक्ष विधायकों की अयोग्यता संबंधी याचिका पर आगे की कार्यवाही नहीं कर सकता।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना के बागी विधायकों के लिए यह निर्णय विधानसभा के उपाध्यक्ष नरहरि सीताराम जिरवाल को हटाने संबंधी नोटिस लंबित होने के आधार पर शीर्ष अदालत में लाभकारी साबित हुआ। ठाकरे धड़े की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने शिवसेना में फूट के बाद महाराष्ट्र में पैदा हुए राजनीतिक संकट संबंधी याचिकाओं के समूह पर सुनवाई के दौरान प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच सदस्ईय पीठ से कहा कि वह मामले को 2016 के नबाम रेबिया मामले में फैसले पर फिर से गौर करने के लिए सात न्यायाधीशों की पीठ के पास भेजने का अनुरोध करेंगे।महाराष्ट्र के राज्यपाल की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वह चुनाव पूर्व गठबंधन सहित व्यापक मुद्दों पर एक टिप्पणी भी दाखिल करना चाहेंगे। न्यायमूर्ति एम आर शाह, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा भी इस पीठ में शामिल थे।पीठ ने इसके बाद याचिका पर निर्देश जारी करने के लिए 10 जनवरी की तारीख तय की।शीर्ष अदालत ने पहले कहा था कि वह ठाकरे और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना के गुटों द्वारा महाराष्ट्र राजनीतिक प्रकरण को लेकर दायर याचिकाओं पर 29 नवंबर को सुनवाई करेगी। तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति एन वी रमण की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने गत 23 अगस्त को कानून संबंधी कई प्रश्न तैयार किए थे और याचिकाओं को पांच न्यायाधीशों की पीठ को भेज दिया था, जिनमें दलबदल, विलय और अयोग्यता से संबंधित कई संवैधानिक सवाल उठाए थे। पीठ महाराष्ट्र में हाल के राजनीतिक संकट से जुड़े लंबित मामलों की सुनवाई कर रही है, जिसके कारण राज्य में शिवसेना के नेतृत्व वाली महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार गिर गई थी।

## भाजपा सांसद उदयनराजे भोसले ने महाराष्ट्र के राज्यपाल कोश्यारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

**भाषा।** मुंबई

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सदस्य उदयनराजे भोसले ने मंगलवार को मांग की कि पार्टी महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी और भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी के खिलाफ वैसी ही कार्रवाई करे, जैसी उसने नूपुर शर्मा के मामले में की थी। छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज भोसले ने कोश्यारी और कुछ अन्य भाजपा नेताओं के उन हालिया बयानों के खिलाफ पुणे शहर में विपक्षी दलों द्वारा आयोजित एक विरोध मार्च में भाग लिया, जिन्हें छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान करने वाला माना गया है।

कोश्यारी ने पिछले महीने एक सार्वजनिक समारोह में मराठा साम्राज्य के संस्थापक शिवाजी महाराज को पुराने समय का आदर्श करार देकर विवाद खड़ा कर दिया था। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी के उस बयान पर भी महाराष्ट्र में कड़ी प्रतिक्रिया देखने को मिली थी, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि शिवाजी महाराज ने मुगल शासक औरंगजेब से माफी मांगी थी। भोसले ने पुणे में संवाददाताओं से कहा, नूपुर शर्मा के खिलाफ जिस तरह की अनुशासनात्मक कार्वाई की गई थी, अब कोश्यारी और त्रिवेदी के खिलाफ भी होनी चाहिए। महाराष्ट्र में ज्यादातर लोगों की यही भावना है। गौरतलब है कि टेलीविजन पर बहस के दौरान पैगंबर मोहम्मद के बारे में शर्मा की टिप्पणी पर भारी विवाद के बाद उन्हें भाजपा प्रवक्ता के पद से हटा दिया गया था।

## अश्लील वीडियो मामले में राज कुंद्रा, अन्य की अग्रिम जमानत मंजूर

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित रूप से अश्लील सामग्री वाले वीडियो वितरित करने के मामले में कारोबारी राज कुंद्रा और अभिनेत्रियों शर्लिन चोपड़ा एवं पूनम पांडे समेत अन्य के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के संबंध में उनकी अग्रिम जमानत याचिका मंगलवार को स्वीकार कर ली। न्यायमूर्ति एम के जोसेफ और न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना की पीठ ने कुंद्रा एवं अन्य आरोपियों को जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा, दोनों पक्षों के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद हमारा मानना है कि याचिकाकर्ताओं की अग्रिम जमानत मंजूर की जा सकती है। एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील आर बसंत ने दलील दी कि मामले में पहले ही आरोप पत्र दायर किया जा चुका है और आरोपी जांच में पुलिस का सहयोग कर रहे हैं। शीर्ष अदालत ने पहले इस मामले में कुंद्रा को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया था। कथित अश्लील वीडियो वितरित । प्रसारित करने के आरोप में कुंद्रा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की प्रासंगिक धाराओं, स्त्री अशिष्ट रूपण (प्रतिषेध) अधिनियम और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। प्राथमिकी में चोपड़ा और पांडे को सह-आरोपी बनाया गया है। कुंद्रा के वकीलों ने दावा किया कि वह सामग्री निर्माण, प्रकाशन या कथित अवैध वीडियो के प्रसारण में किसी भी तरह शामिल नहीं थे, जबकि जिन अभिनेत्रियों को आरोपियों के रूप में नामजद किया गया है, उन्होंने वीडियो शूट करने के लिए पूर्ण सहमति दी थी।

## बिहार, महाराष्ट्र, ओडिशा ने जनगणना में जाति संबंधी विवरण एकत्र करने का अनुरोध किया : सरकार

**भाषा।** नई दिल्ली

**सरकार ने** मंगलवार को बताया कि तीन राज्यों-- बिहार, महाराष्ट्र और ओडिशा तथा कुछ संगठनों ने आगामी जनगणना में जाति आधारित विवरण एकत्र करने का अनुरोध किया है। लोकसभा में ए गणेशमूर्ति के प्रश्न के लिखित उत्तर में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने यह जानकारी दी। सदस्य ने पूछा था कि क्या सरकार ने इस दशक की जनगणना के लिए आंकड़े एकत्र करने की कोई पहल की है और क्या आंकडों के साथ- साथ जातिवार जनगणना कराने की मांग की जा रही है? गृह राज्य मंत्री ने उत्तर में कहा कि जनगणना में समय-समय पर यथा संशोधित संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश 1950 एवं संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश 1950 के तहत आने वाली जातियों एवं जनजातियों की गणना की जाती है।

नित्यानंद राय ने कहा, भारत सरकार ने आजादी के बाद से जनगणना में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अलावा जातिवार जनसंख्या की गणना नहीं की है। उन्होंने कहा, तीन राज्यों- बिहार, महाराष्ट्र और ओडिशा तथा कुछ संगठनों ने आगामी जनगणना में जाति आधारित विवरण एकत्र करने का अनुरोध किया है। राय ने बताया कि आगामी जनगणना पहली डिजिटल जनगणना होगी जिसमें स्व-गणना का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि आंकड़ों को एकत्र करने के लिए मोबाइल ऐप और विभिन्न जनगणना संबंधी गतिविधियों के प्रबंधन तथा निगरानी के लिए जनगणना पोर्टल विकसित किया गया है। राय ने यह भी बताया कि कोविड महामारी के कारण जनगणना 2021 और संबंधित गतिविधियों को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है।



सर्दी बढ़ने के साथ जम्मू कश्मीर में ऊनी कपड़ों का बाजार भी गुलजार हो गया

## राजस्थान में माफिया के हौसले बुलंद, जनता में भय: शेखावत

**भाषा।** जयपुर

**केन्द्रीय मंत्री** गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कानून व्यवस्था को लेकर मंगलवार को राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा और सरकार पर करौली की सांप्रदायिक घटना की जांच में भेदभाव करने का आरोप लगाया। शेखावत ने आरोप लगाया कि राज्य में अलग-अलग तरह के माफिया के हौसले बुलंद हैं जबकि जनता में भय है। शेखावत यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, राज्य में गैंगवॉर हो रही है और अलग अलग तरह का माफिया सक्रिय है और उनके हौसले बुलंद हुए हैं जबकि जनता में भय व्याप्त है।

भाजपा नेता ने राज्य सरकार पर करौली की घटना की जांच में भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार के तुष्टिकरण के रवैए के कारण उसी तरह की घटनाएं भीलवाड़ा और जोधपुर में भी घटित हुईं। उल्लेखनीय है कि दो अप्रैल को नवसंवत्सर पर शोभायात्रा पर पथराव की कथित घटना के बाद करौली शहर में साम्प्रदायिक हिंसा हुई थी और कई दिन तक कर्फ्यू लगा रहा। केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस सरकार पर हिन्दुओं का उत्पीड़न करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की हिन्दू विरोधी सोच और केवल अपना वोट बैंक साधने की वजह से राजस्थान में अलगाववादी ताकतों के हौंसले बुलंद हुए हैं जो समाज को बांटने, मजहब के आधार पर समाज को तोड़ने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने दावा किया, बीते चार वर्ष में राज्य कांग्रेस सरकार के इस जंगलराज, भ्रष्टाचार और कुशासन के कारण जनता के मन में जो गुस्सा है, उसको संतुलित करने के लिए राज्य के 200 विधानसभाओं में भाजपा की ओर जन आक्रोश यात्राएं निकाली जा रही है। इन यात्राओं की शुरुआत एक दिसंबर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा की उपस्थिति में हुई। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि 200 रथों ने अब तक राज्य की 94 हजार किलोमीटर की यात्रा तय की है और 50 हजार 367 से ज्यादा छोटी बड़ी नुक्कड़ सभाएं आयोजित की गई हैं।उन्होंने कहा, यात्रा के दौरान जनता की शिकायतों को पंजीकृत करने के लिए हमने दो तरह की पद्धति अपनाई थी। एक पेटिका रखी गई थी जिसमें लिखित रूप से शिकायत डाली जा सकती थी और इसके साथ ही वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करवाई जा सकती थी। उन्होंने कहा कि केवल वेबसाइट पर लगभग तीन लाख शिकायतें अब तक दर्ज हुईं हैं और पार्टी की ओर से सरकार के खिलाफ जारी आरोप पत्र की 75 लाख प्रतियां बांटी गई हैं। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में 15 से 31 दिसंबर तक विधानसभा स्तर पर बड़ी जन आक्रोश सभाएं आयोजित की जाएंगी।

## क्विक न्यूज

### संसदीय समिति ने संस्कृति मंत्रालय से राम सेतु के अन्वेषण को प्राथमिकता देने को कहा

**नई दिल्ली।** संसद की एक समिति ने संस्कृति मंत्रालय से कहा है कि उसे राम सेतु के अन्वेषण के विषय को प्राथमिकता देनी चाहिए और इसके लिए राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान के प्रस्ताव की प्रतीक्षा नही करनी चाहिए। संसद में मंगलवार को रखी गई परिवहन, पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय से संबंधित स्थाई समिति की रिपोर्ट में यह सिफारिश की गई है। समिति ने 60 साल और उससे अधिक आयु के कलाकारों के लिए प्रति माह पेंशन को 4000 रुपए से बढ़ाकर 6000 रुपए करने के सरकार के फैसले पर असंतोष जताया है। इससे पहले, समिति ने अनुशंसा की थी कि पेंशन की राशि की समीक्षा होनी चाहिए और यह उस व्यक्ति के लिए सम्मानजनक होना चाहिए जिसने समाज और देश में कला के माध्यम से योगदान दिया है। अपने जवाब में मंत्रालय ने बताया कि उसने कलाकार पेंशन योजना और कल्याण कोष के तहत पेंशन में बढ़ोतरी की है। संसदीय समिति ने मंत्रालय से कहा कि उसे राम सेतु के अन्वेषण के विषय को प्राथमिकता देनी चाहिए और राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान के प्रस्ताव की प्रतीक्षा नही करनी चाहिए। समिति ने द्वारका में समुद्र में अन्वेषण के मुद्दे पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से ताजा जानकारी मांगी है।

### कश्मीर से पलायन करने वालों को 2,693 नौकरियां दी गईं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री के विकास पैकेज (पीएमडीपी), 2015 के तहत कश्मीर से पलायन करने वाले लोगों को 2,693 सरकारी नौकरियां प्रदान की गई हैं। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार ने कश्मीरी प्रवासी कर्मचारियों के लिए 6,000 ट्रांजिट आवासों के निर्माण को भी मंजूरी दी है जो घाटी में जम्मू कश्मीर सरकार के विभिन्न विभागों में कार्यरत है या कार्य करेंगे। राय ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा, पीएमडीपी, 2015 के तहत कश्मीरी प्रवासियों को 2,693 सरकारी नौकरियां दी गई है। मंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर सरकार ने कश्मीरी प्रवासियों की शिकायतों पर ध्यान देने के लिए 7 सितंबर, 2021 को एक पोर्टल की शुरुआत की थी।

### शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता रंजीत सिंह ब्रह्मपुरा का निधन

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता और पंजाब के पूर्व मंत्री रंजीत सिंह ब्रह्मपुरा का 85 वर्ष की आयु में मंगलवार को निधन हो गया। अकाली नेता दलजीत सिंह चीमा ने कहा कि पूर्व सांसद ब्रह्मपुरा का यहां पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च में निधन हो गया।चीमा ने कहा कि ब्रह्मपुरा का अंतिम संस्कार तरनतारन में उनके पैतृक गांव ब्रह्मपुरा में बुधवार को किया जाएगा। ब्रह्मपुरा को हाल ही में शिरोमणि अकाली दल का संरक्षक नियुक्त किया गया था। अकाली दल प्रमुख बादल, पूर्व केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल और बिक्रम सिंह मजीठिया सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने ब्रह्मपुरा के निधन पर दुख व्यक्त किया। माझे दा जरनैल (माझा का जनरल) कहे जाने वाले ब्रह्मपुरा चार बार विधायक रहे और उन्होंने 2014 से 2019 तक खडूर साहिब लोकसभा क्षेत्र का भी प्रतिनिधित्व किया था।

### गुजरात में 17 में से चार मंत्रियों के खिलाफ आपराधिक मामले, 16 मंत्री करोड़पति

**अहमदाबाद।** गुजरात में नवगठित भाजपा सरकार के 17 में से चार मंत्रियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। चुनाव सुधारों के लिए काम करने वाली एडीआर की रिपोर्ट में कहा गया है कि मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल सहित कम से कम 16 मंत्री करोड़पति हैं, या उनके पास एक करोड़ रुपए या उससे अधिक की संपत्ति है। गुजरात विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रचंड जीत के बाद सोमवार को नए मंत्रिपरिषद ने शपथ ली। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, मत्स्य पालन और पशुपालन राज्य मंत्री पुरुषोत्तम सोलंकी पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 420 के तहत धोखाधड़ी के दो आरोप हैं, धारा 467 के तहत महत्वपूर्ण सुरक्षा की जालसाजी का एक आरोप है, जबकि धारा 465 के तहत भी जालसाजी का आरोप है।रिपोर्ट के मुताबिक, तीन अन्य मंत्रियों - हर्ष सांघवी, ऋषिकेश पटेल और राघवजी पटेल - पर आईपीसी की धारा 188 के तहत लोक सेवक के आदेश की अवज्ञा करने और धारा 500 के तहत मानहानि जैसे मामूली आरोप है।एडीआर ने कहा कि यह रिपोर्ट विधायकों के शपथपत्रों पर आधारित है। रिपोर्ट के मुताबिक, सर्वाधिक घोषित संपत्ति वाले मंत्री बलवंत सिंह राजपूत हैं। वह 372.65 करोड़ रुपए की संपत्ति के मालिक हैं। वही, बच्चूभाई खबाद के पास सबसे कम 92.85 लाख रुपए की संपत्ति है।

### सामाजिक पहचान ने दाऊद इब्राहिम को शैतान बना दिया: मुंबई पुलिस के पूर्व आयुक्त

**मुंबई।** मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त एम.एन. सिंह ने कहा है कि अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम इसलिए शैतान बना क्योंकि उसे सामाजिक पहचान दी गई और अच्छे लोग उसके साथ मेलजोल रखते थे। सिंह ने आरोप लगाया कि राजनेता अपराधियों का इस्तेमाल इसलिए करते है क्योंकि उन्हे लगता है कि समाज पर अपराधियों की पकड़ है। सिंह ने दावा किया कि पुलिस बल में राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण कुछ अधिकारी बेईमान हो जाते हैं। उन्होंने 2021 के एंटीलिया बम कांड को एक शर्मनाक घटना करार दिया, जिसमें मुंबई के कुछ पुलिस अधिकारी कथित रूप से शामिल थे। मई 2000 से दिसंबर 2002 तक मुंबई पुलिस का नेतृत्व करने वाले भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी सोमवार को मुंबई प्रेस क्लब में पत्रकार जितेंद्र दीक्षित की पुस्तक बॉम्बे आफ्टर अयोध्या के विमोचन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सिंह ने दावा किया, दाऊद इब्राहिम इसलिए शैतान बना क्योंकि उसे सामाजिक पहचान दी गई। अच्छे लोग उसके साथ मेलजोल रखते थे। वे दाऊद के साथ देखे जाने पर अच्छा महसूस करते थे। कई बिल्डरों और फिल्म निर्माताओं ने कुख्यात अपराधियों को वेतन पर रखा था। उन्होंने दावा किया, राजनेता अपराधियों का इस्तेमाल इसलिए करते है क्योंकि उन्हें लगता है कि समाज पर अपराधियों की पकड़ है और वे वोट प्राप्त कर सकते हैं। इसमें पुलिस क्या कर सकती है। नेता तभी जागते है जब बात उनके गिरेबां तक आती है।

### भारत सौम्य ताकत के तौर पर उभरा है : किरेन रीजीजू

**नई दिल्ली।** विधि मंत्री किरेन रीजीजू ने मंगलवार को कहा कि भारत में पिछले आठ साल में अभूतपूर्व सांस्कृतिक पुररुद्धार हुआ है और वह सौम्य ताकत के तौर पर उभरा है। उन्होंने कहा कि लोग बुनियादी ढांचे के विकास, विज्ञान और रक्षा आदि पर अधिक ध्यान देते हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों के कारण देश में हुए सांस्कृतिक पुररुद्धार को भूल जाते हैं। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा कि समय आ गया है कि हम सांस्कृतिक पुनरुद्धार पर ध्यान दें, जो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सत्ता में आने के बाद पिछले आठ वर्षों में अभूतपूर्व रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों को सांस्कृतिक रूप से जोड़ने का प्रयास कर रही है और काशी तमिल संगमम कार्यक्रम इसका एक उदाहरण है। काशी तमिल संगमम , तमिलनाडु और वाराणसी के बीच सदियों पुराने संबंधों का जश्न मनाने और उन्हें पुनर्जीवित करने से जुड़ा एक कार्यक्रम है।

# मोरक्को पर नकेल कसने को तैयार फ्रांस

## दूसरा सेमीफाइनल आज

भाषा। दोहा

**फुटबॉल के** महासमर में कदम दर कदम शहसवारों को मात देती आई मोरक्को की टीम के सामने विश्व कप सेमीफाइनल में गत चैम्पियन फ्रांस की चुनौती है और इस तिलिस्म को तोड़ना उसके लिए कतई आसान नहीं होगा। ग्रुप चरण में दूसरी रैंकिंग वाली बेल्जियम के बाद यूरोपीय दिग्गज स्पेन और पुर्तगाल को नॉकआउट चरण में हराने वाली मोरक्को टीम ने अपने देश के फुटबॉल का सबसे सुनहरा अध्याय लिखा है। विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली अफ्रीका की पहली टीम मोरक्को पर 1912 से 1956 के बीच फ्रांस का शासन रहा है लिहाजा इस मैच की सांस्कृतिक और राजनीतिक पृष्ठभूमि भी है। फ्रांस के पास काइलियान एमबाप्पे जैसा स्टार स्ट्राइकर है जो लियोनेल मेस्सी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो जैसे सितारों के दौर में अपनी चमक बिखेरने में कामयाब रहा है। इस विश्व कप में अब तक सर्वाधिक पांच गोल करके वह गोल्डन बूट की दौड़ में सबसे आगे है। फ्रांसीसी मूल के मोरक्को के कोच वालिद रेग्रागुइ ने कहा, मुझे पूछा गया था कि क्या हम विश्व कप जीत सकते हैं तो मैने कहा कि क्यो नहीं। हम सपना देख सकते हैं और सपने देखने में कोई हर्ज नहीं। यूरोपीय देश ही विश्व कप जीतते आए हैं और हमने शीर्ष टीमों के खिलाफ खेला है।यह आसान नहीं था। अब हर टीम हमसे डरी हुई होगी।

दूसरी ओर इंग्लैंड के खिलाफ कठिन सेमीफाइनल मैच जीतकर यहां तक पहुंची फ्रांस के लिए मोरक्को के खिलाफ गोल करना आसान नहीं होगा। मोरक्को ने अभी तक इस विश्व कप में एक भी गोल नहीं गंवाया है।एकमात्र गोल कनाडा के खिलाफ ग्रुप चरण में आत्मघाती गोल था। फ्रांस के राष्ट्रपति एमैन्युअल मैकरोन भी यह मैच देखने अल बायत स्टेडियम पहुंच सकते हैं। मोरक्को के प्रशंसक हजारों की तादाद में यहां पहुंचे हुए हैं यानी मैदान हरे और लाल रंग से भरा होगा। फ्रांस के सेंटर बैक रफेल वराने ने कहा कि उनकी टीम आत्ममुग्धता की शिकार नहीं है और विरोधी को कतई हलके में नहीं लेगी। उन्होंने कहा , मोरक्को यहां तक तकदीर के सहारे नहीं पहुंची है। वह शानदार टीम है और हम इस जंग के लिए तैयार हैं।



### अदालत ने नेमार को धोखाधड़ी के मामले में बरी किया

**बार्सिलोना।** स्पेन की एक अदालत ने फुटबॉल स्टार नेमार के 2013 में सैंटोस से बार्सिलोना स्थानांतरित किए जाने के धोखाधड़ी से जुड़े मामले में इस ब्राजीली खिलाड़ी और उनके साथी प्रतिवादियों को बरी कर दिया।ब्राजील की कंपनी डीआईएस ने नेमार, उनके पिता तथा सैंटोस और बार्सिलोना के पूर्व प्रमुखों पर स्थानांतरण की राशि को जानबूझकर छुपाने का आरोप लगाया था ताकि उसे डीआईएस को भुगतान नहीं करना पड़े क्योंकि वह इस खिलाड़ी के खेल अधिकारों का आंशिक हकदार था। अदालत ने हालांकि मंगलवार को जारी बयान में कहा, यह साबित नहीं हुआ कि किसी तरह का गलत अनुबंध किया गया या डीआईएस को नुकसान पहुंचाने का इरादा था।

## भारत ने दृष्टिबाधित टी20 क्रिकेट विश्व कप में बांग्लादेश को सात विकेट से हराया

भाषा। कटक

**भारत ने** मंगलवार को यहां बाराबती स्टेडियम में बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर तीसरे दृष्टिबाधित टी20 क्रिकेट विश्व कप में लगातार तीसरी जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करते हुए भारतीय गेंदबाजों ने बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाजों सलमान और आबिद को शुरुआती तीन ओवर में ही पवेलियन भेज दिया। बांग्लादेश के कप्तान मोहम्मद आशिकुर रहमान और मोहम्मद आरिफ ने तीसरे विकेट के लिए 84 रन जोड़कर पारी को संवारा। आरिफ के 13वें ओवर में रन आउट होने से यह साझेदारी टूटी। उन्होंने 33 गेंद में 33 रन बनाए। रहमान का साथ देने इसके बाद तंजील उतरे और दोनों ने 61 रन की साझेदारी करके स्कोर 166 रन तक पहुंचाया। पारी की अंतिम गेंद पर विकेट गंवाने वाले रहमान ने 53 गेंद में 75 रन की पारी खेली। तंजील 20 रन बनाकर नाबाद रहे। इसके जवाब में भारत के सलामी बल्लेबाजों टी दुर्गा राव और नकुल बड़नायक ने 8.3 ओवर में 95 रन की साझेदारी करके टीम को तेज शुरुआत दिलाई। नकुल 24 गेंद में 36 रन बनाकर आउट होने वाले पहले बल्लेबाज रहे। दुर्गा राव (73) ने तेजी से रन जुटाना जारी रखा। वह 12वें ओवर में जब रिटायर आउट होकर पवेलियन लौटे तब भारत लक्ष्य से सिर्फ 15 रन दूर था। कप्तान अजय कुमार रेड्डी और सुनील रमेश ने 13.1 ओवर में भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया।

# सुपर जीत की लय कायम रखने उतरेगी भारतीय टीम



भाषा। मुंबई

**सुपर ओवर** में मिली शानदार जीत के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय महिला टीम बुधवार को यहां आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में बेहतर गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण के साथ उस लय को कायम रखने उतरेगी। नवी मुंबई में खचाखच भरे डी वाइ पाटिल स्टेडियम पर पहले दोनों मैच खेलने के बाद अब ब्रेबोर्न स्टेडियम पर मुकाबले खेले जाएंगे। रविवार के मैच में 47000 से अधिक दर्शक मैदान पर मौजूद थे और दोनों टीमों ने रोमांचक मैच की सौगात देकर उन्हें निराश नहीं किया। आस्ट्रेलिया के खिलाफ अक्सर जीत के करीब पहुंचकर घुटने टेकने वाली भारतीय टीम ने आखिरी गेंद तक जुझारूपन नहीं छोड़ा। यह जीत हालांकि अतीत की बात हो चुकी है और बल्लेबाजी कोच रिषिकेश कानिटकर ने मैच के बाद कहा था कि पांच मैचों की श्रृंखला जीतने के लिए भारत को और मेहनत करनी होगी। श्रृंखला अभी।.। से बराबरी पर है। भारत में आस्ट्रेलिया जैसी टीमों का सामना करने की क्षमता पहले से थी लेकिन लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के लिए कुछ पहलुओं पर ध्यान देना होगा। भारतीय बल्लेबाजों ने अपने काम को बखूबी अंजाम दिया लेकिन पहले दो मैचों में क्षेत्ररक्षकों और गेंदबाजों ने निराश किया। मेजबान टीम श्रृंखला में अभी तक दो ही विकेट ले सकी जो चिंता का सबब है। कैचिंग भी अपेक्षा के अनुरूप नहीं रही है। तेज गेंदबाज मेघना सिंह ने काफी रन दिए और बाएं हाथ की तेज गेंदबाज अंजलि सरवानी शुरूआती विकेट नहीं दिला सकी। पिछले छह महीने में भारत की सफल गेंदबाज रेणुका ठाकुर को भी अभी तक विकेट नहीं मिल सका है।कलाई की स्पिनर देविका वैद्य आठ साल में पहली टी20 श्रृंखला खेल रही है लेकिन गेंदबाजी में प्रभावित नहीं कर सकी। बल्लेबाजी के दौरान जरूर उन्होंने दबाव के क्षणों में चौके लगाए। यस्तिका भाटिया की गैर मौजूदगी में जेमिमा रौड्रिग्स को रन बनाने होंगे जो पहले दो मैचों में नाकाम रही। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को आक्रामक शुरूआत को अच्छी पारी में बदलना होगा।

### स्मृति आईसीसी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर बरकरार

**दुबई।** भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने मंगलवार को जारी आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग मे बल्लेबाजो की सूची मे करियर के सर्वश्रेष्ठ 741 रेटिंग अंक हासिल किए जबकि वह तीसरे स्थान पर बरकरार है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मे मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गईं स्मृति को 11 रेटिंग अंक का फायदा हुआ है। भारत ने दूसरा मैच टाई रहने के बाद सुपर ओवर मे जीत दर्ज की।भारत के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला के शुरूआती दो मैच मे शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की ताहलिया मैक्ग्रा दुनिया की नंबर एक बल्लेबाज बन गई है। आईसीसी के अनुसार 27 साल की ताहलिया 40 और 70 रन की पारियों की बदौलत महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग मे शीर्ष पर पहुंचने वाली ऑस्ट्रेलिया की दूसरी और कुल 12वीं बल्लेबाज बनी। उन्होंने तीन स्थान की छलांग लगाते हुए हमवतन मेग लेनिंग और बेथ मूनी के अलावा स्मृति को पछाड़ा।मूनी इस साल तीन अगस्त को लेनिंग को पछाड़कर दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी बनने के बाद से शीर्ष पर थी। ताहलिया सिर्फ 16 मैच खेलने के बाद दुनिया की नंबर एक बल्लेबाज बन गई है। इससे पहले 2010 में वेस्टइंडीज की स्टेफनी टेलर सिर्फ 15 मैच खेलने के बाद दुनिया की नंबर एक बल्लेबाज बनी थी। हाल के वर्षो मे शीर्ष पर पहुंचने के लिए भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने सबसे कम समय लिया था। शेफाली ने 18 मैच मे यह उपलब्धि हासिल की थी। भारत की शेफाली और जेमिमा रोड्रिग्स भी टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष 10 मे शामिल है। जेमिमा को एक स्थान का फायदा हुआ है और वह छठे स्थान पर है। गेंदबाजों की टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग मे भारत की दीप्ति शर्मा और रेणुका सिंह ठाकुर क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर बरकरार है। इंग्लैंड की लेग स्पिनर सारा ग्लेन एक स्थान के फायदा से हमवतन सोफी एक्लेस्टोन के पीछे दूसरे स्थान पर है।

### नदीम और उत्कर्ष चमके, झारखंड के खिलाफ केरल के छह विकेट पर 276 रन

**रांची।** झारखंड की शाहबाज नदीम और उत्कर्ष सिंह की स्पिन जोड़ी ने मिलकर पांच विकेट चटकाए लेकिन इसके बावजूद केरल की टीम मंगलवार को यहां रणजी ट्रॉफी क्रिकेट ग्रुप सी मैच के पहले दिन छह विकेट पर 276 रन बनाने में सफल रही। बाएं हाथ के स्पिनर नदीम (108 रन पर तीन विकेट) ने संजू सैमसन (72) और रोहन कुन्नुमल (50) सहित तीन विकेट चटकाए। ऑफ स्पिनर उत्कर्ष ने भी 43 रन देकर दो विकेट हासिल किए।

### हिमाचल ने हरियाणा को 46 रन पर ढेर किया

**रोहतक।** हिमाचल प्रदेश के तेज गेंदबाजों ने सुबह की नमी का पूरा फायदा उठा कर मंगलवार को यहां हरियाणा को रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच के पहले दिन ही 46 रन पर ढेर कर दिया। हिमाचल ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक एक विकेट पर 246 रन बनाए है और इस तरह से 200 रन की बढ़त हासिल कर ली है। उसकी तरफ से प्रशांत चोपड़ा (137) और राघव धवन (नाबाद 86) ने पहले विकेट के लिए 219 रन की मजबूत साझेदारी की।

### तलवारबाजी और बॉक्सिंग 24 और 25 को

**लखनऊ।** द्वितीय ओपन जिला स्तरीय तलवारबाजी और बॉक्सिंग का आयोजन नैना स्पोर्ट्स एंड फिटनेस क्लब के द्वारा पंजाब लॉन मालवीय नगर ऐशबागएलखनऊ में 24 व 25 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। इसमें बालक और बालिकाओं की टीमें भाग लेंगी। बॉक्सिंग में अंडर 10 ,12, 14 और 17 बालक और बालिका की टीमें भाग लेंगी और तलवारबाजी में अंडर 12,14 और 18 बालक और बालिका की टीमें भाग लेंगी। क्लब के अध्यक्ष डॉक्टर वीपीसिंह ने बताया कि जिसे भी इस टूर्नामेंट में भाग लेना है। वह 22 तारीख से पहले अपनी एंट्री जमा कर सकते है। बॉक्सिंग में सभी बच्चों का वेट 23 दिसंबर को प्रातः 9: 30 बजे से लिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए जिला बॉक्सिंग के सचिव सहदेव सिंह और नैना स्पोर्ट्स के सचिव अभिषेक सिंह कौशिक से 9919533332 या बॉक्सिंग कोच अनुप 8090000104 कुमार से संपर्क कर सकते है ।

### भारत को एशिया में शीर्ष टीम बनाने की योजना

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) भारतीय टीम को एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीम में से एक बनाने के लक्ष्य के साथ खाका तैयार कर रहा है जिसमें काम करने की संस्कृति मे आमूलचूल बदलाव की योजना है और ढुलमुल रवैया अतीत की बात होगी। पता चला है कि यह खाका अगले 25 साल के लिए तैयार किया गया है। इसमें स्पष्ट तौर पर यह नही कहा गया है कि राष्ट्रीय टीम विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर पाएगी लेकिन इस तरह के संकेत है कि इन्हें लागू करने पर ऐसा हो सकता है। इन चीजो की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, नए पदाधिकारी विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने को एकमात्र लक्ष्य के रूप में नही दिखाना चाहते। वैचारिक प्रक्रिया यह है कि अगर आप एशिया मे सर्वश्रेष्ठ टीम में शामिल है।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल क्वालीफिकेशन का दावा मजबूत करने उतरेगा भारत

## ● नजरें राहुल की कप्तानी पर, बांग्लादेश के खिलाफ शुरू हो रही दो टेस्ट की श्रृंखला आज से

भाषा। चटगांव



**लोकेश राहुल की** नेतृत्व क्षमता और बल्लेबाजी की बुधवार से यहां बांग्लादेश के खिलाफ शुरू हो रही दो टेस्ट की श्रृंखला में परीक्षा होगी जबकि इस श्रृंखला का नतीजा भारत के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की संभावना मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगा। भारत इस श्रृंखला में अपने कई अहम खिलाड़ियों बिना उतरेगा जो चोटिल हैं। भारत अभी डब्ल्यूटीसी तालिका में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बाद चौथे स्थान पर चल रहा है। टीम को अगर जून में होने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई करना है तो उसे बांग्लादेश के खिलाफ दोनों और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चारों टेस्ट जीतने होंगे। भारत अपने सफर की शुरुआत जहूर अहमद स्टेडियम में करेगा जहां की पिच पारंपरिक रूप से बल्लेबाजी की अनुकूल रहती है जबकि मैच के अंतिम दिनों को स्पिन गेंदबाजों को मदद भी मिलती है। भारत टेस्ट प्रारूप में प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा लेकिन रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और रविंद्र जडेजा की गैरमौजूदगी को टीम को नुकसान हो सकता है। बांग्लादेश इस प्रारूप में अब तक भारत को नहीं हरा पाया है। इस तरह की विकेटों पर जडेजा की गैरमौजूदगी से भारत बैकफुट पर होगा विशेषकर तब जब विरोधी टीम तीसरी या चौथी पारी में बल्लेबाजी करेगी। जडेजा-अश्विन की जोड़ी उपमहाद्वीप की पिच पर कम अनुभव रखने वाले खिलाड़ियों पर कहर बरपा सकती थी लेकिन पिछले बाएं हाथ के स्पिनर के रूप में दूसरी पसंद होने के बावजूद अक्षर ने पिछले दो सत्र में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। अगर फिट रहते हैं तो भारत की अंतिम एकादश में 10 खिलाड़ियों का चयन लगभग तय है। भारतीय थिंक टैंक में शामिल दो राहुल- कप्तान लोकेश और मुख्य कोच द्रविड़ को सबसे महत्वपूर्ण फैसला यह करना है कि टीम तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरेगी या तीसरे स्पिनर को तरजीह देगी। यह देखना होगा कि अगर भारत तीन स्पिनर के साथ उतरता है तो कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को मौका मिलेगा या फिर बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार पदार्पण करने में सफल रहेंगे। बांग्लादेश ए के खिलाफ हाल में संपन्न दो अनौपचारिक टेस्ट की श्रृंखला में सौरभ ने भारत ए के लिए 15 विकेट चटकाए थे। पिछले एक साल में राहुल अपनी कप्तानी से प्रभावित करने में काफी सफल नहीं रहे हैं।

### हम ऋषभ को कभी सलाह नहीं देते कि उसे कैसे खेलना चाहिए: गेंदबाजी कोच म्हाम्ब्रे

**चटगांव।** भारत के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने मंगलवार को कहा कि टीम प्रबंधन ऋषभ पंत को कभी अपने स्वाभाविक आक्रमक खेल को बदलने की सलाह नही देगा क्योंकि उसे अपनी भूमिका और उससे लगाई जाने वाली उम्मीदों के बारे में पता है। मौजूदा पीढ़ी के सबसे अधिक आक्रामक खिलाड़ियों में शामिल पंत ने 31 मैच में पांच टेस्ट शतक और 10 अर्धशतक जड़े है। वह इंग्लैड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसी टीम के खिलाफ शतक लगा चुके है।

## एफआईएच नेशंस कप : आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारत की नजरें जीत की हैट्रिक पर

भाषा। वेलेंशिया

**सेमीफाइनल में** जगह बना चुकी भारतीय टीम एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप में बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य जीत की हैट्रिक लगाने का होगा। दुनिया की आठवें नंबर की टीम भारत पूल बी में दोनों मैच जीत चुकी है। चिली को 3-1 से हराने के बाद उसने जापान को 2-1 से मात दी। अब उसका सामना 20वीं रैंकिंग वाली दक्षिण अफ्रीका टीम से है। दक्षिण अफ्रीका को हराने से उन्हें सेमीफाइनल में मेजबान स्पेन (सातवीं रैंकिंग) से खेलना है। भारत के अलावा स्पेन ने पूल ए से सेमीफाइनल में जगह बना ली है। आयरलैंड, इटली और कोरिया पूल ए से सेमीफाइनल में दूसरा स्थान हासिल करने की होड़ में है। वहीं पूल बी से दूसरे स्थान के लिए चिली और जापान में मुकाबला है। आठ टीमों का टूर्नामेंट भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें प्रमोशन और रेलिगेशन लागू होने वाला है। चैम्पियन को 2023-24 एफआईएच हॉकी महिला प्रो लीग में जगह मिलेगी जो अगले साल एशियाई खेलों और 2024 पेरिस ओलंपिक से पहले अहम टूर्नामेंट है।

# आईपीएल की मिनी नीलामी में 405 खिलाड़ियों पर लगेगी बोली

## ● स्टोक्स और ग्रीन पर होगी निगाहें

भाषा। नई दिल्ली

**दुनिया के शीर्ष** आलराउंडरों में से एक इंग्लैंड के बेन स्टोक्स और ऑस्ट्रेलिया के कैमरन ग्रीन 23 दिसंबर को कोच्चि में होने वाली आईपीएल की मिनी नीलामी में आकर्षण का केंद्र होंगे जिसमें 87 खाली स्थानों के लिए कुल 405 खिलाड़ियों की बोली लगाई जाएगी। इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान स्टोक्स और ऑस्ट्रेलिया के उभरते हुए खिलाड़ी ग्रीन की मूल कीमत दो करोड़ रुपए जबकि इंग्लैंड के पूर्व टेस्ट कप्तान जो रूट की मूल कीमत एक करोड़ रुपए है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने मीडिया को जारी विज्ञप्ति में कहा, कुल 405 खिलाड़ियों में से 273 खिलाड़ी भारत के और 132 खिलाड़ी विदेशों के हैं। इनमें एसोसिएट देशों के चार खिलाड़ी भी शामिल हैं। जिन खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेली है उनकी संख्या 119 है जबकि 282 ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने अभी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेली है। अधिकतम 87 स्थान खाली हैं जिनमें 30 स्थान विदेशी खिलाड़ियों के लिए हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स के पास जहां सबसे कम 7.2 करोड़ रुपए ही बचे हुए हैं वहीं सनराइजर्स हैदराबाद के पास सर्वाधिक 43.25 करोड़ रुपए तथा 13 स्थान खाली हैं। पिछले सत्र में सनराइजर्स का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था और इस बार और मजबूत टीम बनाने की कोशिश करेगा। पिछले सत्र में लचर प्रदर्शन करने वाली एक अन्य टीम पंजाब किंग्स भी मनचाहे खिलाड़ियों को खरीदने की कोशिश करेगा क्योंकि उसके पास 32.20 करोड़ रुपए की धनराशि बची है। चेन्नई सुपर किंग्स (20.45 करोड़ रुपए), लखनऊसुपर जाइंट्स (23.35 करोड़ रुपए), मुंबई इंडियंस (20.55 करोड़ रुपए), दिल्ली कैपिटल्स (19.45 करोड़ रुपए) और गत चैंपियन गुजरात टाइटन्स (19.25 करोड़ रुपए) के पास भी कुछ अच्छे खिलाड़ियों को खरीदने लायक धनराशि है। क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में गेंदबाजी ऑलराउंडर की सख्त दरकार रहती है और ऐसे में स्टोक्स और ग्रीन पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी। दो या तीन फ्रेंचाइजी टीमें पर 15 से 17 करोड़ तक का दांव लगा सकती हैं। भारत के अधिकतर खिलाड़ी किसी न किसी टीम से जुड़े हुए हैं और ऐसे में भारतीय टीम से बाहर चल रहे मयंक अग्रवाल और मनीष पांडे पर अच्छी बोली लग सकती है।

# दिल्ली 191 रन पर सिमटा, गेंदबाजों ने कराई वापसी



कर्ण शर्मा

भाषा। पुणे

**युवा यश** धुल को प्रथम श्रेणी क्रिकेट में कप्तानी के रूप में पहले मैच में कड़ा सबक मिला क्योंकि उनकी टीम दिल्ली मंगलवार को यहां महाराष्ट्र के खिलाफ रणजी ट्राफी ग्रुप बी मैच के पहले दिन 191 रन पर आउट हो गई। अनुभवी इशांत शर्मा की अगुवाई वाले गेंदबाजी आक्रमण में हालांकि दिल्ली को अच्छी वापसी दिलाई। दिल्ली ने पहले दिन ही महाराष्ट्र के पांच विकेट 80 रन पर निकाल दिए। महाराष्ट्र ने टॉस जीतकर दिल्ली को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। इसके बाद उसके तेज गेंदबाजों मनोज इंगाले (43 रन देकर पांच विकेट), राजवर्धन (58 रन देकर तीन) और अक्षय पालकर (67 रन देकर दो) ने कहर बरपाया। दिल्ली ने हालांकि अच्छी शुरुआत की थी। उसके सीनियर सलामी बल्लेबाज ध्रुव शोरे (54) और अनुज रावत (24) ने पहले विकेट के लिए 54 रन जोड़े। इंगाले ने रावत को बोल्ड करके यह साझेदारी तोड़ी। शोरे की पारी का अंत पालकर ने किया जबकि हेंगारगेकर ने नितीश राणा (14) और अंडर-19 टीम के अपने साथी धुल (40) को पवेलियन की राह दिखाई। इंगाले ने वैभव (नौ) को बोल्ड करके दिल्ली को संकट में डाल दिया। इसके बाद हिम्मत (49) ने कुछ आकर्षक शॉट खेले जिससे दिल्ली 200 रन के करीब पहुंचने में सफल रहा।

### तरुवर और गोस्वामी ने मिजोरम को संभाला

नदिया। तरुवर कोहली (123) और श्रीवत्स गोस्वामी (74) की उपयोगी पारियों से मिजोरम ने मेघालय के खिलाफ शुरुआती झटकों से उबर कर रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप मैच में मंगलवार को यहां अपनी पहली पारी में 252 रन बनाए। मेघालय की तरफ से राजेश बिश्नोई ने 62 रन देकर चार जबकि अभिषेक कुमार और आकाश चौधरी ने दो-दो विकेट लिए।

### उत्तर प्रदेश को पहली पारी में 198 रन पर आउट

उधर कोलकाता में ईशान पोरल (35 रन देकर पांच) की शानदार गेंदबाजी से बंगाल ने उत्तर प्रदेश को पहली पारी में 198 रन पर आउट कर दिया। उत्तर प्रदेश की तरफ से रिंकू सिंह ने 79 और प्रियम गर्ग ने 53 रन बनाए। बंगाल की शुरुआत भी अच्छी नही रही और उसने दिन का खेल समाप्त होने तक चार विकेट पर 29 रन बनाए है। उत्तर प्रदेश की तरफ से शिवम मावी ने 14 रन देकर तीन विकेट लिए है। सोविमा मे नागालैंड ने उत्तराखंड को 282 रन पर आउट किया। उत्तराखंड की तरफ से कुणाल चंदेला ने 92 जबकि दीक्षांशु नेगी ने 83 रन बनाए। नागालैंड ने दिन का खेल समाप्त होने के समय बिना किसी नुकसान के नौ रन बनाए थे। ग्रुप ए के ही कटक मे खेले जा रहे एक मैच मे ओडिशा ने बड़ौदा के खिलाफ पांच विकेट पर 214 रन बनाए है।

### कर्ण शर्मा को आठ विकेट

**नागपुर।** रेलवे के लेग स्पिनर कर्ण शर्मा ने आठ विकेट चटकाए लेकिन इसके बावजूद विदर्भ की टीम रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच के पहले दिन कप्तान फैज फजल के शतक की बदौलत 213 रन बनाने मे सफल रही। कप्तान फजल (112 रन, 219 गेंद) ने एक छोर संभाले रखा लेकिन विदर्भ के अन्य बल्लेबाजो के पास कर्ण (38 रन पर आठ विकेट) की फिरकी का कोई जवाब नही था।

## लविवि में शुरू हुआ खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का महाकुंभ संस्कृति सुरभि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में मंगलवार से खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का महाकुंभ संस्कृति सुरभि के 12वें संस्करण की शुरूआत हुई। कार्यक्रम में विभिन्न कालेज के प्रिंसिपल, डीन और प्रोफेसर उपस्थित रहे। शुभारंभ के मौके पर डीन विधि संकाय प्रोफेसर बीडी सिंह ने बच्चों एवं उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल ही मानव शक्ति और बुद्धि का अर्थ हमे समझाते है, तभी तो प्रतिभागी बड़े से बड़े लक्ष्यों को पाने में समर्थ होते हैं। उन्होंने खेलो को जिंदगी का अभिन्न अंग बताया और कहा कि खेल ही एक ऐसा माध्यम है जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो पाता है। प्रो बी डी सिंह ने प्रतिभागियों के प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने एवं बेहतर बनने का संदेश दिया। 5 दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम के प्रथम दिवस में दौड़, एकल गायन, एकल नृत्य, शतरंज, कैरम, वालीबाल, बास्केटबॉल सहित 12 से अधिक प्रतियोगिताएं सफलता पूर्वक आयोजित की गई।



# तनुश्री व ओम को मिश्रित युगल खिताब

### उपमुख्यमंत्री एवं राज्यमंत्री ने किया सम्मानित



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 17वीं जूनियर नेशनल साफ्ट टेनिस चैंपियनशिप में खेलने आई तमिलनाडु उत्तरप्रदेश एवं गुजरात के खिलाड़ियों से अपने आवास पर आमंत्रित किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को मिष्ठान खिलाकर एवं अंगवस्त्र भेंटकर खिलाड़ियों के साथ उनके खेल कौशल्य को लेकर उत्साहित चर्चा की। उन्होंने ये भी कहा कि प्रदेश सरकार लगातार खेल व खिलाड़ियों के लिए प्रभावी ढंग से आयोजनों के क्रियान्वयन को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता को सफलता के साथ आयोजित करने के लिए चेयरमैन अभिषेक कौशिक व आयोजन समिति कीपूरी टीम की सराहना करते हुए बधाई दी।

**लखनऊ ।** चंडीगढ़ के आर्यन ठाकुर व तमिलनाडु की रागाश्री ने 17वीं जूनियर नेशनल साफ्ट टेनिस चैंपियनशिप में टाईब्रेकर तक चले रोमांचक मुकाबले में जीत के साथ क्रमश बालक व बालिका एकल में विजेता होने का गौरव हासिल किया। बालक युगल में बिहार के अंकित कुमार व नितिश कुमार चैंपियन बने। गोमतीनगर विजयंत खंड स्टेडियम के टेनिस कोर्ट पर खेले जा रहे मुकाबलों में मिश्रित युगल में उत्तर प्रदेश की तनुश्री पाण्डेय व ओम यादव की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता। इस जोड़ी ने फाइनल में तमिलनाडु की रागाश्री व गोकुलनाथ को 3-1 से हराया। बालिका एकल में उत्तर प्रदेश की तनुश्री पाण्डेय उपविजेता रही। उत्तर प्रदेश के प्रणव को बालक एकल में कांस्य पदक मिला। बालक एकल के फाइनल में चंडीगढ़ के आर्यन ठाकुर ने तमिलनाडु के शिव प्रकाश को टाईब्रेकर में हराकर खिताब जीता। बालिका एकल के फाइनल में तमिलनाडु की रागाश्री ने यूपी की तनुश्री पाण्डेय को टाईब्रेकर में हराकर स्वर्ण पदक जीता। बालक युगल के फाइनल में बिहार के अंकित कुमार व नितिश कुमार ने चंडीगढ़ के आर्यन व करनवीर को हराकर युगल विजेता बने। चैंपियनशिप के आज समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में यूपी के अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ व हज राज्य मंत्री दानिश आजाद प्रदेश महामंत्री भाजपा व एमएलसी अनूप गुप्ता, भाजपा के प्रदेश मंत्री संजय राय ने पुरस्कार वितरित किए।

### फिडे मास्टर अरविंदर प्रीत सिंह एमसीडी रैपिड शतरंज ओपन चैंपियनए ऐमन अख्तर सर्वश्रेष्ठ महिला



**लखनऊ ।** लुधियाना के फि डे मास्टर अरविंदर प्रीत सिंह ने अखिल भारतीय माई चेस ड्रीम्स रैपिड शतरंज ओपन टूर्नामेंट का खिताब बेहतर टाईब्रेक स्कोर के चले जीत लिया। साल 2018 वर्ल्ड एमेच्योर चैंपियन अरविंदर प्रीत ने पूरी चैंपियनशिप में सिर्फ लखनऊ के अंचल रस्तोगी के खिलाफएक अंक गंवाया। अरविंदर प्रीत सिंह ने अंतिम राउंड में शानदार प्रदर्शन किया और 7.5 अंक हासिलकिए। दूसरी ओर अंचल रस्तोगी तीसरे स्थान पर रहे। शतरंज क्लब ब्लैक एंड व्हाइट द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में अंचल रस्तोगी ने अंतिम राउंड में दो प्यादो के सहारे जीत हासिल की लेकिन टाईब्रेक स्कोर में कानपुर के विवेक कुमार शुक्ला से पिछड़ कर तीसरे स्थान पर रहे। विवेक शुक्ला ने कई शीर्ष खिलाड़ियों को मात दी और उन्हें दूसरा स्थान मिला। वेटरन में केके खरे आधे अंक की बढ़त के साथ पहले स्थान पर रहे। वहीं बहराइच के कमर नईम व लखनऊ के मोहम्मद असलम तीसरे स्थान पर रहे। बच्चों की श्रेणी में अंडर.9 आयु वर्ग में इलाहाबाद के सात वर्षीय मोहम्मद इस्माइल सिद्दीकी शानदार प्रदर्शन के साथ सर्वाधिक पांच अंक जुटाकर पहले स्थान पर रहे।